

विदेशी मेट्रो परियोजनाओं के लिए डीएमआरसी ने बनाई नई कंपनी - 12



सेंसेक्स 1,097 अंक लुढ़का पांच दिन में 4 प्रतिशत गिरावट - 12



नेपाल चुनाव : भारी बहुमत की ओर बढ़ी बालेंद्र की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी - 13



मानसिक रूप से मजबूत संजू सैमसन अब हो चुका परिपक्व : रवि शास्त्री - 14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.34
सूर्यास्त 06.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी 07:17 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 7 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 338, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारतीय कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की जरूरत : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- किसान भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों का लाभ उठाएं

- वेब गोष्ठी के जरिए किसानों को किया संबोधित, कहा- कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और ब्रांडिंग पर काम करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को किसानों से भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों का लाभ उठाने और उच्च मूल्य वाली फसलों की पैदावार बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने पर देश के कृषि उत्पाद वैश्विक बाजारों में प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। कृषि और ग्रामीण परिवर्तन पर बजट के बाद आयोजित एक वेब गोष्ठी को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारतीय कृषि उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मानकों के सभी पहलुओं पर काम करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि विशेषज्ञों, उद्योग और किसानों को एक साथ आना होगा। प्रधानमंत्री ने बजट के बाद अपनी तीसरी वेब गोष्ठी में कहा, आज दुनिया के बाजार खुल रहे हैं और वैश्विक मांग बदल रही है। कृषि को निर्यातोन्मुख बनाने पर अधिक चर्चा करना आवश्यक है। हमारे पास विविध जलवायु है और हमें इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। हम कृषि-जलवायु क्षेत्रों के मामले में समृद्ध हैं। मोदी ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में काजू, कोको और चंदन सहित उच्च मूल्य वाली कृषि पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सभी कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, यदि हम उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ाते हैं, तभी हम अपनी खेती को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल सकते हैं। मोदी ने कहा, अगर हम उच्च मूल्य वाली खेती को मिलकर आगे बढ़ाते हैं, तो यह कृषि को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल देगा।

मत्स्य पालन क्षेत्र पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक है, जहां हमारे विभिन्न जलाशयों और तालाबों में लगभग 4.5 लाख टन मछली का उत्पादन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इसमें 20 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने समुद्र से जुड़ी नीली अर्थव्यवस्था की क्षमता को उजागर करने के लिए हैचरी, चारे और लॉजिस्टिक में नए कारोबारी मॉडल की जरूरत पर भी जोर दिया।



### हमें रसायन मुक्त और प्राकृतिक खेती पर जोर देने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक हो रही है और समग्र स्वास्थ्य सेवा तथा जैविक भोजन पर उनका विशेष ध्यान है। उन्होंने कहा, हमें रसायन मुक्त और प्राकृतिक खेती पर अधिक जोर देना चाहिए। प्राकृतिक खेती दुनिया भर के बाजारों तक पहुंचने का रास्ता बनाती है। मोदी ने कहा कि कृषि भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का एक रणनीतिक स्तंभ है, और सरकार ने कृषि क्षेत्र को लगातार मजबूत किया है। उन्होंने कहा, लगभग 10 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं। उन्होंने पूर्वोत्तर में अगरवुड और हिमालयी राज्यों में शीतोष्ण फलों को बढ़ावा देने के बजट प्रस्ताव पर भी प्रकाश डाला।

# ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने तक कोई समझौता नहीं होगा : ट्रंप

वॉशिंगटन/तेहरान, एजेंसी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में संघर्ष को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ बातचीत की संभावना को खारिज कर दिया हैं। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि ईरान के बिना शर्त आत्मसमर्पण करने तक उसके साथ कोई समझौता नहीं होगा।

ट्रंप ने कहा, उसके बाद, और एक महान एवं स्वीकार्य नेता के चयन के बाद, हम तथा हमारे कई अद्भुत और बहादुर सहयोगी एवं साझेदार ईरान को विनाश के कगार से वापस लाने के लिए अथक प्रयास करेंगे और इसे आर्थिक रूप से पहले से कहीं अधिक बड़ा, बेहतर एवं मजबूत बनाएंगे।

वहीं, अमेरिका-इजराइल के साझा सैन्य अभियान के सातवें दिन तेहरान सहित ईरान के कई अन्य शहरों पर भीषण हवाई हमले जारी रहे। ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलों की 22वीं खेप दागी। ईरान ने कुवैत में भी अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हमला बोला और सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाया। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने चेतावनी दी है कि बमबारी और तेज की जाएगी। ईरान ने भी इजराइल पर बड़ा जवाबी हमला किया है। ईरान ने तेल अवीव के ठिकानों को निशाना बनाते हुए बड़ी संख्या में यूएवी (ड्रोन) और खैबर मिसाइलें दागी हैं। अमेरिका ने ईरान के शिराज शहर पर मिसाइल हमले किए जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई।



- पश्चिम एशिया में जंग तेज...ईरान ने इजराइल पर मिसाइलों की 22वीं खेप दागी
- इजराइल और अमेरिका ने ईरान के शिराज शहर पर किए हमले

### भारतीय नौसेना की ओर से ईरानी युद्धपोत के बारे में खुफिया जानकारी देने संबंधी दावे निराधार

**नई दिल्ली।** सरकार के शीर्ष सूत्रों ने उन दावों को निराधार और हास्यास्पद बताया कि भारतीय नौसेना ने दो दिन पहले अमेरिकी सैन्य पनडुब्बी द्वारा डुबोए गए ईरानी युद्धपोत के बारे में अमेरिका को खुफिया जानकारी प्रदान की थी। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अमेरिका को कोई भी जानकारी देने का सवाल ही नहीं उठता और ये दावे पूरी तरह निराधार हैं। अमेरिका ने बुधवार को श्रीलंका के तट पर ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया, जिससे ईरान की ओर से तीखी प्रतिक्रिया हुई। ईरान का फ्रिगेट आईरिस देना भारत द्वारा आयोजित बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास मिलन में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी नाविकों की मौत हो गई। यह घटना फारस की खाड़ी के बाहर अमेरिका-ईरान संघर्ष के एक बड़े विस्तार के रूप में देखी जा रही है।

### ईरान ने निहत्थे जहाज पर अमेरिकी हमले की निंदा की

नई दिल्ली। अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा श्रीलंका के तट के पास एक ईरानी युद्धपोत को डुबोए जाने के दो दिन बाद ईरान ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि निहत्थे जहाज पर हमले की सजा जरूर दी जाएगी। ईरान का फ्रिगेट आईआरआईएस देना भारत द्वारा आयोजित बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास मिलन में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। भारत यात्रा पर आए ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने कहा कि आईआरआईएस देना युद्ध की स्थिति में नहीं था और मिलन नौसैनिक अभ्यास से लौट रहा था। उन्होंने कहा कि अमेरिका की यह कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। वह जहाज हमारे भारतीय मित्रों के निमंत्रण पर एक अंतर्राष्ट्रीय अभ्यास में शामिल हुआ था।

## ब्रीफ न्यूज

### धोखाधड़ी पर रियल एस्टेट कंपनी की 200 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने घर खरीदारों से कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन जांच के तहत दिल्ली स्थित रियल एस्टेट कंपनी टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की 200 करोड़ रुपये से अधिक की नई अचल संपत्तियां कुर्क की है। अस्थायी रूप से कुर्क की गई संपत्तियों में हरियाणा के सोनीपत जिले के कामासपुर में स्थित 8.3 एकड़ जमीन और व्यावसायिक इकाइयां शामिल हैं। उसने कहा कि ये संपत्तियां टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (पूर्व में इंटाइम प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड) और उसकी सहयोगी कंपनियों के स्वामित्व में हैं। उसने कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 206.4 करोड़ रुपये आंका गया है।

### गाजियाबाद सबसे प्रदूषित, नोएडा-दिल्ली दूसरे-तीसरे नंबर पर

**नई दिल्ली।** वर्ष 2025-26 की सर्दियों के दौरान गाजियाबाद भारत का सबसे प्रदूषित शहर रहा, जिसके बाद नोएडा और दिल्ली का स्थान था। यह बात 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) द्वारा किए गए वायु गुणवत्ता विश्लेषण में कही गई है। पर्याप्त निगरानी डेटा वाले 238 भारतीय शहरों में से 204 शहरों में सर्दियों में पीएम2.5 की औसत सांद्रता भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) से ऊपर दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के 173 शहरों से अधिक है।


# अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीद के लिए 30 दिन की छूट दी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरी कंपनियों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी रूप से 30 दिनों की छूट दी है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के ऊर्जा एजेंडे के कारण तेल व गैस का उत्पादन अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति जारी रखने के लिए वित्त मंत्रालय भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए अस्थायी रूप से छूट दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह सोच-समझकर उठाया गया अल्पकालिक कदम है और इससे रूसी सरकार को कोई बड़ा वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा, क्योंकि यह केवल तेल के उन लेनदेन को अधिकृत करता है जो पहले से समुद्र में फंसे हुए तेल से जुड़े हैं। बेसेंट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत-अमेरिका का एक महत्वपूर्ण साझेदार है और हमें पूरी उम्मीद है कि नई दिल्ली अमेरिकी तेल की खरीद बढ़ाएगा।

यह अस्थायी कदम ईरान द्वारा वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को अवरुद्ध करने की कोशिश से पैदा हुए दबाव को कम करेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। अमेरिकी प्रशासन का कहना था कि नई दिल्ली द्वारा तेल की खरीद यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को बढ़ावा देने में मदद कर रही है। पिछले महीने अमेरिका और भारत ने घोषणा की थी कि दोनों देशों के बीच व्यापार पर एक अंतरिम समझौते के लिए एक रूपरेखा तय हो गई है। इसके बाद ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा दिया और यह भी कहा कि नई दिल्ली ने मॉस्को से ऊर्जा आयात बंद करने एवं अमेरिकी ऊर्जा उत्पादों की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है।



- वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा- सोच-समझकर उठाया गया अल्पकालिक कदम

### अमेरिकी छूट के बाद भारतीय कंपनियों ने दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीदा




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से तेल आपूर्ति बाधित होने के बीच भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने अमेरिका से मिली 30 दिन की अस्थायी छूट का फायदा उठाते हुए समुद्र में फंसे रूसी कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी। सूत्रों ने कहा कि भारतीय रिफाइनरों ने लगभग दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीद लिया है, जो अधिकतर गैर-प्रतिबंधित इकाइयों से लिया गया है। रिफाइनिंग कंपनियां इस बारे में कानूनी राय भी ले रही हैं कि क्या अमेरिकी छूट के तहत प्रतिबंधित संस्थाओं से भी खरीद की अनुमति है या नहीं। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

# यूपीएससी में 958 उम्मीदवार सफल, अनुज अग्निहोत्री टॉप पर

नई दिल्ली, एजेंसी

यूपीएससी द्वारा शुक्रवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में एम्स से स्नातक अनुज अग्निहोत्री ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। राजेश्वरी सुवे एम और अकांश ढुल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अग्निहोत्री ने चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा में सफलता हासिल की।

उन्होंने राजस्थान के जोधपुर स्थित एम्स से एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त की है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रहने वाले अनुज ने कहा कि वह इस उपलब्धि से बेहद खुश हैं। यह एक अविश्वसनीय एहसास है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार को देते हुए कहा कि वे ही उनकी प्रेरणा के सबसे बड़े स्रोत रहे हैं। मैं यह उपलब्धि अपने परिवार को समर्पित करता हूं। चेन्नई के अन्ना विवि से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई की डिग्री प्राप्त करने वाली राजेश्वरी ने समाजशास्त्र को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर दूसरा स्थान हासिल किया। डीयू से बीकॉम की उपाधि प्राप्त करने वाले अकांश ने वाणिज्य और लेखाशास्त्र को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। राघव झुनझुनवाला और ईशान भटनागर ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया है। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2025 पिछले वर्ष 25 मई को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 9,37,876 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,76,793 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में शामिल हुए थे। मुख्य परीक्षा में कुल 14,161 उम्मीदवार सफल हुए। इनमें से 2,736 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए चुने गए।



अनुज अग्निहोत्री

- सिविल सर्विस 2025 का परिणाम जारी
- दूसरे नंबर पर राजेश्वरी का कब्जा
- शीर्ष 25 में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल

### बरेली की सुरभि यादव ने हासिल की 14वीं रैंक



**बरेली।** सिविल सेवा परीक्षा में बरेली की सुरभि यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 14वीं रैंक हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे बरेली जिले में खुशी की लहर है। सुरभि ने अपनी 10वीं की पढ़ाई एसआर इंटरनेशनल स्कूल से और 12वीं की शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली से पूरी की। इसके बाद वह उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली चली गईं, जहां उन्होंने लेडी श्रीराम कॉलेज से इतिहास (ऑनर्स) में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। जामिया मिलिया से परास्नातक किया। सुरभि अपनी सफलता का श्रेय पिता राकेश सिंह को देती हैं। पिता पुलिस सेवा से जुड़े हैं।

## मुंबई और हैदराबाद में अनिल अंबानी के प्रतिष्ठानों पर छापे



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के समूह की कंपनी 'रिलायंस पावर लिमिटेड' के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत मुंबई और हैदराबाद में कई स्थानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कंपनी और उसके अधिकारियों से जुड़े लगभग 10-12 ठिकानों पर दोनों शहरों में छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी की करीब 15 टीम छापेमारी की कार्रवाई कर रही हैं। ईडी, कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले के तहत अनिल अंबानी से जुड़ी कई कंपनियों की जांच कर रही है।

# असम में सुखोई-30 क्रैश, दो पायलट की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

असम के कार्बी आंगलोंग जिले में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से भारतीय वायुसेना के दो पायलट की मौत हो गई।

भारतीय वायु सेना ने रूस द्वारा निर्मित विमान के लापता होने के एक दिन बाद शुक्रवार को स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर की मौत की पुष्टि की। इस लड़ाकू विमान ने गुरुवार को प्रशिक्षण उड़ान के लिए जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरी थी और कुछ ही समय बाद यह रडार से गायब हो गया था। भारतीय वायु सेना मुख्यालय ने दुर्घटना की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने का आदेश दिया। भारतीय वायु सेना ने कहा कि दोनों पायलटों की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। अधिकारियों ने बताया था कि गुरुवार शाम सात बजकर 42 मिनट पर विमान से संपर्क टूट गया था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट दुरागकर की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

- कार्बी आंगलोंग जिले में विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त





# नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को मिला एयरोड्रम लाइसेंस

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उत्तर प्रदेश के जेवर में स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए एयरोड्रोम लाइसेंस प्रदान कर दिया है, जिससे हवाई अड्डे को विमान संचालन की अनुमति मिल गई है। एयरोड्रम लाइसेंस यह प्रमाणित करता है कि हवाई अड्डा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा और परिचालन मानकों को पूरा करता है।

यह लाइसेंस विमानों की उड़ान व लैंडिंग (वाणिज्यिक संचालन) के लिए अनिवार्य है। हवाई अड्डे का विकास उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के साथ सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। नागर विमानन मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, डीजीसीए ने जेवर में स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए वाईआईएपीएल को एयरोड्रोम लाइसेंस प्रदान कर दिया है। पहले चरण में एक रनवे और एक टर्मिनल के साथ हवाई अड्डा सालाना लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा। सभी चरणों के पूर्ण होने पर यह हवाई अड्डा सालाना सात करोड़ तक यात्रियों को संभाल सकता है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि नोएडा हवाई अड्डे का विकास राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पश्चिमी उप्र की हवाई पहुंच को मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम है।



- हवाई अड्डे को विमान संचालन की अनुमति मिली

कार्यक्रम

लखनऊ में 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया रवाना

# विकास की पहली शर्त मजबूत कानून सुरक्षा : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस को मिली 50 क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) दोपहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन होंडा इंडिया फाउंडेशन की ओर से पुलिस विभाग को जन-सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से उपलब्ध कराए गए हैं।

शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शासन, प्रशासन और उद्योग जगत मिलकर प्रदेश के विकास और सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास की पहली शर्त सुरक्षा है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने वर्ष 2017 के बाद कानून व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन कर राज्य को सुरक्षित प्रदेश के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताई गई मॉडल पुलिसिंग की अवधारणा- इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी को ध्यान में रखते हुए राज्य में पुलिस व्यवस्था को मजबूत किया गया है।

वर्ष 2017 से पहले पुलिसकर्मियों को पर्याप्त संसाधन और आवासीय सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं, लेकिन अब प्रदेश के 55 जिलों में आधुनिक बैरक और बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।



लखनऊ में क्यूआरटी बाइक्स के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में झंडी दिखा पुलिसकर्मियों को रवाना करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### वाहन बढ़ने से रिस्पांस टाइम हुआ कम

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि वर्ष 2017 में प्रदेश में पुलिस रिस्पांस व्हीकल (पीआरवी) की संख्या करीब 9,500 थी, जो अब बढ़कर 15,500 से अधिक हो चुकी है। इसी तरह वर्ष 2017 में पुलिस विभाग के पास केवल 3,000 दोपहिया वाहन थे, जबकि आज इनकी संख्या 9,200 से ज्यादा हो गई है। इससे पुलिस का रिस्पांस टाइम कम हुआ है और आपात स्थितियों में त्वरित सहायता पहुंचाना संभव हुआ है।

### पुलिस प्रशिक्षण क्षमता अब 30 हजार

योगी ने बताया कि वर्ष 2017 में पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता केवल तीन हजार थी, जिसे बढ़ाकर अब करीब 30 हजार तक किया गया है। वर्तमान में 60,244 पुलिस कांस्टेबलों को प्रदेश के प्रशिक्षण केंद्रों में ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फॉरेंसिक जांच व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। पहले राज्य में केवल दो फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब उनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

अमृत विचार

मुरादाबाद, शनिवार,7 मार्च 2026

मुरादाबाद मंडल

# सुरभि के गांव में बधाई देने वालों का लगा तांता

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


सुरभि यादव।


पिता राकेश यादव।

- इंस्पेक्टर की पुत्री की सफलता से गांव और जिले में खुशी की लहर

**अमृत विचार:** जिले की बेटी सुरभि यादव ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 14वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। नौगांवा सादात क्षेत्र के ग्राम नसीर नगला निवासी सुरभि की इस उपलब्धि से पूरे गांव और जनपद में खुशी का माहौल है।

सुरभि यादव क्षेत्र के ग्राम नसीर नगला निवासी पुलिस विभाग में तैनात इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव की पुत्री हैं। जैसे ही उनकी यूपीएससी परीक्षा में शानदार सफलता की खबर गांव पहुंची तो परिजनों और ग्रामीणों में उत्साह की लहर दौड़ गई। लोगों ने सुरभि के घर पहुंचकर परिवार को बधाई दी। सुरभि शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उनकी इस सफलता के पीछे माता-पिता का विशेष योगदान रहा है।

उनकी मां ने बेटी को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रेरित किया। उनकी सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरा अमरोहा जनपद गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### पिता सुभाष चन्द्र गंगवार मुरादाबाद में एसपी यातायात/ अपराध के पद पर तैनात

# सृजित ने यूपीएससी की परीक्षा में हासिल की ऑल इंडिया 84वीं रैंक

- मूल रूप से शाहजहांपुर के रहने वाले हैं सृजित गंगवार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में पुलिस अधीक्षक यातायात- एसपी अपराध के पद पर कार्यरत सुभाष चंद्र गंगवार के बेटे सृजित गंगवार ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी ) की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्हें ऑल इंडिया 84वीं रैंक प्राप्त हुई है। अपनी सफलता से सृजित ने परिवार और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

मुरादाबाद में तैनात एसपी यातायात- एसपी अपराध सुभाष चंद गंगवार मूल रूप से शाहजहांपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि उनके बेटे सृजित ने पिछले वर्ष भी यूपीएससी परीक्षा में 277 रैंक हासिल की थी, इसके बाद उनका कस्टम विभाग में हुआ था, लेकिन वह इससे संतुष्ट नहीं थे। जिसके चलते दोबारा परीक्षा में बैठे। शुक्रवार को परिणाम की घोषणा पर 84वीं रैंक मिलने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुभाष चंद्र गंगवार को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और सृजित की सफलता पर गर्व व्यक्त किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने भी सृजित की सफलता को विभाग के लिए गौरव का पल बताया। कहा कि यह उपलब्धि जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्हें भी बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। एसपी यातायात ने बताया उनके दो बेटे हैं जिसमे सृजित बड़े हैं। जबकि छोटे बेटे बेंगलुरु में जॉब करते हैं।


माता पिता के साथ सृजित गंगवार। ● अमृत विचार

## बिजनौर के शगुन कौशल को मिली 145वीं रैंक

मुरादाबाद, अमृत विचार : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मूंढापांडे के प्रधानाचार्य अमर कौशल के छोटे भाई शगुन कौशल को यूपीएससी की परीक्षा में ऑल इंडिया 145वीं रैंक मिली है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार के साथ ही अन्य लोगों ने खुशी जताई है। शगुन कौशल मूल रूप से बिजनौर जिले के नजीबाबाद कस्बे के निवासी हैं। उनके पिता बीएसएनएल में अधिकारी और माता गृहिणी हैं। छोटी बहन स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी हैं। परिवार में शिक्षा और सेवा की परंपरा रही है, जिसका परिणाम शगुन कौशल की इस बड़ी सफलता के रूप में सामने आया है। यूपीएससी का परिणाम घोषित होते ही राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मूंढापांडे में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। संस्थान के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाई की सफलता पर प्रधानाचार्य को बधाई दी। उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार, मंत्री जयवीर सिंह, संयुक्त मंत्री आशीष कुमार ने प्रधानाचार्य अमर कौशल को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी और शगुन कौशल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### कैंटर से भिड़ी बाइक युवक की मौत

बिजनौर, अमृत विचार : अफ़जलगढ़ हरेवली बिरला फार्म मार्ग पर गांव मोहम्मद अलीपुर चौहड़ के समीप बाइक और आयशर कैन्टर की आमने-सामने की टक्कर में 27 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव चाहड़वाला निवासी हीरा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका भाई हरजीत सिंह उर्फ बंटी (27) शुक्रवार अफजलगढ़ आया था। करीब ढाई बजे वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। हरेवली बिरला फार्म मार्ग पर गांव मोहम्मद अलीपुर चौहड़ के पास तेज रफ्तार कैन्टर से उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में हरजीत की मौके पर ही मौत हो गई।

### दोस्त की पत्नी से दुष्कर्म का आरोपी भेजा जेल

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत अगवानपुर निवासी एक महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर के मोहल्ला तातारपुर निवासी शान पुत्र खलील अहमद ने महिला को जबरन अपनी दुकान पर बुलाया और शटर गिराकर तमंचे के बल पर उससे दुष्कर्म किया। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने तमंचा दिखाकर पति वह बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर डरा दिया पांच मार्च को महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया जिसके तुरंत बाद ही पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया।

# चाकू से हमला कर भाई ने की बहन की हत्या

### होली पर घर आए थे जुड़वा भाई-बहन, बेटी को बचाने आई मां पर भी किए वार, अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शुक्रवार दोपहर दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया
- गुरुग्राम में मल्टीनेशनल कंपनियों में साफ्टवेयर इंजीनियर थे दोनों

**अमृत विचार :** बुद्धि विहार में शुक्रवार को पारिवारिक विवाद में भाई ने बहन पर चाकू से हमला कर दिया। बीच-बचाव पर मां को भी नहीं छोड़ा। गंभीर रूप से घायल बहन की मौत हो गई, जबकि मां का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है।


मृतका हिमशिखा।

मझोला क्षेत्र के बुद्धि विहार के सेक्टर-दो में आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल के नजदीक रहने वाली नीलिमा शर्मा के बच्चे हार्दिक शर्मा और हिमशिखा जुड़वा हैं। दोनों ही बीटेक के बाद गुरुग्राम में अलग-अलग मल्टीनेशनल कंपनियों में साफ्टवेयर इंजीनियर थे। नीलिमा दिल्ली रोड स्थित एक इंश्योरेंस कंपनी में काम करती है। पिछले कुछ समय से हार्दिक स्थायी नौकरी पर नहीं था, जिसके कारण वह तनाव में था। होली पर बहन-भाई घर आए हुए थे। शुक्रवार दोपहर दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। घर के बाहर तक चीखने की आवाज सुनाई देने लगी। हार्दिक ने चाकू से बहन पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए, जिससे हिमशिखा लहूलुहान होकर फर्श पर गिर गई। इसके बाद आरोपी मां के पास पहुंचा और घटना की जानकारी दी। नीलिमा शर्मा पर रोती बिलखती घर पहुंची तो बेटी लहुलुहान हालत में मिली। मां के चीखने पर आरोपी ने उनपर भी चाकू से वार किया। जिसमें वह घायल हो गईं। इसके बाद हार्दिक कार लेकर फरार हो गया। घायल नीलिमा ने शोर मचाया तो पड़ोसी भी एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद हिमशिखा और नीलिमा शर्मा को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने हिमशिखा को मृत घोषित कर दिया, जबकि नीलिमा की हालत गंभीर है। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने घायल से बात की। अभी तक झगड़े का कारण सामने नहीं आया है। शव पोस्टमार्टम को भिजवा दिया गया।


घायल नीलिमा शर्मा से जानकारी लेते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह।


बुद्धि बिहार स्थित घर पर जांच करती फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार

### पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज

पुलिस ने घटनास्थल की जांच के साथ आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले, ताकि कि घटना से संबंधित कोई वजह और हार्दिक के भागने की जानकारी मिल सके। पड़ोसियों से भी पूछताछ की जा रही है। पड़ोसियों के अनुसार परिवार के लोग शांत स्वभाव के थे। दोनों ही बहन भाई का स्वभाव भी मिलनसार था और विवादों से दूर रहते थे। पता नहीं अचानक से ऐसा क्या हुआ भाई ने बहन ही जान ही ले ली।

> हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मझोला पुलिस और एसओजी की दो टीमों को लगाया गया है। – रणविजय सिंह, एसपी सिटी

# रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत, बेटा घायल

संवाददाता, बिलासपुर

- नैनीताल हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना

**अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान पिता की मौत हो गई, जबकि बेटे का उपचार जारी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।


मृतक नारायण दास।

वार्ड नंबर 29 सुभाष कालोनी रुद्रपुर उत्तराखंड निवासी नारायण दास(58) गुरुवार की देर रात बेटे जयप्रकाश के साथ बाइक से रुद्रपुर वापस लौट रहे थे। परिजनों ने बताया कि गांव कौशलगंज के पास नैनीताल हाईवे पर उत्तराखंड के हल्द्वानी डिपो के बस चालक ने लापरवाही से बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही मौके पर आस-पास के लोगों समेत राहगीरों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। दुर्घटना की सूचना पर रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी चंद्रवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बाद में घायलों को उपचार के लिए रुद्रपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां नारायण दास की मौत हो गई। जबकि घायल जयप्रकाश का उपचार जारी है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मृतक नारायणदास के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर प्राप्त होने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।


बिलासपुर में कोतवाली के बाहर खड़ी दुर्घटनाग्रस्त बस।

# पीपली वन में तस्करों व वन कर्मियों में मुठभेड़

संवाददाता, स्वार

- गुरुवार देर रात पचास से अधिक कीमती पेड़ काटे, वनकर्मियों को हटना पड़ा पीछे

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के थाना मिलकखानम स्थित पीपली वन में प्रतिबंधित पेड़ों की कटान थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार की रात वन तस्करों ने वन विभाग को चुनौती देते हुए पचास से अधिक कीमती और प्रतिबंधित पेड़ काट डाले। इस दौरान वन कर्मियों और वन तस्करों के बीच दो बार मुठभेड़ भी हुई। लेकिन दोनों ही बार तस्कर भारी पड़ते नजर आए और वन कर्मियों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

बुधवार रात करीब दो दर्जन से अधिक वन तस्कर पीपली वन में घुस आए और खैर, सागौन व शीशम जैसे कीमती पेड़ों पर आरी चला दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची भी लेकिन तस्करों की संख्या अधिक होने के कारण वन कर्मियों को उन्हें रोकने में सफलता नहीं मिल सकी। बताया जाता है कि दो बार आमना सामना होने के बावजूद तस्करों ने वन कर्मियों को खदेड़ दिया और आराम से पेड़ों को काटकर फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि जहां ग्रामीण और स्थानीय लोग पचास से अधिक पेड़ों के कटान की बात कर रहे हैं। वहीं वन विभाग के अधिकारी नाकामी छिपाने के लिए केवल दो पेड़ों के कटान की पुष्टि कर रहे हैं।


पीपली वन में पेड़ काटने के बाद मौजूद जड़।

पीपली वन में पिछले कई दशकों से खैर, सागौन और शीशम जैसे प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान लगातार जारी है। वन माफिया रात के अंधेरे में बेखौफ होकर पेड़ों को काटते हैं, लेकिन वन विभाग के अधिकारी इस पर प्रभावी अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। हालांकि इससे पहले भी कटान न रोक पाने और वन तस्करों से सांठगांठ के आरोपों के चलते दो वन रेंजर, एक डिप्टी रेंजर और कई वन कर्मियों को निलंबित किया जा चुका है। लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। लगातार हो रहे कटान से पीपली वन का अस्तित्व धीरे धीरे सिमटता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वन विभाग ने समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए तो आने वाले वर्षों में यह वन क्षेत्र पूरी तरह उजड़ सकता है।

# दूध पीते समय फंदा लगने से दो माह की बच्ची की मौत

**शाहबाद, अमृत विचार:** मोहल्ला वेदान में बुधवार को दो माह की बच्ची की दूध पीते समय फंदा लगने से मौत हो गई। बच्ची स्कूल प्रबंधक शावेज हुसैन उर्फ छोटे अहमद की नवासी थी। शावेज हुसैन की भतीजी का विवाह मिलक में हुआ था और वह बेटी के साथ मायके में पिता के पास रह रही थी। वह उनके भतीजी की बेटी थी। बच्ची की आहार नली में गांठ थी, जिसका इलाज मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। बुधवार को दूध पीते समय अचानक उसे फंदा लग गया, जिससे उसकी सांस रुक गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पिता शव मिलक ले गए, जहां सुपुर्द ए खाक किया गया।


मृतका बच्ची।

# कार बनी आग का गोला, लोगों ने कूदकर बचाई जान


कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- शाहजहांपुर के रहने वाले सुधीर के साथ के साथ हुआ हादसा

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार एक ही परिवार के आठ लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। हालांकि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी कार जलकर राख हो गई। सूचना पर पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम पहुंची, आग पर काबू पाया गया।

यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे जोया ब्लॉक क्षेत्र के गांव चोधपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। शाहजहांपुर निवासी सुधीर कुमार अपने परिवार के आठ सदस्यों के साथ कार से नोएडा जा रहे थे। बताया जा रहा है कि परिवार एक समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकला था। सुधीर कुमार के अनुसार जैसे ही उनकी कार चोधपुर गांव के पास पहुंची, अचानक कार की तेल की टंकी की ओर से चिंगारी निकलती दिखाई दी। कुछ ही पलों में चिंगारी ने आग का रूप ले लिया और कार में धुआं भरने लगा। यह देख कार सवारों में चीख-पुकार मच गई। हाइवे पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए कार को रुकवाया और उसमें सवार सभी लोगों को बाहर निकालने में मदद की। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी और उसमें रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलने पर डिडौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग पूरी कार को अपनी चपेट में ले चुकी थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। डिडौली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार बालियान ने बताया कि हाईवे पर कार में अचानक आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची थी। कार में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने से कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई है।


जली कार को देखते लोग। ● अमृत विचार


जलती हुई कार। ● अमृत विचार

# देव को मिली 152वीं रैंक

संवाददाता,चंदौसी

- चंदौसी के देव डुडेजा को दूसरी बार में मिली सफलता

**अमृत विचार:** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा-2025 का अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित हुआ, जिसमें चंदौसी के गणेश कॉलोनी निवासी देव डुडेजा ने 152वीं रैंक प्राप्त कर शहर और परिवार का नाम रोशन किया है। देव की कामयाबी पर परिवार व मोहल्ले में जश्न का माहौल है।


देव डुडेजा

कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास के दम पर देव डुडेजा ने दूसरी बार में इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल की। देव की प्रारंभिक शिक्षा आरआरके स्कूल चंदौसी से हुई, जहां से उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट पास किया। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातक और परास्नातक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य तय कर लिया था और उसी दिशा में लगातार तैयारी करते रहे। देव के पिता इंद्र मोहन डुडेजा एसएम डिग्री कॉलेज के सामने कई वर्षों से चाय की कैंटीन चलाते हैं, जबकि उनकी माता चंद्रप्रभा शिक्षिका हैं। देव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया। परिणाम घोषित होते ही परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों व शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर देव को बधाई दी। चंदौसी और जनपद संभल में गर्व का माहौल है।

**शख्सियत** — डिलारी ब्लॉक के ग्राम झटपुरा की लक्ष्मी चौहान ने किया संघर्ष से सफलता का सफर

# दोना-पत्तल के कारोबार से लखपति दीदी बनी लक्ष्मी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 10 महिलाओं के साथ बनाया समूह, पिछले साल पाया सम्मान

**अमृत विचार :** कहते हैं कि हुनर को किसी का साथ मिल जाए तो वह निखरता जरूर है। ऐसा ही साबित कर दिखाया है ग्रामीण परिवेश की रहने वाली डिलारी ब्लॉक के ग्राम झटपुरा की लक्ष्मी चौहान। कभी वह केवल चूल्हे चौके पर सीमित थीं लेकिन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर उन्होंने न केवल खुद को आर्थिक मजबूती दी बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार देकर उनकी स्थिति संभालने में सहायक बनीं।

लक्ष्मी चौहान की डगर इतनी आसान नहीं थी। 2019 के आखिर में उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़कर राधे-राधे स्वयं सहायता समूह गठित किया। वह सचिव के रुप में इसको लीड कीं। संयुक्त परिवार से होने के चलते उन्हें परिवार की अड़चनों के साथ सामाजिक तानों ने भी तोड़ने की कोशिश की लेकिन अपने हौसले से उन्होंने चुनौतियों को पार किया और खुद के पैरों पर खड़ा होकर दूसरों के लिए भी सहारा बन गईं।



राधे राधे स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए दोने व पत्तल के साथ लक्ष्मी व अन्य।

अपने कारोबार के लिए लक्ष्मी चौहान ने स्टार्टअप फंड और 1 लाख 10 हजार रुपये की सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट) की मदद से सिंगल डाई वाली दोना-पत्तल की मशीन पहले लगाई, आमदनी बढ़ी तो डबल डाई वाली मशीन खरीद ली। प्रशिक्षण के अलावा यूट्यूब पर वीडियो देखकर उन्होंने काम में दक्षता हासिल की। उनकी जी तोड़ मेहनत और लगन की ही देन है कि पिछले साल 2025 में उन्हें सरकार ने लखपति दीदी का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### समूह से जुड़ी हैं 10 महिलाएं

लक्ष्मी के राधे-राधे स्वयं सहायता समूह में 10 महिलाएं जुड़ी हैं। इस समूह की सालाना आमदनी करीब 1 से 1.5 लाख रुपये अनुमानित है। अब पति भी उनके काम में सहयोग कर रहे हैं। समूह के द्वारा उत्पादित सामग्री को स्थानीय ठेले वालों के अलावा झटपुरा गांव के साथ ही आसपास के गांवों में भी पहुंचाती हैं।

# पीडीए मतलब 'पाकिस्तान डेवलपमेंट अथॉरिटी'

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भाजपा नेता संगीत सोम ने सपा मुखिया अखिलेश की तुलना मुगल काल के आखिरी शासक से की

**अमृत विचार :** भाजपा नेता और पूर्व विधायक संगीत सोम ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके पीडीए के फार्मूले पर तंज कसा। अखिलेश यादव के पीडीए के फार्मूले को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) नहीं पाकिस्तान डेवलपमेंट अथॉरिटी करार दिया।


संगीत सोम।

भाजपा नेता व पूर्व विधायक संगीत सोम शुक्रवार को एक निजी कार्यक्रम में मुरादाबाद के रामगंगा विहार में पहुंचे थे। जहां उन्होंने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत की। उन्होंने अखिलेश के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले को पाकिस्तान डेवलपमेंट अथॉरिटी बताया। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने पर अखिलेश यादव के द्वारा राजनीतिक अपहरण के सवाल पर कहा कि अखिलेश यादव जबसे सत्ता से बाहर हैं वह कुछ भी कहते रहते हैं, इस पर गंभीरता की जरूरत नहीं है। कहा नीतीश कुमार का राज्यसभा में जाने का उनका स्वयं का निर्णय है। राजनीतिक अपहरण का आरोप गलत है। उन्होंने अखिलेश यादव को मुगल काल का आखिरी शासक बताया। कहा अब वह कभी यूपी की सत्ता में नहीं लौटेंगे। तीसरी बार भी भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी। टीएमसी सांसद के बाबरी मस्जिद वाले बयान पर बोले कि बाबर के नाम की एक ईंट भी नहीं लगने दी जाएगी।



**इफ्तार** 07 मार्च
सुन्नी : 6:21
शिया : 6:32

**सहरी** 08 मार्च
सुन्नी : 5:09
शिया : 5:05

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया :** सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## शहर में आज

- यूपी बोर्ड : 10वीं कक्षा की वाणिज्य विषय की परीक्षा केंद्रों पर सुबह 8:30 बजे
- सीबीएसई : दसवीं की सोशल साइंस विषय की परीक्षा सुबह 10:30 बजे
- सीबीएसई : 12वीं की योगा व इलेक्ट्रानिक्स व हार्डवेयर विषय की परीक्षा सुबह 10:30 बजे

### रात का तापमान बढ़ने पर हो रही बेचैनी, दिन में धूप सहने लायक नहीं

# उफ गर्मी...मार्च के पहले सप्ताह में ही पारा 30 डिग्री सेल्सियस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मार्च-अप्रैल में ही लू चलने का मौसम विभाग ने जारी किया है अलर्ट
- सिटी हीट एक्शन प्लान के अनुरूप सभी विभागों को करना होगा कार्य

**अमृत विचार :** मार्च के पहले ही सप्ताह में तापमान चढ़ने लगा है। शुक्रवार को अधिकतम पारा 30 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। आठ मार्च को पारा 32 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। मार्च-अप्रैल में ही हीट वेव (लू) की संभावना को देखते हुए सिटी हीट एक्शन प्लान के अनुसार कार्य करने का निर्देश जिलाधिकारी अनुज सिंह ने विभागों के अधिकारियों को दिया है।

पिछले महीने शिवरात्रि के बाद मौसम ने करवट लिया है। हर दिन तापमान बढ़ रहा है। इस महीने के पहले सप्ताह में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 18 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। अगले दो दिन में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है।

सुबह की हल्की धूप से भी उमस हो रही है। दिन में सूरज की तपिश सहने लायक नहीं रह रही है। गर्म कपड़े उतरने के साथ ही अब दिन में लोग छांव की तलाश कर रहे हैं। प्यास बुझाने के लिए लोग बोतलबंद पानी का सहारा ले रहे हैं। गन्ने के जूस के ठेले पर लोग पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को धूप के साथ उमस बढ़ने से घरों व प्रतिष्ठानों में लोगों को पंखा और कई जगह एसी भी चलाने की नौबत आ गई है। कई घरों में लोग अपने कूलर आदि की सफाई करते दिखे। क्योंकि इस बार अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार मार्च-अप्रैल में ही लू चलने की संभावना है। जिसे देखते हुए जिले में सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार हो गया है। पिछले महीने के अंत में एक बैठक भी कलेक्ट्रेट सभागार में हुई थी। जिसमें बाहर के विशेषज्ञों ने भी अपनी जानकारी साझा की थी। इसमें 20 मार्च तक सरकारी भवनों के सोलर रूफ टाप को सफेद रंग से पेंटिंग कराने की सलाह पर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सभी संबंधित विभागों को सिटी हीट एक्शन प्लान के अनुसार अपनी तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया है। जिससे लू और भीषण गर्मी की स्थिति में लोगों को राहत दिलाई जा सके।





बदला मौसम का मिजाज... दोपहर में कुछ इस तरह निकले लोग। ● अमृत विचार

**अगले छह दिन का अनुमानित तापमान**

| तारीख | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 7 मार्च | 31 डिग्री सेल्सियस | 18 डिग्री सेल्सियस |
| 8 मार्च | 32 डिग्री सेल्सियस | 19 डिग्री सेल्सियस |
| 9 मार्च | 32 डिग्री सेल्सियस | 19 डिग्री सेल्सियस |
| 10 मार्च | 32 डिग्री सेल्सियस | 19 डिग्री सेल्सियस |
| 11 मार्च | 31 डिग्री सेल्सियस | 18 डिग्री सेल्सियस |
| 12 मार्च | 32 डिग्री सेल्सियस | 19 डिग्री सेल्सियस |

## टीएमयू के 120 श्रावक-श्राविकाएं दर्शन के लिए अयोध्या रवाना

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के 120 श्रावक-श्राविकाएं और फैकल्टीज़ ज्ञानमती माताजी के दर्शन के लिए शुक्रवार को कैंपस से अयोध्या के लिए रवाना हो गए। टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन ने महामंडल विधान में शामिल होने वाले इन विद्यार्थियों को माताजी के मंगल आशीर्वाद के लिए अयोध्या भेजने का संकल्प लिया था।

बताया कि अयोध्या श्री आदिनाथ भगवान, श्री अजीतनाथ, श्री अभिनंदन नाथ भगवान, श्री सुमति नाथ भगवान और श्री अनंतनाथ भगवान की जन्म स्थली भी है। यह दल इन पांचों तीर्थंकरों की जन्मस्थली का दर्शन भी करेगा। अयोध्या जाने वालों में टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन, प्रो. आरके जैन, डॉ. शैफाली जैन, अहिंसा जैन, डॉ. अर्चना जैन आदि भी शामिल हैं।


# रमजान के तीसरे जुमे पर मस्जिदों में अदा की नमाज, मांगी दुआ

### प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने जामा मस्जिद पर की सुरक्षा इंतजाम की निगरानी, समाज में अमन-शांति बनाए रखने की अपील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** माह-ए-रमजान के तीसरे जुमा पर जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में रोजेदारों ने नमाज अदा की। मस्जिद और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस और प्रशासन की टीमें निगरानी में लगी रहीं।

शुक्रवार को जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले नायब शहर इमाम मुफ्ती सैयद फहद अली ने खुतबा पढ़ा। उन्होंने रोजेदारों को रमजान की अहमियत, रोजे की बरकत और इंसान को नेक रास्ते पर चलने की सीख दी। उन्होंने लोगों से भाईचारा, मोहब्बत और समाज में अमन-शांति बनाए रखने की अपील भी की। नमाज के बाद उन्होंने मुल्क की तरक्की, खुशहाली और अमन-चैन के लिए दुआ कराई। रोजेदारों ने हाथ उठाकर अल्लाह से दुआ कर देश में शांति, हर इंसान को सुख, समृद्धि और सलामती मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर भाईचारे की मिसाल पेश की। सीओ सिटी सुनीता दहिया पुलिस बल के साथ नमाज के दौरान कानून व्यवस्था की निगरानी के लिए भ्रमण करती रहीं। इसके अलावा अन्य मस्जिदों में भी सुरक्षा प्रबंध के बीच रोजेदारों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद रोजेदारों ने इफ्तार के लिए फल, खजूर और अन्य सामग्री की खरीदारी भी की। सड़क पर यातायात सुचारू रखने के लिए यातायात पुलिस भी अलर्ट रही।



जामा मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार



नमाज के दौरान जमा मस्जिद चौराहे पर तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

### रमज़ान सब्र, इबादत और तक़वा का महीना



**पाकबड़ा, अमृत विचार :** नगर पंचायत पाकबड़ा एवं आसपास के क्षेत्र में भी रमजान महीने की तीसरे जुमे की नमाज़ पुरसुकून माहौल में अदा की गई। पुलिस व प्रशासन की टीम ने क्षेत्र में पैदल मार्च कर शांति अमन का संदेश दिया। जामा मस्जिद पाकबड़ा में रमज़ानुल मुबारक के 16वें रोज़े और तीसरे रोज़-ए-जुमा के मौके पर बेहद रूहानी और इबादत का माहौल दिखा। नमाज़-ए-जुमा से क़ब्ल और बाद मस्जिद में बड़ी तादाद में नमाज़ियों ने शिरकत की। अल्लाह तआला की बारगाह में सज्दा रेज़ होकर दुआएं मांगीं। तीसरे जुमे की अहमियत के चलते मस्जिद नमाज़ियों से भरी रही। मस्जिद के पेश इमाम काज़ी शम्मे आलम ने अपने बयान में रमज़ानुल मुबारक की फ़ज़ीलतों, बरकतों और रहमतों पर तफ़सील से रोशनी डाली। उन्होंने फरमाया कि रमज़ान सब्र, इबादत और तक़वा का महीना है। यह महीना बंदों को गुनाहों से तौबा करने, अपने आमाल की इस्लाह करने और अल्लाह की क़ुर्बत हासिल करने का बेहतरीन मौका देता है। पेश इमाम ने कहा कि रोज़ा सिर्फ भूखे और प्यासे रहने का नाम नहीं है। बल्कि यह अपनी ज़ुबान, आंख, कान और दिल को भी गुनाहों और बुराइयों से बचाने का पैग़ाम देता है। उन्होंने मुसलमानों को ताकीद की कि इस मुबारक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत, तिलावत-ए-कुरआन, तरावीह और ज़िक्र-ओ-अज़कार में वक्त गुज़ारें। वहीं कैलसा रोड ज्यारत वाली मस्जिद के इमाम दानिश उल क़ादरी ने रमज़ान के दूसरे अशरे की फ़ज़ीलत बयान करते हुए कहा कि यह अशरा मग़फिरत का होता है, जिसमें अल्लाह तआला अपने बंदों के गुनाहों को माफ़ फरमाता है। हर मुसलमान को चाहिए कि वह सच्चे दिल से तौबा करे और ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अल्लाह की रहमत हासिल करे। लोगों को ग़रीबों, यतीमों और मोहताजों की मदद करने, सदक़ा-ओ-ख़ैरात देने और आपसी मोहब्बत व भाईचारे को मजबूत करने की भी नसीहत की। बयान के आखिर में मुल्क में अमन-ओ-अमान, आपसी इत्तेहाद और इंसानियत के कायम रहने के लिए खास दुआ कराई गई, जिसमें नमाज़ियों ने बड़ी अकीदत के साथ शिरकत की।

## न्यूज ब्रीफ

### होली मिलन आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की ओर से शनिवार को एसपी गुप्ता भवन सभागार में होली मिलन समारोह दोपहर 1:00 बजे से आयोजित किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश सैयद माउज बिन आसिम और विशिष्ट अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज जी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मौजूद रहेंगे। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता के साथ ही अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### संतुष्टि में सच्ची खुशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शाश्वत मंदिर में होली महोत्सव भक्तिमय व पारंपरिक उल्लास से मनाया गया। शाश्वत परमगुरु मोहनदास की शिष्या शिवानी साध्वी ने कार्यक्रम में लोगों को भक्तिमार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची खुशी भौतिक वस्तुओं में नहीं बल्कि मन की शांत स्थिति और आंतरिक संतुष्टि में मिलती है। सभी मनुष्यों को सत्य, प्रिय व हितम वचन बोलना चाहिए। इस संसार में शाश्वत को छोड़कर सब कुछ नष्ट हो जाता है। इसलिए संसार में सभी की सेवा करें, मोह न लगाएं। फूलों की होली खेली। इस दौरान शाश्वत सचिव अमित साधु, कमलेश आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण से डींगरपुर रोड पर लगा जाम, कई घंटे फंसे रहे वाहन



डींगरपुर पुल के पास लगे जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, पाकबड़ा

- पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह यातायात सुचारू कराया

**अमृत विचार :** पाकबड़ा में डींगरपुर तिराहे पर शुक्रवार को वाहनों का लंबा जाम लग गया। कई घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह यातायात सुचारू कराया। जिसके बाद लोगों को राहत मिली।

शुक्रवार दोपहर डींगरपुर तिराहे पर पुल के नीचे वाहनों की लंबी कतार के चलते जाम लग गया। इसमें सैकड़ों वाहन फंस गए। काफी देर तक लोग जाम में फंसे रहे। लोगों के अनुसार पुल के नीचे अक्सर जाम की स्थिति रहती है। यहां से डीगरपुर रोड, विलसोनिया और टीएमयू की ओर से आने वाले वाहन गुजरते हैं। इसके अलावा कस्बे की ओर से डींगरपुर के वाहनों की आवाजाही भी रहती है। जो अक्सर पुल के नीचे फंस जाते हैं। लोगों ने बताया कि पुल के नीचे व आसपास अतिक्रमण से वाहनों के बेतरतीब होने पर अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। मांग उठाई कि जब तक अतिक्रमण नहीं हटेगा और यातायात पुलिस की स्थायी व्यवस्था नहीं होगी समस्या बनी रहेगी। कई बार जाम में एंबुलेंस फंसने से मरीजों की जान पर बन आती है।

# खाते में पहुंच रही राशि फिर भी बच्चों के पास यूनीफार्म नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सरकार हर साल अभिभावकों को देती है यूनीफार्म, स्वेटर, बैग, जूता मोजा व स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में डीबीटी सिस्टम से सरकारी स्कूलों के छात्र छात्राओं के लिए यूनीफार्म, स्वेटर, बैग, जूता मोजा और स्टेशनरी के लिए सरकार हर साल अभिभावकों के खाते में 1200 रुपये जिसमें से 1100 रुपये यूनीफार्म, बैग, जूता मोजा और 100 रुपये स्टेशनरी की धनराशि शामिल है सीधे भेजती है। लेकिन इसका सदुपयोग ठीक से न होने से कई बच्चे बिना प्रापर यूनीफार्म के ही स्कूलों में पहुंच रहे हैं। वहीं कई अभिभावक समय से धनराशि न मिलने की बात कहते हैं।

जिले में सरकारी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक 1402 स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों के बच्चों के लिए यूनीफार्म, स्वेटर, बैग, जूता-मोजा और स्टेशनरी के लिए सरकार डीबीटी के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों के आधार लिंक बैंक खाते में धनराशि भेजती है। लेकिन बहुत से अभिभावक धनराशि का सदुपयोग न कर निजी कार्यों में भी खर्च कर देते हैं। जिससे उनके बच्चे बिना यूनीफार्म और जूता मोजा के स्कूल में पढ़ने पहुंच रहे हैं। शिक्षकों के टोकने पर बच्चे लाचारी जताते हैं।

### अभिभावकों में जागरुकता का अभाव

अभिभावकों के साथ बैठक में भी यह समस्या उठती है, लेकिन जो अभिभावक जागरूक नहीं हैं वह धनराशि का उपयोग ठीक से नहीं कर रहे हैं। जबकि धनराशि ऑनलाइन डीबीटी के माध्यम से अंतरित की जाती है। कई शिक्षकों का कहना है कि अभिभावकों को अधिक टोकने पर बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर देते हैं। इससे सरकार की मंशा पूरी तरह फलीभूत नहीं हो रही है।

# देश के विकास में भागीदार बन रहीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नरमू की ओर से महिला दिवस एवं होली के उपलक्ष्य में हुआ समारोह

**अमृत विचार :** मनोरंजन सदन में शुक्रवार को नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की ओर से महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम व महिला होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नताशा व टीम द्वारा गणेश वंदना के बाद रंजना रावत व साक्षी चौहान ने होली के गानों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। धर्मेंद्र और दीप्ति द्वारा होली पर सोलो डांस ने तो मधुलिका जेम्स व संजू वाल्मीकि ने डुएट खूब तालियां बटोरीं। नताशा ने राम आयेंगे गाकर कार्यक्रम को राममय किया। वक्ताओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण के पर विचार रखे। कहा कि आज महिलाएं खेल से लेकर व्यवसाय और शिक्षा से लेकर मनोरंजन की दुनिया में नए आयाम गढ़ रही हैं। मंडल मंत्री राजेश चौबे ने कहा नरमू सदैव महिलाओं को प्रोत्साहित करता रहा है। हम अपने संगठन में महिलाओं की भागीदारी को निरंतर मजबूत कर रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली महिला कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। मंडल उपाध्यक्ष मंजू बिष्ट ने कहा कि आज की नारी देश के विकास में अपना बराबरी का योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेडक्वार्टर शाखा की उपाध्यक्ष उर्मिला द्वारा की गई। संचालन हेमलता त्रिपाठी ने किया। विशिष्ट अतिथि कौशल्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य मधुबाला त्यागी व कंचन चौबे उपस्थित रहीं।

अंत में मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा आभार व्यक्त किया। कुंवर सुहेल खालिद, सियोराज सिंह, नरेंद्र त्यागी, दीपक यादव, मोहित गुप्ता, खेमपाल, नफीस खान, रजनीश चौबे, प्रीति, दीक्षा, शादमा, उर्मिला, शिर्ले डीक्रूज सहित बड़ी संख्या में महिला कर्मी उपस्थित रहीं।




नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के कार्यक्रम का आरंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

**दिक्कत** | वाटर एटीएम तकनीकी खराबी के चलते बेकार

# सूख रहे हलक, प्यास बुझाने के इंतजाम ढेर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कई जगह सार्वजनिक प्याऊ को मदद की दरकार

**अमृत विचार :** गर्मी में लोगों को हलक तर करने के लिए हर साल की तरह इस बार भी भटकना पड़ेगा। क्योंकि मार्च के पहले सप्ताह में ही तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पहुंचने पर धूप के चलते लोगों को प्यास बुझाने के लिए बोतलबंद पानी का सहारा लेना मजबूरी बन रही है। क्योंकि महानगर में कई स्थानों पर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से लगे कई वाटर एटीएम बेकार पड़े हैं तो सार्वजनिक प्याऊ की टूटी टोटियां खुद ही मदद मांग रही हैं।

इस बार भीषण गर्मी और लू को देखते हुए जहां सिटी हीट एक्शन प्लान पर काम किया जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर महानगर में सार्वजनिक स्थलों पर लगे वाटर एटीएम व अन्य प्याऊ लोगों की प्यास बुझाने में खुद ही सक्षम नहीं हैं। हालांकि स्मार्ट सिटी की ओर से 10 स्थानों पर वाटर एटीएम लगाए गए हैं जिससे लोग कम पैसे में शुद्ध और शीतल जल से अपनी प्यास बुझा सकें। लेकिन उसमें से कई अभी से खराब पड़े हैं। कंपनी बाग के पास लगा वाटर एटीएम खराब है। इसके अलावा कई अन्य की हालत भी ठीक नहीं है। वहीं जिला अस्पताल के गेट के बाहर सार्वजनिक प्याऊ की टोटियां टूटी हैं। जिससे लोगों को पानी के लिए पास की दुकानों पर जाकर बोतलबंद पानी का सहारा लेना पड़ता है। हालांकि जिला अस्पताल में जनप्रतिनिधियों की निधि से वाटर पोस्ट स्थापित कराया गया है, लेकिन उचित देखभाल न होने से वह भी अक्सर सूखे रहते हैं। जिससे मरीज और तीमारदार पानी के लिए भटकते हैं।



कंपनी बाग के पास बंद पड़ा वाटर एटीएम।



जिला अस्पताल के गेट के बाहर सार्वजनिक प्याऊ की टूटी टोटियां।

# बसौड़ा मेले में उमड़े श्रद्धालु, पूजा कर मांगी समृद्धि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कंपनी बाग स्थित होलिका माता मंदिर पर बसौड़ा मेले में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार को मंदिर पर पहुंचे भक्तों ने माता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की। मेले में मंदिर के आसपास लगी दुकानों पर लोगों ने खरीदारी भी की।

होलिका माता मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले भक्त अपने घर से भोजन लेकर आते हैं और उसे मंदिर में पूजा के दौरान चढ़ाने के बाद वहीं पर प्रसाद के रुप में ग्रहण करते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से की प्रार्थना जरूर स्वीकार होती है। इसके चलते स्थानीय ही नहीं आसपास के जिले से भी बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हर साल की तरह इस बार भी मेले में बड़ी संख्या में दुकानदारों ने अपने स्टॉल लगाए है। जहां पर लोग खरीदारी भी कर रहे हैं। वहीं हिंदू संगठनों ने मेले में गैर हिंदू के द्वारा दुकान न लगने देने की मांग से संबंधित जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन पिछले दिनों जिला प्रशासन के अधिकारी को सौंपा था। इसके माध्यम से मेले में भीड़ को देखते हुए पार्किंग की समुचित व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने की मांग की थी।



होलिका माता मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### मौसम में बदलाव से बढ़े बुखार के रोगी

**कांठ, अमृत विचार :** मौसम परिवर्तन के कारण बुखार, खांसी-जुकाम, नजला के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित निजी क्लीनिकों पर भी रोगियों की भीड़ लगी हुई है। शुक्रवार को सीएचसी कांठ में भारी संख्या में रोगियों की भीड़ रही। यहां करीब 400 लोगों की ओपीडी की गई, जिनमें से सबसे ज्यादा बुखार, खांसी-जुकाम, नजला आदि के रोगी रहे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह का कहना है कि इस समय मौसम बदल रहा है, सुबह और शाम को ठंड और दिन में गर्मी के कारण रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। यदि कोई बुखार, खांसी, जुकाम या नजला आदि से ग्रस्त हैं तो वह बिना चिकित्सक की सलाह दवाई का सेवन न करें।

### 9 को तहसील बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील सभागार में तहसील बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह 9 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कांठ तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव एडवोकेट दीपक विश्नोई ने बताया कि तहसील बार एसोसिएशन की ओर से परंपरागत तौर पर होली के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन होता आया है। इसी को लेकर 9 मार्च को दोपहर 1 बजे से तहसील पर होली मिलन समारोह तहसील सभागार में आयोजित होगा।

### शांतिभंग की आशंका में एक गिरफ्तार

**कांठ , अमृत विचार :** थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर उसे एसडीएम के न्यायालय में पेश किया है। थाना कांठ के ग्राम बेगमपुर निवासी बंधु पुत्र अल्लाह दिया के खिलाफ गांव के ही व्यक्ति ने शिकायत की थी, जिसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मामले की जांच की ओर उसे शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर एसडीएम के न्यायालय में पेश किया है।

### विधायक ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन

**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने शुक्रवार को ग्राम हुसैनपुर नानपुर के मध्य बिलारी मार्ग पर स्थित इंडियन ऑयल के नए पेट्रोल पंप ''ए वन फ्यूल्स'' का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार आम जनता को सीधा लाभ देगा। इस अवसर पर नरेश चौहान, वीरपाल प्रजापति, आशीष सिंह, नसीम पाशा, अजीम मलिक, सतीश प्रजापति, आदित्य अग्रवाल, पुलकित, हिमांशु, प्रवेश और राजदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# राधा रानी के रंग में रंगे श्याम...

## ठाकुरद्वारा के खाकेश्वर मंदिर में आयोजित किया गया भव्य होली मिलन समारोह

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- भजनों पर जमकर थिरकीं महिलाएं व युवतियां

**अमृत विचार :** नगर के प्राचीन खाकेश्वर मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने राधा-कृष्ण और राधा रानी के होली भजनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में भगवान शिव, राधा-कृष्ण और राधा रानी के पूजन व आरती के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं ने पारंपरिक आज बिरज में होली रे रसिया, राधा रानी के रंग में रंग श्याम जैसे होली भजनों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-गुलाल के बीच श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान राधा-कृष्ण की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर वक्ताओं ने विचार रखे।

कार्यक्रम में इंद्र शर्मा, सुनीता सक्सेना, शारदा शर्मा, अशोक कुमार गहलोत एडवोकेट, शिवेंद्र गुप्ता, अनिल अग्रवाल एडवोकेट, मंदिर प्रबंधक अनुज कुमार शर्मा, राजेंद्र शर्मा, रितेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


होली मिलन कार्यक्रम के दौरान राधा रानी के भजन पर थिरकतीं महिलाएं।

### एसपी देहात ने पुलिसकर्मियों को दी शुभकामनाएं

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में गांगन चौकी पर होली के पर्व पर एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह मैनाठेर क्षेत्र की गांगन पुलिस चौकी पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के साथ होली का पर्व मनाया तथा सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मैनाठेर थाना प्रभारी किरनपाल सिंह, और कुन्दरकी थाना प्रभारी जसपाल सिंह और गांगन चौकी प्रभारी आकाश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। एसपी देहात ने पुलिसकर्मियों से त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश भी दिए।



पुलिस कर्मियों को शुभकामनाएं देते एसपी देहात कुंवर आकाश।

### तहसील सभागार में मनाया गया होली मिलन समारोह

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील सभागार में होली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर होली का मुख्य पकवान गुजिया आदि का भी वितरण किया गया। शुक्रवार को तहसील सभागार में तहसील बार एसोसिएशन की ओर से हुए होली मिलन समारोह में सभी ने शेरो शायरी और सुंदर गीतों के माध्यम से माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस बीच होली मिलन का विशेष महत्व भी बताया गया। अतिथि के तौर पर एसडीएफ विनय कुमार सिंह, तहसीलदार अंकित गिरी, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव पहुंचे। उन्होंने आपसी प्रेम और सौहार्दता के साथ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, सचिव सुनील कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष तथा एल्डर कमेटी के सचिव रामकुंवर सिंह यादव, चैतन्य पाल सिंह, चौधरी अजय पाल सिंह, नवाब हुसैन, परमजीत सिंह, चौधरी विजयवीर सिंह, अब्दुल कुद्दूस , विक्रांत कुमार, चौधरी विजय वीर सिंह, मोहित सिंह, जबर सिंह, अनोद सिंह,आतिफ कमाल पाशा, हलीम जावेद, पप्पू राजपूत, मोहम्मद आकिल आदि मौजूद रहे।

## समारोह में खिलाड़ियों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम


कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ी व कोच। • अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

- आकाश कोरियन ताइक्वांडो एकेडमी की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला फकीरगंज स्थित आकाश कोरियन तायक्वोंडो एकेडमी में वार्षिक समारोह का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में एकेडमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेल गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समारोह के दौरान खिलाड़ियों ने नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने बच्चों के उत्साह और प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर खिलाड़ियों के बीच विभिन्न खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में एकेडमी के मुख्य कोच हर्ष शर्मा और रितिका शर्मा ने सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के आधार पर बेल्ट भी दी गईं। साथ ही सभी ने एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम को और भी सौहार्दपूर्ण बना दिया।

## घर में घुसकर मारपीट कई लोग हुए घायल

संवाददाता, कांठ

- पीड़ित की बेटियों के साथ छेड़छाड़ करते हैं आरोपी
- पुलिस ने तहरीर लेकर शुरू की मामले की जांच

**अमृत विचार:** क्षेत्र के थाना छजलैट के एक गांव में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके गांव के पुनीत और गोलू पुत्र महावीर उनकी पुत्रियों को आते-जाते रास्ते में परेशान करते हैं और गाली-गलौज करते रहते हैं। आरोप है कि उक्त लोगों ने उनकी एक पुत्री को पहले ही गायब कर दिया है। अब परिवार को तरह-तरह की धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित के अनुसार 5 मार्च 2026 को उनकी पुत्री जंगल से घर लौट रही थी, तभी रास्ते में आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद 6 मार्च की सुबह करीब 8 बजे पंचायत बुलाई गई, लेकिन आरोपियों ने किसी की बात नहीं मानी और संजीव, उनकी तीनों पुत्रियों तथा पत्नी रूबी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट में परिवार के कई लोगों को चोटें आई हैं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और रास्ते में आना-जाना भी मुश्किल कर दिया है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**कांठ, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल आमने-सामने से टकरा गई टक्कर लगने से दोनों भाई को पर सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर दो को मुरादाबाद जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया है। थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम माधपुरी इनायतपुरी निवासी अजय कुमार अपने एक साथी के साथ बाइक से ऊमरी चौराहे की तरफ को जा रहा था।

ग्राम छजलैट नूरपुर मार्ग पर ग्राम रजपुरा के पास सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अजय और दूसरी बाइक पर सवार फरमान, उसका साथी आफताब निवासी ग्राम दौलतपुर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर फरमान एवं अजय को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया है।

## लक्ष्मी हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट से भेजा जेल

- होली के मौके पर भोजपुर में दो पक्षों में हुआ था विवाद

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** होली पर गांव बिजना में हुई महिला की हत्या में नामजद दो अभियुक्तों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद उनकी निशानदेही पर हमले में प्रयुक्त दो लाठियां बरामद कर सीज कर हत्यारों का चालान कर दिया। अदालत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

गुरुवार को होली पर गांव बिजना में रामकिशोर और जागन के बच्चों में हुई कहासुनी के बाद जमकर लाठियां चलीं थीं। मार-पीट में लक्ष्मी देवी,राम किशोर और किरन गंभीर रूप से घायल हो गईं थीं। पुलिस ने मृतका लक्ष्मी देवी के बेटे मुकुट सिंह की तहरीर पर राजीव, रिंकू पुत्र जागन सिंह के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। उपचार के दौरान लक्ष्मी देवी की मौत होने पर पुलिस ने जानलेवा हमले के मुकदमे को गैर इरादतन हत्या के मुकदमें में तरमीम कर लिया। हत्या में मुनीष का नाम प्रकाश में आने पर शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार,उप निरीक्षक विपिन कुमार हमराह पुलिस कर्मियों की मदद से हत्या में नामजद राजीव व जांच के दौरान प्रकाश में आए मुनीष को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद हमले में प्रयुक्त दो लाठियां बरामद कर सीज कर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना डिलारी क्षेत्र में पुलिस ने नाबालिग बच्ची से कथित दुष्कर्म के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह मामला मंगलवार को पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर बताया कि गांव गक्खरपुर निवासी नकुल पुत्र रामौतार उनकी 11 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस टीम ने तीन दिन के भीतर ही आरोपी नकुल को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया।

### विधायक ने सुनी जनसमस्याएं

**कांठ, अमृत विचार:** क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने कांठ स्थित अपने कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। कमाल अख्तर ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना और उनकी परेशानियों को दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता है और इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। इस दौरान क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, पूर्व चेयरमैन आविद अंसारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुभाष गुर्जर, तस्लीम प्रधान, सलीम खान, जय प्रजापति, डॉ दानिश, शकलैन चौधरी, अंजार अहमद, भूरे खान, अजीम सिकंदर, आरिफ मलिक,सहल, दिलशाद आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आक्रोशित भीड़ ने बस चालक को पीटा

**अमृत विचार:** गुलाब बड़ी चुंगी पर मुरादाबाद से रामपुर की ओर जा रही सोहराब गेट डिपो की बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने रोडवेज की बस को रोक कर बस चालक की पिटाई कर दी। निजी अस्पताल में भर्ती घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है।

शुक्रवार की रात गुलाब बाड़ी मोहल्ले के शिवम पुत्र संजीव सैनी बुलेट से सड़क पार कर रहा था, तभी तेज गति से मुरादाबाद की ओर से रामपुर जा रही सोहराब गेट डिपो की बस ने टक्कर मार दी। बाइक सवार शिवम बाइक सहित बस के नीचे फंस गया। लोगों ने किसी तरह शिवम को बाहर निकाला और बस चालक की पिटाई कर दी। कटघर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और बेकाबू भीड़ के कब्जे से रोडवेज चालक को छुड़ा कर बस सहित थाने ले आए। परिजनों ने पुलिस की मदद से घायल शिवम को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। डॉक्टरों के अनुसार शिवम की हालत नाजुक बताई जा रही है। कटघर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि चालक और बस दोनों पकड़ लिए गए हैं। घायल को भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पत्नी गंभीर

संवाददाता, भगतपुर

- सीतापुर गांव के रहने वाले थे दिनेश, बेटी भी घायल

**अमृत विचार :** दलपतपुर-डूंगरपुर रोड पर बृहस्पतिवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में उनकी सात वर्षीय बेटी भी घायल है।

थाना क्षेत्र के ग्राम सीतापुर निवासी दिनेश (30) मोटरसाइकिल से पत्नी क्रांति (28) और करीब सात वर्षीय बेटी बंशिका के साथ मूंढापांडे थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसखेड़ा में अपनी रिश्तेदारी में गये थे। जहां से वे बृहस्पतिवार को अपने घर वापस लौट रहे थे। बताया गया कि जैसे ही ये दलपतपुर-डूंगरपुर रोड पर एक ढाबे के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही कार के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दिनेश और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भोजपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दिनेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं क्रांति की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया गया एवं बेटी बंशिका भी घायल हुई है। इस संबंध में मृतक दिनेश कुमार के भाई गौतम कुमार ने कार चालक के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी जिसके आधार पर भगतपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। दिनेश कुमार मजदूरी करते थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र सुरेश कुमार को गलत संगत में पड़ जाने के कारण उससे सभी संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उससे मेरा तथा मेरे परिवार का अब कोई संबंध नहीं है। गंगाराम राजपूत पुत्र नन्हे राम, सूरजा देवी पत्नी गंगाराम राजपूत, निवासी ग्राम चौकोनी तहसील बिलासपुर (रामपुर)

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैंने अपने नाम की स्पेलिंग Elyas से बदलकर ILYAS पुत्र Nawab Ali R/o Vil. HatHat, मुरादाबाद कर ली है, भविष्य में नए नाम से जाना जाए।

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपना नाम Maida Shah से बदलकर Syed Maida Shah रख लिया है। Syed Maida Shah पुत्री Fahmeed Shah Miyan मो. जीना इनायत खां, रामपुर।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

### कृषि यंत्रों के लिए किसान चयनित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (डीएलईसी.) के सदस्यों व किसानों की उपस्थिति में 2025-26 में लाभार्थी किसानों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया गया। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने प्रक्रिया की जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी की अनुमति से ई-लाटरी की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। सामान्य जाति के एकल यंत्रों में 6 लक्ष्य के सापेक्ष 29 की बुकिंग की गई थी, जिसमें से 6 किसानों को चयनित किया गया। इसी प्रकार अनुसूचित जाति के एकल यंत्रों में 4 लक्ष्य के सापेक्ष 14 की बुकिंग की गई थी, जिसमें से चार किसान चयनित किए गए। सामान्य जाति के एकल यंत्रों में 5 लक्ष्य के सापेक्ष 23 की बुकिंग में 5 किसान चयनित हुए।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स**
**मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शीशा सिंह द्वारा संस्था गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा, ग्राम कुईया केमरी बिलासपुर मार्ग तह. बिलासपुर जिला रामपुर का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. शीशा सिंह-अध्यक्ष 2. साहब सिंह-उपाध्यक्ष 3. जसविन्दर सिंह-सचिव, 4. निशान सिंह-उपसचिव 5. जगबीर सिंह-कोषाध्यक्ष 6. बलवीर सिंह-ऑडिटर 7. शमशेर सिंह 8. साहब सिंह 9. कुलवीर सिंह 10. सुखदेव सिंह 11. सुखविन्दर सिंह-सदस्य दर्शाये गये है।
अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि. एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है। आज्ञा से - (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक

## 9 से 23 मार्च तक चलाया जाएगा कुष्ठ रोगी खोजो अभियान

संवाददाता, कांठ


प्रशिक्षण देते स्वास्थ्य कर्मी • अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुष्ठ रोग खोजो अभियान 9 मार्च से 23 मार्च तक लगातार चलाया जाएगा। इसके लिए आशा स्वास्थ्य कार्यत्रियों और एनजीओ के दो सदस्यों की 300 टीम गठित की गई है, जो घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों को खोजेंगी जिससे उनका समय से उपचार हो सके।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंठ में शुक्रवार को टीम के सभी 600 सदस्यों को इस संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार सैनी पैरामेडिकल ने कहा कि कुष्ठ रोग खोजो अभियान के तहत टीमों को प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें त्वचा पर लाल पीले हल्के रंग के धब्बे सुन्नपन पसीना नहीं आना। यह सभी कुष्ठ रोग की पहचान है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए गांव और शहर के मोहल्ले में इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि अभी कांठ में 26 कुष्ठ रोगियों का इलाज रहा चल रहा है। इस अवसर पर बीपीएम चंद्रशेखर यादव, सीपीएम सैयद यासिर अली ने आशा कार्य कत्रियों को समझाया कि वह 9 मार्च 23 मार्च तक लगातार सभी गांव मोहल्ला में जाकर कुष्ठ रोग खोजो अभियान के तहत कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उनका पंजीकरण कराकर रिपोर्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध कराकर कार्य निपटाएं। जिस समय रहते मरीजों को सही समय पर उपचार मिल सके।

## न्यूज डायरी

### रमजान के तीसरे जुमे में की कौम व मुल्क की तरक्की की दुआ



**कांठ, अमृत विचार :** रमजान के तीसरे जुमे पर शुक्रवार को रोजेदारों ने कौम व मुल्क की तरक्की व सुख समृद्धि के लिए दुआ की। शुक्रवार दोपहर नगर की जामा मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, खुमरो वाली मस्जिद, ईदगाह मस्जिद गुलजार मस्जिद लाल मस्जिद, काजियान मस्जिद, छपरे वाली मस्जिद,आदि में जुम्मे की नमाज के लिए रोजेदारों की भीड़ रही। कौम की सलामती और मुल्क की तरक्की की दुआ के लिए हजारों हाथ उठे। मस्जिदों के इमामों ने रमजान के पाक महीने में खुद को ज्यादा से ज्यादा इबादत और दूसरों की मदद करने पर जोर दिया। दूसरी और ऊमरी कला और छजलैट में भी तीसरे जुमे की नमाज को लेकर सभी मस्जिदों में रोजेदारों की अधिकांश भीड़ दिखाई दी। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस और प्रशासन भी सतर्क दिखाई दिया। तीसरी नमाज में ऊमरी कला अध्यक्ष उस्मान अली, नगर में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी डॉक्टर युसूफ सिद्दीकि सहित सैकड़ों व्यक्ति मौजूद रहे।

### छह वर्षीय मोहम्मद हुसैन ने रखा पहला रोजा



**भगतपुर, अमृत विचार :** रमजान माह में छोटी उम्र के बच्चों में भी रोजे रखने का उत्साह देखा जा रहा है। रमज़ान में गर्मी का एहसास होने के बाद भी बच्चे रोजे रखने में पीछे नहीं रह रहे हैं। छह वर्षीय मोहम्मद हुसैन ने शुक्रवार को पहला रोजा रखा। रोजा रखने के साथ ही उसने वालिद के साथ इबादत भी की। भगतपुर के गांव भदगवां निवासी शकील अहमद ने बताया कि उनके छः वर्षीय बेटे मोहम्मद हुसैन ने शुक्रवार को पहला रोजा रखा। वह बच्चा कक्षा दो का छात्र है। मोहम्मद हुसैन के रोजा रखने पर शकील अहमद, नाजरीन, खलील अहमद, मोहम्मद फैसल, आयशा जहां, शिरिन फातिमा, तोसिबा नूर आदि ने उसको उपहार व दुआएं दीं।

### अमेरिका-इजरायल युद्ध को लेकर जताई चिंता

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा (एआईकेएमएस) जिला कमेटी मुरादाबाद ने अमेरिका-इजरायल युद्ध की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा बताया है। संगठन की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि अमेरिका द्वारा इजरायल का समर्थन करते हुए युद्ध में सक्रिय भूमिका निभाने से पूरे विश्व में तनाव और बढ़ गया है, जिसका सीधा असर आम जनता पड़ रहा है। सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि युद्ध और सैन्य टकराव की राजनीति से वैश्विक स्तर पर आर्थिक संकट गहराता है। उपजिला अधिकारी प्रीति सिंह को भेजे पत्र में कहा है कि विश्व के सभी देशों को युद्ध के बजाय शांति और कूटनीतिक समाधान का रास्ता अपनाना चाहिए। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के प्रांतीय अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि देश में शांति कायम करने की मांग को लेकर 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुराने एसडीएम परिसर में संयुक्त संगठन द्वारा एक बैठक का आयोजन किया जाएगा । इसके बाद कार्यकर्ता तिकोनिया पार्क कदीर तिराहा से जुलूस निकाला जाएगा । जिसकी सूचना प्रशासन को दे दी गई है ।

### यूटीटी पैरा सीनियर टेबल टेनिस के राष्ट्रीय चैंपियन बने कुणाल



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कुणाल अरोड़ा ने अभय प्रशाल इंडोर स्टेडियम इंदौर में आयोजित यूटीटी पैरा सीनियर टेबल टेनिस नेशनल चैंपियनशिप स्वर्ण और कांस्य सहित दो पदक जीतकर भारत में नंबर एक रैंकिंग हासिल की है। 26 से 28 फरवरी तक खेली गई प्रतियोगिता में कुणाल अरोड़ा ने कुणाल अरोड़ा ने अपनी केटेगरी में सिंगल्स के मैच में ग्रुप राउंड में पहला मुकाबला कर्नाटक के तुलसी, दूसरा मैच में राजस्थान के महेंद्र, प्री क्वार्टर फाइनल में ने महाराष्ट्र के स्वप्निल को हराया। वहीं क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक के प्रखर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में महाराष्ट्र के गजानन परमार पर जीत दर्ज कर फाइनल में स्थान पक्का किया। फाइनल में कर्नाटक के अजय जीवी के साथ रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इसी टूर्नामेंट में मेन्स डबल्स के मुकाबले में अपने पार्टनर हितेश डोलवानी (तेलंगाना) के साथ जोड़ी बनाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल मुकाबले में नीतिश एवं सतीश की जोड़ी ने कुणाल एवं हितेश की जोड़ी को मैच पॉइंट को बचाते हुए 3-2 से हराया इस मुकाबले को हारने के बाद कुणाल एवं हितेश की जोड़ी को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा।

# ऐतकाफ कोई पिकनिक नहीं है, एहतराम के साथ पूरा करें

## शहर काजी बोले, रमजान के आखिरी 10 दिन ऐतकाफ करना सुन्नत, तीसरे जुमे पर मस्जिदों में उमड़े रोजेदार


कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमे को नमाजियों से मस्जिदें खचाखच भर गईं। शहर की जामा मस्जिद में शहरकाजी सैयद खुशनूद मियां ने नमाज पढ़ाई। इससे पहले शहरकाजी ने तकरीर में कहा कि ऐतकाफ यह कोई पिकनिक नहीं है कि मस्जिद में आकर बैठ गए और जो मन में आ रहा है कर रहे हैं। मस्जिद का एहतेराम, रमजान उल मुबारक का एहतेराम यह सब बातें एतकाफ करने वाले के लिए जरूरी हैं।

शहरकाजी ने कहा कि रोजा फर्ज है नमाजे तरावीह सुन्नत है। कुरान का पढ़ना और सुनना यह भी सुन्नत है। इस महीने के आखिरी 10 दिन में ऐतकाफ करना भी सुन्नत है। आबादी में कुछ लोग अगर इस ऐतकाफ की सुन्नत अदा कर देंगे तब सब पर माफ हो जाएगा। शहर की जामा मस्जिद में खुतबे में शहरकाजी ने कहा कि औरत घर में ऐतकाफ में बैठे और मर्द मस्जिद में ऐतकाफ करेंगे। नबी ए करीम ने पहले दूसरे और तीसरे अशरे में भी ऐतकाफ किया। आखिरी अशरे में अल्लाह ने आपको शबे कद्र दिखाई। एतकाफ यह कोई पिकनिक नहीं है कि मस्जिद में आकर बैठ गए और जो जी चाह रहा है कर रहे हैं। मस्जिद का एहतेराम, रमजान उल मुबारक का एहतेराम यह सब बातें एतकाफ करने वाले के लिए जरूरी हैं। कहा कि न किसी के जनाजे में शिरकत कर सकता और न किसी की मिजाजपुर्सी को जा सकता है। उसका काम है कि वह ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की इबादत में मसरूफ रहे और कुरआन मजीद की तिलावत करे। कहा कि एतकाफ करने वाले की नियत होनी चाहिए कि अपने घरबार को छोड़कर अल्लाह के पड़ोस में आ गया। खुदा उसके ऊपर अपने करम की बारिशें करे। कहा कि एतकाफ में बैठने वाला रमजान की 20 तारीख को सूरज डूबने से पहले-पहले मस्जिद में दाखिल हो जाए। ईद का चांद नजर आने तक एतकाफ जारी रहेगा। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सेक्रेट्री मुकर्रम रजा इनायती समेत हजारों लोग मौजूद रहे। जामा मस्जिद के अलावा शहर मोती मस्जिद, कोयले वाली मस्जिद, राजद्वारा मस्जिद, एक मीनार वाली मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद, मीना बाजार, रेलवे स्टेशन, ज्वालानगर, अजीतपुर आदि मस्जिदें रमजान के पहले जुमे को नमाजियों से भर गईं।


कुरान मुकम्मल के बाद सजाई गई मस्जिद राजद्वारा चौराहा।


जामा मस्जिद में नमाज के बाद मुल्को कौम की तरक्की के लिए दुआ करते नमाजी। ● अमृत विचार


खुतबा देते काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां।

### तीसरे अशरे की फजीलत बयान की

शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया में शिया जामा मस्जिद में रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमे को नमाज अदा की गई। मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने नमाज से पहले हुए खुतबे में रमजान के तीसरे अशरे की फजीलत बयान की। कहा कि रमजान के तीसरे अशरे में इबादत करके इंसान अपने को जहन्नुम की आग से बचा सकता है। कहा कि माहे रमजान में अल्लाह रोजेदारों की एक-एक नेकी का सत्तर गुना सवाब देता है। इसलिए जरूरी है कि हर आकिल और बालिग रमजान में ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत में गुजारे।

### जुमे पर मस्जिदों में उमड़े रोजेदार अदा की नमाज



**बिलासपुर, अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान माह के तीसरे जुमे पर उलेमाओं ने जुमे की फजीलत बयान करते हुए खुदा की इबादत और तौबा पर जोर दिया। नगर की प्रमुख मस्जिदों जैसे हाजी जी वाली मस्जिद, खजूरों वाली मस्जिद, इमाम साहब वाली मस्जिद, जामा मस्जिद, सैय्यदो वाली मस्जिद, अंसारियों वाली मस्जिद, अमलताश वाली मस्जिद, बाजार वाली मस्जिद और शन्नू खां मस्जिद समेत अन्य सभी इबादतगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ देखी गई। वहीं, मस्जिदों में खिताब करते हुए मौलाना अरशद अली और मौलाना अहमद नबी ने कहा कि रमजान का यह तीसरा जुमा अल्लाह की रहमतों और मगफिरत का पैगाम लेकर आया। उन्होंने रोजेदारों को नसीहत दी कि वे इस महीने का पूरा हक अदा करें और ज्यादा से ज्यादा वक्त कुरान की तिलावत व नमाज में गुजारें। नमाज के बाद मस्जिदों में मुल्क की खुशहाली, अमन-चैन और भाईचारे के लिए खास दुआएं मांगी गईं। नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोतवाली पुलिस तैनात रही। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह जायजा लेते रहे।



**इफ्तार** 07 मार्च
सुन्नी : 6:23
शिया : 6:30

**सहरी** 08 मार्च
सुन्नी : 5:00
शिया : 5:01

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया : सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## न्यूज ब्रीफ

### रात में चला चेकिंग अभियान, 1096 वाहनों की जांच की

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में अवैध उप-खनिज खनन, ओवरलोडिंग एवं अनधिकृत परिवहन जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रवर्तन कार्रवाई जारी है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार गुरुवार को जिले की सभी तहसीलों के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात 8 बजे से प्रात: 7 बजे तक रात्रिकालीन जांच अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के तहत प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1096 वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों के वैध अभिलेखों, भार क्षमता, परिवहन अनुमति पत्रों तथा नियमों के अनुपालन की बारीकी से पड़ताल की गई। जिला प्रशासन ने अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं अनधिकृत परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का अप्रैल में होगा त्रैवार्षिक अधिवेशन

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ रामपुर का जिला स्तरीय त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन वर्ष -2026 अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित हुआ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी, प्रांतीय महामंत्री नरेश कौशिक द्वारा जनपद का त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन कराने के लिए सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक मंत्रियों को निर्देश दिए हैं। ब्लॉकों को अवशेष कोटा मनी और डेलीगेट सूची भी 25 मार्च 2026 तक जमा करनी है। जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह व जिला महामंत्री डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना ने बताया कि त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन 27, 28 व 29 अप्रैल में से एक हो सकती है। इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री को मंडल और प्रदेश की कोटामनी और डेलीगेट सूची नियमावली संविधान के नियम अनुसार कम से कम 1 माह पहले दिया जाना जरूरी है।

### कृषि भवन में होली मिलन समारोह आज

**रामपुर, अमृत विचार :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष पंडित राम बाबू शर्मा ने बताया कि होली मिलन समारोह 7 मार्च को होली मिलन समारोह कृषि भवन स्थित सभागार में अपराह्न 3 बजे से होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं संगठनों से होली मिलन समारोह में शामिल होने का आह्वान किया है।

## पुलिस की सुरक्षा में हुई नमाज


शहर की जामा मस्जिद में नमाज के दौरान तैनात महिला पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास कड़ी सुरक्षा रही। अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद रामपुर में अलर्ट है। इसके मद्देनजर तीसरे जुमे को कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए। थाना प्रभारियों के साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया। शहर की जामा मस्जिद के आसपास महिला पुलिस बल को भी तैनात किया गया।

अमेरिका व इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खोमेनेई की अधिकारियों समेत मौत हो गई थी। जिसके बाद शहर के गुइया तालाब स्थित शिया जामा मस्जिद से इजराइल और अमेरिका के खिलाफ जुलूस निकाला गया था। अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महिलाएं, बच्चे और पुरुष किला मैदान में पहुंचे थे और भारत के प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम को सौंपा था। इसके बाद डीजीपी ने कड़े सुरक्षा इंतजामों के निर्देश दिए थे।

## इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 15

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी से बढ़कर 15 मार्च हो गई है। बरेली एवं मुरादाबाद विश्वविद्यालय द्वारा प्राइवेट फॉर्म नहीं निकाले जा रहे हैं।

सह समन्वयक डॉ. सोमेंद्र सिंह ने बताय कि जो विद्यार्थी प्राइवेट एजुकेशन प्राप्त करना चाहते हैं या संस्थागत प्रवेश लेने से वंचित रह गए हैं अथवा किसी शासकीय, अशासकीय सेवा में हैं वह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि में पढ़ाई कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ जागृति मदान धींगरा ने कहा कि करियर की जरूरत के अनुरूप इग्नू की लचीली शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों, कार्यरत युवाओं और पेशेवरों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। स्नातक एवं कुछ अन्य पाठ्यक्रमों के शुल्क में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिए नियमानुसार 50 प्रतिशत छूट की व्यवस्था है। प्रवेश समर्थ पोर्टल से होगा।

## युद्ध में ताकतवर देशों को ईरान ने दिखाया आईना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की इजराइल व अमेरिका के हमले में मौत पर गुरुवार रात इमामबाड़ा किला में मजलिस आयोजित की गई। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने कहा कि युद्ध में ईरान ने ताकतवर देशों को आईना दिखाया है।

उन्होंने कहा कि ईरान जिस बहादुरी से अमेरिका और इजराइल का मुकाबला कर रहा है वह इतिहास में दर्ज होगा। ट्रंप और नेतन्याहू दुनिया की शांति के लिए खतरा बन गए हैं। कहा कि जंग सिर्फ ईरान के मुसलमानों का मुद्दा नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के सभी मुसलमान और इंसाफ पसंद लोग इसके खिलाफ है। एक खामेनेई के बाद अब बहुत खामेनेई पैदा हो चुके हैं। मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर अपनी जिंदगी सादगी से जी गए। यह वक्त मसलकों में बंटने का नहीं है, क्योंकि हम सबका ईमान, कलमा, कुरआन और काबा एक है। उन्होंने खामेनेई के लिए सामूहिक रूप से दुआ कराई। सुप्रीम लीडर को खिराजे अकीदत पेश करने के लिए भारी संख्या में शिया व सुन्नी समाज के लोग एकत्रित हुए।


मजलिस में तकरीर करते पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां। ● अमृत विचार

● **खामेनेई के इमामबाड़ा किला में हुई मजलिस**

इस दौरान गन्ना विकास परिषद के पूर्व चेयरमैन बाबर अली खां, समाजसेवी मामून शाह खां, तमकीन फैयाज़, हारुन खां, इरशाद महमूद, राजा खां, नोमान खां, आरिफ खां, लल्लन खां, शारिक जापानी, सोहेल पठान, जाहिद खां, मेहरबान अली, फरहत अली खां, गुलाम रब्बानी, शकील अहमद, आतिफ रजा खां, शैजी सैफी, खुशनूद खां, सैयद मोमिन इकबाल, नवेद कैसर, रफी खां, शाहरुख, शावेज खां, यासर शाह खां, रय्यान खां, अब्दुल जब्बार खां, शबाब हुसैन, तस्लीम हुसैन, उमर, अहद खां आदि मौजूद रहे।

### शिया-सुन्नी इत्तेहाद जिंदाबाद के जोरदार नारे लगे

शिया धर्मगुरु मौलाना जमा बाकरी, पूर्व विधायक अफरोज अली खां, आप प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला, भाजपा नेता फसाहत अली खां शानू, सबाहत खां, काशिफ खां, तारिफ नियाजी, मजहर रामपुरी, अरसलान खां, हसन मेहंदी, हाजी नाजिश खां ने भी तकरीर की। खिराजे अकीदत के लिए मजलिस में शिया और सुन्नी एकजुट नजर आए और तकरीरों के दरमियान शिया-सुन्नी इत्तेहाद जिंदाबाद के जोरदार नारे लगे। संचालन अब्बास हैदर ने किया।

## रमजान में दुनिया को मिला कुरान मजीद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला घेर आजम खां की मस्जिद में तरावीह के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल हो गया। कारी शकील अहमद ने दो पारे सुना और सामां के फराइज मौलवी मोहम्मद नाजिम ने अदा किए। इस मौके पर मौलवी नाजिम ने कहा कि रमजान के महीने में पूरी दुनिया को कुरआन जैसी ताकतवर किताब मिली।

मस्जिद को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। तरावीह की नमाज के दौरान दो पारे कारी शकील अहमद ने रोजाना सुनाए। कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर हुई तकरीर में मौलाना ने कहा कि रमजान का महीना ही एक ऐसा महीना है, जिसकी दिन और रात दोनों ही फजीलत वाली हैं। रमजान में दुनिया को कुरआन जैसी ताकतवर किताब मिली जिसमें हर सवाल का जवाब मौजूद है। रोजे का बदला अल्लाह देगा और दोजख की आग से हिफाजत होगी, मगफिरत मिलेगी। इसके बाद मौलाना ने दुआ कराई। इस मौके पर मस्जिद घेर आजम खां कमेटी के सदर मुसर्रत अली खां, नायब सदर जावेद अली खां, सेक्रेटरी मीर आलम खां, ज्वाइंट सेक्रेटरी फहीम हसन, कोषाध्यक्ष नसीम मियां, जुनैद खां, शावेज खां, कासिम मियां, सलमान खां, शारिब खां आदि मौजूद रहे।


कुरआन मजीद मुकम्मल होने के बाद दुआ करते नमाजी। ● अमृत विचार

● **मोहल्ला घेर आजम खां की मस्जिद में तरावीह के दौरान मुकम्मल हुआ कुरआन मजीद**

## ऐतकाफ में बैठने को जरूरी होगा आधार


शहर की जामा मस्जिद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर की जामा मस्जिद में ऐतकाफ में बैठने के लिए आधार कार्ड जरूरी होगा। 20वीं रोजे से मस्जिदों में लोग ऐतकाफ में बैठेंगे।

जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सेक्रेटरी मुकर्रम रजा इनायती ने बताया कि जामा मस्जिद में ऐतकाफ में बैठने वालों का पहले नाम पता और आधार नंबर दर्ज किया जाएगा। इसके बाद लोग इबादत के लिए ऐतकाफ में बैठ सकेंगे। रमजान उल मुबारक के 20वें रोजे को सूरज अस्त होने से पहले लोग मस्जिदों में ऐतकाफ में बैठकर इबादत शुरू कर देंगे। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सेक्रेट्री ने बताया कि जामा मस्जिद में एतेकाफ में बैठकर इबादत करने के लिए जिले भर से लोग आते हैं। ऐतकाफ में बैठने के दौरान कोई घटना या दुर्घटना हो जाती तो पीड़ित का नाम पता मस्जिद इंतजामिया कमेटी के पास होना जरूरी है। बताया कि एतेकाफ में बैठकर लोग कुरान मजीद की तिलावत करते हैं और नमाज पढ़ते हैं। इस दौरान वह मस्जिद से बाहर नहीं निकल सकते। केवल शौचालय जाने की छूट रहती है।

● **20वें रोजे से जामा मस्जिद में बैठने वालों का होगा पंजीकरण**

### मुल्क में अमन-चैन की दुआ



**टांडा, अमृत विचार :** नगर में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन मुकम्मल किया गया इस दौरान रमजान की फजीलत बयान की गई और मुल्क में अमन, खुशहाली व भाईचारे के लिए दुआ कराई गई। गुरुवार की रात में नगर के मौहल्ला नज्जूपुरा स्थित एक मकान में कारी मुकीम ने तरावीह की नमाज में कुरआन करीम सुनाया, जिसकी समात हाफिज फारूक ने बखूबी अंजाम दी। कुरान मुकम्मल होने की खुशी में कारी मुकीम ने बारगाह-ए-रिसालत में नात-ए-पाक के नजराने पेश किए, जिससे माहौल रूहानी हो गया। इस मौके पर मौजूद मुफ्ती राशिद ने रमजान-उल-मुबारक की फजीलत पर रोशनी डालते हुए कहा कि रमजान सिर्फ भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं, बल्कि यह महीना हमें दूसरों का दर्द समझने, सब्र करने और अपनी रूह की पाकीज़गी का सबक देता है। अंत में मुफ्ती जाफर ने मुल्क की तरक्की, खुशहाली और भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। आखिर में हाजी फिरासत अली ने तमाम लोगों को जा-नमाज़ का हदया दिया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज़ आलम, साबिर अली, हाजी रईस, हाजी गोहर अली, मोहम्मद सलीम, अरशद अली आदि मौजूद रहे।

**अनदेखी** — अधिकारियों और कॉलोनाइजर पर नाले के अस्तित्व को खत्म करने का आरोप

# सरकारी नाले पर कब्जा, जलभराव से लोग परेशान

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड बार्डर सटी क्षेत्र की अलायन्स साउथ एवेन्यू कॉलोनी भरतपुर में लोगों को इन दिनों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी के लिए सरकारी नाला है जो कभी जल निकासी का मुख्य स्रोत हुआ करता था। आज उस नाले पर अवैध कब्जे हो गए हैं तथा लोग जलभराव और संक्रामक बीमारियों जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

कॉलोनीवासियों ने आरोप लगाया कि कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और कॉलोनाइजर की मिलीभगत से इस नाले के अस्तित्व को ही खत्म कर दिया गया है। जब लोगों ने राजस्व विभाग के लेखपाल से नाले की स्थिति के बारे में पूछा तो उन्होंने सरकारी रिकार्ड में दर्ज इस नाले को कॉलोनाइजर का निजी नाला करार दे दिया। बताया कि विगत तीन वर्षों से यह पूरी कॉलोनी बारिश के समय टापू बन जाती है। उत्तराखंड की ओर से आने वाला गंदा और बरसाती पानी निकासी न होने के कारण पूरी कालोनी में भर जाता है। इसके अलावा वर्तमान स्थिति में कालोनी की नाले-नालियों के पानी की जल निकासी नहीं है। बताया कि कालोनी में लगभग दो सौ परिवार निवासी करते हैं और यहां लगभग एक हजार की आबादी है। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर कई बार इसकी शिकायत दर्ज कराई। लेकिन हर बार प्रशासन द्वारा बिना किसी मौके की जांच या ठोस साक्ष्य के शिकायत का झूठा निस्तारण लगा दिया गया। कॉलोनाइजर से बार-बार मिन्नतें करने के बावजूद वह नाले का निर्माण कराने को तैयार नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सरकारी नाले को अतिक्रमण मुक्त कर उसका पक्का निर्माण नहीं कराया गया तो जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे और उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे। इस पर लेखपाल रवि राणा ने बताया कि मामला संज्ञान में हैं। जल्द ही समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा।


नाले पर किया गया कब्जा। ● अमृत विचार

● **लोग बोले, तीन वर्षों से बारिश में टापू बन जाती है कॉलोनी**


बरसात के मौसम में कॉलोनी से कोई जल निकासी का बंदोबस्त नहीं है। जिसकी वजह लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से वह पिछले तीन से चार वर्षों से जूझ रहे हैं। **- सोनू कुमार।**


अवैध कब्जों ने नाले का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर पहुंचा दिया। जल निकासी न होने से नाले-नालियों का पानी कालोनी में ही जमा रहता है। जिससे संक्रामक बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। **- शेर बहादुर**


बरसात में उत्तराखंड से आने वाला पानी सिर का दर्द साबित होता है। पानी निकासी न होने से बारिश का पानी कई-कई दिनों तक कॉलोनी में जमा रहता है। गलियां तालाब में तब्दील हो जाती हैं। **- गुरजीत सिंह।**


तीन वर्षों से समाधान दिवस और मुख्यमंत्री पोर्टल आदि पर शिकायतें करते करते परेशान हैं। लेकिन, यहां के अधिकारी हर बार समस्या का झूठा निस्तारण लगाकर भेज देते हैं। जिस कारण समस्या बनी हुई हैं। **- स्वराज पाल सिंह।**

## न्यूज ब्रीफ

### बमनपुरी स्टेडियम में योगासन चैंपियनशिप का ट्रायल आज

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि केंद्रीय सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश के खेल विभाग के सहयोग से अखिल भारतीय सिविल सेवा योगासन चैंपियनशिप का ट्रायल 7 मार्च को शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 9 मार्च को लखनऊ में होगी। राष्ट्र स्तरीय योगासन चैंपियनशिप टेनिस हॉल सेक्टर-23 चंडीगढ़ में 17 से 21 मार्च तक होगी। जिसके 4 इवेंट ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेयर और रिदमिक पेयर आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए 40 वर्ष तक, 40 से 50 वर्ष एवं 50 वर्ष से अधिक पुरुष और महिला कैटेगरी में प्रतिभागिता की जा सकती है। जिसमें ट्रेडिशनल और आर्टिस्टिक सिंगल में एक-एक प्रतिभागी और पेयर में दो-दो प्रतिभागियों एवं एक-एक पुरुष प्रशिक्षक और मैनेजर को प्रत्येक प्रदेश से भेजा जाएगा। जिसके जिला स्तरीय ट्रायल का 7 मार्च को शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में कराया जाएगा। प्रदेश स्तरीय ट्रायल 9 मार्च को केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में कराया जाएगा। विभागों में कार्यरत एवं अधिकारी इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं।

### तीन दिन में दो चोरी की वारदात, ग्रामीणों में खौफ

**मसवासी, अमृत विचार :** थाना मिलकखानम में चोरी की लगातार घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत है। मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव शादीनगर हजीरा निवासी किसान ने थाने में तहरीर देकर गांव के हिस्ट्रीशीटर पर आरोप लगाया है। बताया कि बीती रात उसके घर से घरेलू सामान के साथ खेतों में इस्तेमाल होने वाली स्प्रे मशीन की टंकी चोरी हो गई। पीड़ित का कहना है कि तीन दिन पहले भी आरोपी ने उसके भाई जसवंत सिंह के घर को निशाना बनाया था। उस समय सिलेंडर और दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए थे। पुलिस ने मोबाइल फोन और गैस सिलेंडर बरामद कर लिए थे। गांव के लोगों का कहना है कि हिस्ट्रीशीटर की गतिविधियों से पूरे इलाके में भय का माहौल है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वह बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। मामले में मिलकखानम थानाध्यक्ष निशा खटाना का कहना है कि यदि लिखित तहरीर मिलती है तो जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जाम के झाम से लोग परेशान, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी बन रहा वजह

## स्कूली बसों और ई रिक्शाओं के कारण सड़कें हो गईं तंग, आए दिन लग रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जुमे के दिन भी शहर जाम की गिरफ्त में रहा। होली निपटने के बाद मुख्य चौराहों पर पुलिस कम होने से जाम लग गया। लोगों को जुमे की नमाज में पहुंचने की जल्दी थी और सड़क पर स्कूलों की बसों और ई रिक्शाओं के चालकों को बच्चों को घर पहुंचाने की। गुइया तालाब पर शिया जामा मस्जिद के निकट नमाज से पहले संकरी सड़क पर स्कूलों की बसें आमने-सामने आ गईं, जिसके कारण जाम लग गया।

आसपास के दुकानदारों को भी काफी परेशानी हुई। शहर की संकरी सड़कों पर स्कूलों की बसें और ई रिक्शाएं दोपहर को जाम लगा देती हैं। स्कूल बसें आमने-सामने आ जाती हैं तब जाम लग जाता है। जल्दी निकलने के चक्कर में ई रिक्शा चालक भी जाम में घुस जाते हैं जिसके कारण जाम की स्थिति और खराब हो जाती है। मिस्टन गंज, बैजनाथ की गली, जच्चा बच्चा सेंटर के सामने, जामा मस्जिद के निकट, बाजार नसरुल्लाह खं में पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं। लेकिन, बापू माल के निकट, कोयले वाली मस्जिद, जेल रोड, गुइया तालाब पर दोपहर में स्कूली बसों और ई रिक्शाओं के कारण भीषण जाम लग जाता है। लोगों का कहना है कि स्कूली बच्चों को वेन में लाया ले जाए तो लोगों को जाम से मुक्ति मिल सकती है।



गुइया तालाब की संकरी सड़क पर दो बसों के आमने-सामने आने से लगा जाम।


शहर की हर सड़क दोपहर में जाम की गिरफ्त में आ जाती है। जाम लगने से बीमार लोगों को अस्पताल तक पहुंचने में परेशानी होती है। प्रशासन शहर की संकरी सड़कों पर स्कूली बसों के संचालन पर रोक लगवाए। – खुर्शीद अहमद


जाम में फंसकर गंतव्य पहुंचने में दोगुना वक्त लग जाता है। स्कूली बसों और ई रिक्शाओं के कारण सड़कें और भी ज्यादा तंग हो जाती हैं और लोगों का निकलना दुश्वार हो जाता है। प्रशासन लोगों को जाम से मुक्ति दिलाए। – नदीम खां


शहर में लोगों का निकलना दुश्वार हो गया है। नमाज के लिए जाने वाले लोग जाम में फंस जाते हैं और उनकी नमाज निकल जाती है। प्रशासन शहर की संकरी सड़कों पर स्कूली बसों के संचालन को बंद कराए। – गुड्डू


गुइया तालाब, कोयले वाली मस्जिद और बापू माल पर स्कूली बसों और ई रिक्शाओं के कारण जाम लग जाता है। प्रशासन स्कूली बसों के संचालन पर रोक लगाकर छोटी वेन चलवाए ताकि, जाम की समस्या से राहत मिले। – साइम अली

## चोरी का खुलासा ना होने पर वकीलों में रोष

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी कस्बा में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के निवास पर हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस के हाथ 14 दिन बीत जाने के बाद भी खाली हैं। पुलिस की इस कार्यप्रणाली को लेकर अधिवक्ताओं ने रोष जताया और कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने एसपी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अरुण कुमार के स्टेनो को सौंपा। अधिवक्ताओं ने बताया कि बीती 20 फरवरी की रात केमरी कस्बा में चोरों ने अधिवक्ता हरिओम सक्सेना के बंद घर को निशाना बनाया था। जब वे सपरिवार एक समारोह में शामिल होने बाहर गए हुए थे। तब चोरों ने घर के ताले तोड़कर नकदी और कीमती जेवरात साफ कर दिए थे।

लेकिन दो सप्ताह बीतने के बावजूद अभी तक चोरी का कोई सुराग नहीं लग सका है। उन्होंने चोरी का जल्द से जल्द खुलासा कर माल बरामद किया जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में अमरीक सिंह चौहान, राकेश शर्मा, दीपांकर बैरागी, मोहम्मद आसिम रजा, गुरपाल सिंह रंधावा आदि मौजूद रहे।

# बाल सेवा योजना में 226 बच्चों के फॉर्म स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 23 साल की उम्र तक मिलती है आर्थिक सहायता

**अमृत विचार :** माता या पिता को खो चुके बेसहारा बच्चों के भरण-पोषण और शिक्षा के लिए महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहारा बनकर उभरी है। योजना के तहत 19 दिसंबर 2025 से आवेदन प्रक्रिया को शत-प्रतिशत ऑनलाइन कर दिया है। जिला अनुमोदन कमेटी की स्वीकृति के बाद बच्चों के बैंक खाते में 2500 रुपये प्रति माह धनराशि पहुंच रही है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि बाल सेवा योजना का लाभ 0 से 23 वर्ष तक के बच्चों को दो चरणों में दिया जाता है। पहला चरण 0 से 18 वर्ष तक का है, जिसमें इंटरमीडिएट की स्कूली शिक्षा तक सहायता दी जाती है। वहीं 18 वर्ष पूरे होने के बाद यदि बच्चा डिग्री कॉलेज या स्नातक की पढ़ाई कर रहा है तो उसे 18 से 23 वर्ष तक दूसरे चरण का लाभ दिया जाता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखना है, इसलिए स्कूल का प्रमाणपत्र लगाना अनिवार्य है। रामपुर जिले में कुल 226 बच्चों के आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। इनमें से बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत 123 बच्चों को स्वीकृति मिली थी, जिनमें से 54 बच्चे वर्तमान में लाभ ले रहे हैं। उन्हें 4000 रुपये प्रतिमाह मिलते है। वहीं बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत 103 बच्चों को स्वीकृति मिली थी, जिनमें से 67 बच्चे वर्तमान में लाभान्वित हो रहे हैं। इन्हें 2500 रुपये प्रतिमाह दिए जाते है। इसके अलावा 49 बच्चों को केंद्र सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां उन्हें 4000 रुपये प्रतिमाह मिलते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए बच्चों को पंजीकृत कराना बेहद जरूरी है।



जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या।

# घर में घुसकर युवक को गोली मारी, चार पर रिपोर्ट

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** घर में घुसकर मारपीट और फायरिंग करने का मामला सामने आया है। फायरिंग में युवक के हाथ में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली के गांव जालफ नंगला निवासी रईस अहमद पुत्र खुर्शीद अहमद का गांव के यासिफ से खेत की मेंढ पर पेड़ लगाने को लेकर विवाद चला आ रहा था। बुधवार को याफिस, जीशान पुत्र नवाब दूला, नवाब दूला पुत्र रफीक और इरफान पुत्र इकबाल उनके घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरु कर दी। विरोध करने पर आरोपियों है ने रहीस अहमद के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपियों ने तमंचे से फायर कर दिया। फायरिंग में रहीस अहमद के हाथ में गोली लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल की चीख पुकार सुनकर उसके परिजन आ गए और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायल की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया है। घायल के भाई रशीद अहमद ने चारों आरोपियों को नामजद तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जायेगा।

## डंपर की टक्कर से ऑटो पलटा, तीन सवारी घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** बरेली जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव घटिया निवासी सूरजपाल (65) अपने परिवार के साथ ऑटो रिक्शा से संभल जिले के दियौरा गांव रिश्तेदारी में होली मिलन समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जब उनका ऑटो शाहबाद क्षेत्र के रामगंगा पुल पर पहुंचा तभी शाहबाद की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में सूरजपाल (65), राम बेटी (60) और ज्ञायाना (55) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने घायलों को ऑटो से बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने सूरजपाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बदलते मौसम में बीमार पड़ रहे लोग, अस्पतालों में भीड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बदलते मौसम में डेंगू से बचने के लिए मच्छरों से सावधान रहें। डेंगू का मच्छर दिन में काटता है इसलिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें। मच्छर काटने से शरीर में डेंगू फैलता है और रोगी की प्लेटलेट्स घटने लगती हैं।

जिला अस्पताल में डेंगू के मरीजों के लिए वार्ड बनाया गया है। बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ गई है, शुक्रवार को 756 मरीजों की ओपीडी हुई। नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने बताया कि डेंगू में तेज बुखार, बदन दर्द होने लगता है। बताया कि डेंगू के लक्षण पाए एस्पिरिन या इबुप्रोफेन जैसी दवाएं न लें। कहा कि घर की खिड़कियों और दरवाजों पर जाली लगवाएं। सोते समय दिन में भी मच्छरदानी का उपयोग करें। शरीर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े फुल स्लीव शर्ट, लंबी पैंट और मोजे पहनें। त्वचा पर मच्छर भगाने वाली क्रीम का प्रयोग करें। घर के अंदर मच्छरों को मारने के लिए स्प्रे या कॉइल का उपयोग करें। घर के आसपास कूड़ा-कचरा न जमा होने दें और नाली में जमा रुकावटों को साफ करें। बताया कि डेंगू के मच्छर सुबह और शाम के समय सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं।



जिला अस्पताल में चिकित्सक कक्ष के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते मरीज। • अमृत विचार

- दिन में काटता है डेंगू का मच्छर पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें

"जिला अस्पताल में बुखार के मरीज बढ़े हैं। मरीजों की जांच कराई जा रही है शुक्रवार को 756 नए मरीजों की ओपीडी हुई है जबकि, 1000 मरीज पुराने हैं। डेंगू के मरीजों के अलग वार्ड बनवा दिया गया है। – **डॉ. बीसी सक्सेना**, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

# डीएम ने दो बच्चों को दी आर्थिक संजीवनी, सौंपे चेक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डीएम अजय कुमार द्विवेदी की संवेदनशीलता और आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा तत्परता दिखाते हुए दो बच्चों को इलाज के लिए आर्थिक संजीवनी दी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन में डीएम ने दो गरीब परिवारों को उनके बीमार बच्चों के इलाज के लिए चाइल्ड एंड केयर प्रोटेक्शन फंड से आर्थिक मदद सौंपी।

डीएम ने तहसील सदर के ग्राम सैजनी नानकार निवासी अफनान के अभिभावक को 47,000 रुपये का चेक दिया। अफनान मुरादाबाद के डीएनबी अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। वहीं तहसील सदर के नालापार की रहने वाली अकशा के परिजनों को 46,500 रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। जिसका इलाज एसएस मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में चल रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अहम भूमिका निभाई, उन्होंने व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कागजी कार्यवाही को मिशन मोड में पूरा करवाया। उनकी इसी सक्रियता का परिणाम रहा कि रिकॉर्ड समय में सहायता राशि स्वीकृत होकर माता-पिता के हाथों में पहुंच गई। डीएम ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य, शिक्षा और उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीपीओ धर्मेन्द्र मिश्रा की कार्यशैली की सराहना की।


चेक सौंपते डीएम अजय कुमार द्विवेदी।

## ढाबे से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** चोरों ने नयागांव के पास एक ढाबे से करीब 50 हजार रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। ढाबा संचालक ने पुलिस को तहरीर दी है।

मोहल्ला डाम कॉलोनी निवासी परशुराम युवा मंच के अध्यक्ष मन्नू शर्मा नैनीताल हाईवे स्थित रुद्राक्ष नाम ढाबा चलाते हैं। बताया कि गुरुवार रात करीब दस बजे वर्करों की कमी के कारण वह ढाबा बंद कर घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह जब वह वापस लौटे, तो ढाबे के मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर सामान बिखरा था, जिसे देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने बताया कि 50 हजार कीमत के जनरेटर का अल्टीनेटर, एलसीडी पैनल, डीवीआर बाक्स, बाइक के शौकर चोरी मिले। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए। ईसानगर चौकी प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि तफ्तीश की जा रही है।

# एकजुटता की अपील


रामपुर में किसान यूनियन भानु की मासिक बैठक। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु की शुक्रवार को बिलासपुर क्षेत्र में मासिक पंचायत की। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके समाधान की मांग उठाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब सभी किसान संगठन एकजुट होकर सरकार के सामने मजबूती से अपनी बात रखें।

उन्होंने सभी संगठनों से एक मंच पर आकर किसानों की आवाज को मजबूत करने की अपील की। किसानों ने कई स्थानीय समस्याएं भी उठाई। किसानों ने बताया कि आवारा पशुओं के कारण खेतों में खड़ी फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। नहरों में पानी की कमी से खेती प्रभावित होने की समस्या भी उठाई गई। इसके अतिरिक्त, जर्जर लिंक मार्गों की समस्या भी किसानों ने उठाई। आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक, धान खरीद में कथित धांधली और बिजली विभाग की मनमानी को लेकर भी किसानों ने नाराजगी व्यक्त की।

## न्यूज डायरी



### बरेली के कालिया ने मारी बाजी

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद के खंदेली गांव में तीन दिवसीय होली मेले का आयोजन हुआ। प्रसिद्ध घुड़दौड़ प्रतियोगिता में बरेली के हाजी नगर के कालिया घोड़े ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। घुड़दौड़ में कुल 15 घोड़ों ने भाग लिया। कालिया घोड़े के मालिक को मेला कमेटी की ओर से इलेक्ट्रिक फैन और नगद पुरस्कार दिया गया। घुड़दौड़ कई वर्षों से चली आ रही एक पुरानी परंपरा है, जिसमें भाग लेने के लिए दूर-दूर से घुड़सवार आते हैं। मेले के पहले दिन गीत-संगीत का आयोजन होता है, जबकि दूसरे दिन मुख्य रूप से घुड़दौड़ प्रतियोगिता होती है। मेले और घुड़दौड़ के दौरान ढकिया चौकी इंचार्ज विनेश कुमार और समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस ने सुरक्षा की सटीक व्यवस्था सुनिश्चित की, जिसमें महिला पुलिस आरक्षी भी शामिल थीं। मेला कमेटी के सदस्यों में भगवानदास आचार्य, अनिल शर्मा, किशनवीर यादव, ओमपाल यादव और पीतांबर प्रधान प्रमुख रूप से शामिल रहे।



### दूषित पानी के विरोध में प्रदर्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्राम अजीतपुर नई बस्ती में भू गर्भ से दूषित पानी आ रहा है। दूषित पानी पीने से लोग जानलेवा बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि कुछ फैक्ट्रियां दूषित पानी भू गर्भ में डाल रही हैं। जिसके कारण हैंडपंप से दूषित पानी आ रहा है। ग्रामीण शुक्रवार को एकत्रित हुए और प्रदर्शन करने बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि अजीतपुर नई बस्ती के पास फैक्ट्री संचालकों द्वारा भू गर्भ में केमिकल युक्त पानी छोड़ा जा रहा है जोकि हैंडपंप से बाहर आ रहा है। फैक्ट्रियों से छोड़े गए पानी से किसानों की फसलें भी बर्बाद हो रही हैं। कहा गया है कि जहरीले पानी को जमीन में उतारने से तुरंत नहीं रोका गया, तो जल्द ही रायपुर, मिलक चिकना, फैजुल्लाहनगर, अहमदनगर, जहांगीर, मड़ैयान और कली आदि गांवों के लोगों को भी दूषित पानी पीना पड़ेगा। कहा कि संचालक पानी फिल्टर कर छोड़ें। इस दौरान जुबैर अहमद सैफी, मोहम्मद आलिम, बबलू, यासीन, सलीम, मोहम्मद अहमद आदि शामिल रहे।



### होली मिलन समारोह में दी पर्व की शुभकामनाएं

**मिलक, अमृत विचार :** ऑल इंडिया एंटी करप्शन एंड सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन जिलाध्यक्ष विनोद प्रकाश सक्सेना के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। नगर स्थित कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने कहा कि होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ बनाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रामपुर जिले की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखते हुए किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई। वहीं क्षेत्र में पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार व कोतवाल पुष्कर सिंह के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखी गई। होली मिलन समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर नंदन प्रसाद, अनुपम पटेल, दिगपाल पटेल, सुधीर शर्मा, डॉ. डीके अग्रवाल, ओमनिवास गुप्ता, केपी गंगवार, रेहान अल्वी, राजेश बाबू सक्सेना, शेखर सक्सेना, जाहिद हुसैन, कैलाश यादव अमीचित रस्तोगी, नीतू गुप्ता उपस्थित रहे।



### एसपी ने पुलिस लाइन में किया परेड का निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद महिला प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों का टर्नआउट आदि चेक किया। जबकि भोजनालय, रीडिंग रूम (लाइब्रेरी), कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी आदि की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## डिपो से बसों के संचालन की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा से सेवा समिति ने शुक्रवार को रोडवेज के एआरएम से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष अवतार सिंह ने मांग की है कि रोडवेज की बसों का संचालन रामपुर डिपो के अंदर से हो। रोडवेज डिपो के बाहर सड़कों पर खड़ी होकर सवारियां भरना गलत है। नियमानुसार रोडवेज बसों का संचालन रोडवेज के अंदर से ही किया जाए। पहले भी कई बार अवगत कराया गया है लेकिन रोडवेज की बसें बाहर रोड पर खड़ी होकर सवारियां बैठाती हैं। जिससे जाम की व्यवस्था बनी रहती है। एआरएम द्वारा आश्वासन दिया गया है कि अब बस का संचालन रोडवेज के अंदर से ही होगा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, अमनदीप सिंह, नारायण सिंह, वजीर सिंह, गुरप्रीत सिंह, मनजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नोकझोंक के बीच ध्वस्त किया अतिक्रमण

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** नगर पालिका ने शुक्रवार को नगर में एसडीएम के साथ अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। पालिका की टीम ने जेसीबी से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया। इस दौरान एसडीएम की हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं से नोकझोंक भी हुई।

शुक्रवार को तहसील से लेकर नगर के मुख्य चौराहे तक दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा हटाने की कार्रवाई की गई। पालिका की टीम ने जेसीबी से दुकानों के आगे बने अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया। अतिक्रमण की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और प्रशासन पर एक समुदाय पर कार्रवाई का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं की एसडीएम से तीखी नोकझोंक हुई। उन्होंने कार्यकर्ताओं पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली तहरीर दी। तहरीर की बात सुन कार्यकर्ता भी कोतवाली परिसर पहुंचे और मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंच गया। कुछ देर कोतवाली में चली नोकझोंक के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया और एसडीएम ने अपनी शिकायत वापस ले ली। कोतवाल पुष्कर सिंह ने बताया कि हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं से एसडीएम की नोकझोंक हुई थी। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली में तहरीर भी दी थी दोनों पक्षों में समझौता हो गया। जिसके बाद उन्होंने अपनी तहरीर वापस ले ली।


मिलक में अतिक्रमण हटाने के दौरान मौजूद एसडीएम व प्रशासनिक टीम।

- मिलक में नगर पालिका की टीम ने एसडीएम के साथ की कार्रवाई

## बाइक फिसली दंपती और बच्ची घायल

**कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में खराब सड़क एक बार फिर हादसे की वजह बन गई। रझेड़ा सलेमपुर गांव के पास शुक्रवार देर शाम सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे बाइक सवार पति-पत्नी और उनकी मासूम बेटी घायल हो गए। संभल के हयातनगर निवासी अंकित अपनी पत्नी रितिका और छोटी बेटी के साथ शुक्रवार को अनूपशहर में रिश्तेदारी में होली मिलने गए थे। देर शाम तीनों लोग बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक रझेड़ा सलेमपुर गांव के पास संभल-गवा मार्ग पर पहुंची, तभी सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण बाइक उछल गई और अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। बाइक गिरते ही अंकित, उसकी पत्नी रितिका और मासूम बच्ची सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

### न्यूज ब्रीफ

## डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को हायर सेंटर भेजा गया है। डिडौली निवासी पृथ्वी शुक्रवार की सुबह किसी काम से गजरौला आ रहा था। जैसे ही वह गजरौला स्थित नेशनल हाईवे पर पहुंचा तो उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस के मदद से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शुक्रवार को नगर के मोहल्ला सोसायटी स्थित मां संतोषी मंदिर परिसर में मां संतोषी महिला मंडल के तत्वावधान में होली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान भक्ति और होली गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस दौरान कुसुम सिंघल ने कहा कि मंदिर में इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किए जाते हैं, जिससे श्रद्धालुओं के बीच आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि होली उमंग, उत्साह, उल्लास, मिठास और बंधुत्व के विविध रंगों से सराबोर करने वाला पर्व है। यह पर्व परिवार, मित्रों और समाज के लोगों के साथ मिलकर प्रेम और सद्भाव के साथ गले मिलने का संदेश देता है।

## पेड़ से लटका मिला एक युवक का शव

**बिजनौर, अमृत विचार :** एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की पहचान कार मैकेनिक सागर सरदार (25) पुत्र कृष्णा सरदार के रूप में हुई है। पुलिस ने प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला बताया है, लेकिन परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना की जानकारी तब हुई जब ग्रामीणों ने ग्राम समाज की जमीन पर खड़े एक पेड़ से सागर का शव लटका देखा। उसके गले में रस्सी का फंदा लगा हुआ था। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली शहर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के भाई और भाभी ने आरोप लगाया है कि सागर की हत्या गांव के ही कुछ लोगों ने की है।

# विकास को तरस रहा स्वतंत्रता सेनानियों का गांव

### शहादत के लिए जाना जाता है गंगेश्वरी गांव, बदहाली से परेशान लोग कई बार कर चुके हैं शिकायत

संवाददाता रहरा(अमरोहा)

**अमृत विचार:** गंगेश्वरी जिसने करीब एक दर्जन से अधिक स्वतंत्रता सेनानियों को अपनी कोख से जन्म दिया है। आज वह और उसका मजरा फूलपुर बदहाली की जिंदगी जीने को मजबूर है। करीब डेढ़ दशक गंगेश्वरी की स्वतंत्रता सेनानियों की जननी नाम से पूरे जनपद में नहीं बल्कि पूरे मंडल अपनी एक अलग पहचान हुआ करती थी। उससे पहले की बात करें तो गंगेश्वरी को विधानसभा के नाम से जाना जाता था। समय बीतने पर विधानसभा का दर्जा खत्म होने के बाद बचा तो गंगेश्वरी के नाम से सिर्फ विकासखंड का नाम।उसे भी पूरे जनपद में सबसे पिछड़ा ब्लाक माना जाता था।लेकिन गंगेश्वरी और उसके मजरा फूलपुर के ग्रामीण स्वच्छ जल पीने को तरस रहे हैं। गंगेश्वरी और फूलपुर के बीच में बगद नदी बह रही है। ग्रामीण उस का नदी का दूषित जल पीने को मजबूर हैं। फूलपुर में शिव मंदिर से सटे परिषदीय विद्यालय से गुजर रहे नाले की दुर्गंध से ग्रामीणों का वहां से गुजरना बंद सा हो गया है।



गंगेश्वरी के मजरा फूलपुर में जलभराव से जर्जर पड़ा मुख्य मार्ग। ● अमृत विचार

### दूल्हे समेत कीचड़ से गुजरने को मजबूर बराती

गंगेश्वरी के मजरा फूलपुर में गांव के एक मुख्य मार्ग पर इस तरह जल भराव और कीचड़ है कि वहां से शादियों के सीजन में दूल्हे व बाराती भी नहीं निकल पाते। सम्मान के साथ बेटियों की दहलीज तक बाराती न पहुंचने पर बेटियों के पिता को सामाजिक असहजता और अपमान का सामना करना पड़ता है।

सामुदायिक शौचालयों की बात करें तो वह भी गंगेश्वरी के मजरा फूलपुर को आज तक एक भी मुहैया नहीं हो पाया। गांव के एक छोर पर बना कूड़ा घर भी ग्रामीणों ने कब्जा कर उपला घर बना लिया है।

वहां कुछ स्पष्ट दिखाई दे रहा है तो दीवारों पर लिखा ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव का नाम। गांव की नालियों की बात करूं तो वह भी गंदगी से अटी पड़ी हैं। फूलपुर का एक रास्ता पर तो इतना जल भराव है कि वहां कोई पैदल भी नहीं गुजर सकता। एक समय था जब मेरे गांव में एक पशु चिकित्सालय के अलावा एक हरे भरे वातावरण के बीच एक स्वास्थ्य केंद्र भी था।

कुल मिलाकर आज स्वतन्त्रता सेनानियों की जननी की कोई पहचान बची है तो बदहाल रास्ते गांव के एक छोर पर दशकों से खंडहर पड़ा पशु चिकित्सालय भवन। यहां अभी तक भी आम आदमी की दहलीज तक बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंच पाई हैं।



पिछले 5 वर्षों से गांव के मुख्य मार्गों के आसपास की नालियां बुरी तरह जर्जर हालत में पड़ी हैं। शिकायत के बाद भी कोई अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। – **कमल सिंह ठाकुर**, किसान नेता, गंगेश्वरी



महीनों पहले जल भराव तथा गंदगी की वजह से गांव के दर्जनों लोग डेंगू की चपेट में आ गए थे। स्वतंत्रता सेनानियों की यह धरती आज विकास को तरस रही है। – **पंकज सिंह ठाकुर**, ग्रामीण, गंगेश्वरी।



गंगेश्वरी के मजरा फूलपुर में प्राथमिक विद्यालय तथा शिव मंदिर के नजदीक से गुजर रहे नाले की कई वर्षों से सफाई नहीं हुई है।जहां निकलना दुश्वार हो रहा है। – **प्रहलाद सिंह**, ग्रामीण फूलपुर मजरा गंगेश्वरी



स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से मशहूर गंगेश्वरी का अब सिर्फ नाम ही रह गया है। समय-समय पर हमारे द्वारा भी किसान पंचायतो में प्रत्येक मुद्दे को उठाया जाता है। – **महेश सिंह**, ग्रामीण गंगेश्वरी



फूलपुर मजरा गंगेश्वरी में प्राथमिक विद्यालय के नजदीक बदहाल नाला।

# इमाम हसन मुजतबा की यौमे विलादत पर हुआ नूरानी जश्न



जश्न में कलाम पेश करते शायर। ● अमृत विचार

संवाददाता सैदनगली

**अमृत विचार:** नगर के इमामबारगाह पीर जी मुस्तकीम अली में दूसरे इमाम हज़रत हसन मुजतबा अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत के सिलसिले से एक नूरानी जश्न हुआ।

देर रात जश्न का आगाज़ मुहम्मद हैदर ने हदीसे किसा की तिलावत से किया। डॉ. लईक हैदर ने ख़ुदा की हम्द व नाते रसूल पढ़ी। उसके बाद रियाजुल हसन, गुलाम हैदर रिजवी, एजाज़ मुर्तज़ा, शबीह हैदर, मुहम्मद अब्बास, अम्मार हैदर, अली काशिफ, फ़िरोज़ हैदर रिज़वी, हसन मेहदी, मिसाल अब्बास, मुहम्मद ज़ैद,

**● इमाम हुसैन की शान में कलाम पढ़े**

रिहान अब्बास, अली रज़ा, यूसुफ, निहाल, शनावर आदि ने इमाम हसन की शान मे कलाम पढ़े। मौलाना हाजी कम्बर अली ने तक़रीर मे कहा कि आखरी रसूल के बड़े नवासे दूसरे इमाम हज़रत हसन मुजतबा अलैहिस्सलाम की विलादत 15 रमज़ान को हुई थी। इमाम का नाम हसन है और मशहूर लक़ब मुजतबा है। इमाम ने सारी दुनिया को अमन सुकून आपसी मेलजोल भाईचारे मुहब्बत का संदेश दिया। मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ कराकर जश्न का समापन हुआ। इस मौके पर काफी तादाद मे लोग मौजूद रहे।

# पति की हत्यारोपी महिला को भेजा जेल

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव दारानगर में ओमपाल की हत्या में शामिल उसकी पत्नी कल्लो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपिता को पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया। जबकि कल्लो के प्रेमी को पुलिस तलाश कर रही है।

क्षेत्र के दारानगर गांव निवासी ओमपाल (35) पुत्र महावीर का शव गुरुवार की सुबह उसके कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। मृतक की पत्नी कल्लो के शोर मचाने पर परिवार के अन्य लोग पहुंचे तथा फांसी के फंदे से शव उतार लिया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने ओमपाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि ओमपाल के भाई की तरफ से मिली तहरीर में ओमपाल की पत्नी कल्लो व उसके प्रेमी पर ओमपाल की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। तहरीर के अनुसार चार मार्च को कल्लो के प्रेमी होली पर मिलने के लिए उसकी ससुराल पहुंचा था। इस



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी कल्लो।

**● प्रेमी के साथ मिलकर बुधवार रात को कर दी थी हत्या**

बीच ओमपाल व उसकी पत्नी के प्रेमी के बीच कहासुनी हो गई थी। गांव वालों ने किसी तरह विवाद शांत कराया था। आरोप है कि प्रेमी ओमपाल को गांव वालों के सामने जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया था। बुधवार की रात किसी समय कल्लो ने प्रेमी के साथ मिलकर ओमपाल की हत्या कर शव फांसी के फंदे पर लटका दिया। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि इस मामले में कल्लो व उसके प्रेमी आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद निवासी बबलू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कल्लो व उसके प्रेमी के बीच डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस मामले में ओमपाल की पत्नी कल्लो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सीएचसी में आशा व एएनएम की हुई समीक्षा बैठक

**मंडी धनौरा , अमृत विचार:** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राहुल कुमार के नेतृत्व में आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम की एक बैठक का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी आशा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे क्षेत्र में सक्रिय रहकर अधिक से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने, जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को लाभ दिलाने तथा महिला और पुरुष नसबंदी कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करें।

# प्रदूषण के खिलाफ किसानों का धरना जारी

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में शुक्रवार को भी जारी रहा। इस दौरान किसानों ने कहा कि रासायनिक फैक्टियों के जहरीले अपशिष्ट से भूजल पूरी तरह दूषित हो चुका है। हैंडपंप से निकलने वाला पानी पीला, बदबूदार और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो गया है। इससे फसलें बर्बाद हो रही हैं, पशु प्रभावित हो रहे हैं और ग्रामीणों में बीमारियां बढ़ रही हैं। किसान इसे साइलेंट किलर बता रहे हैं, जो उनकी आजीविका और ग्रामीण अस्मिता को छीन रहा है। भाकियू संयुक्त मोर्चा के मंडलाध्यक्ष एहसान अली ने कहा कि कठिन ग्रामीण जीवन, बेरोजगारी और रासायनिक कारखानों के अन्याय



धरना प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

**● दूषित पानी को बोतलों में भरकर की नारेबाजी**

के बीच यह धरना प्रकृति, मनुष्य और ग्रामीण जीवन के गहरे संबंध को उजागर करता है। उन्होंने तीखा सवाल उठाया, पेड़ों (किसानों) को मुख्यधारा में लाने की बात की जाती है, लेकिन जल-जंगल-जमीन से उखाड़कर क्या वे कभी मुख्यधारा में आ पाएंगे। बस इसलिए उन्हें काट दिया जाता है। एहसान अली ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने जांच कमेटी गठित की, लेकिन रिपोर्ट दबाई जा रही है और कार्रवाई में जानबूझकर देरी की जा रही है। प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। किसानों ने होली जैसे त्योहारों का बहिष्कार भी किया और चेतावनी दी कि जब तक भूजल की शुद्धि, प्रदूषकों पर सख्त कार्रवाई और स्थायी समाधान नहीं मिलता, धरना जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि विकास के नाम पर उनकी जमीन, पानी और जीवन छीना जा रहा है। इस अवसर पर तेजपाल सिंह,समरपाल सैनी,होमपाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, रामोतार सिंह आदि मौजूद रहे।

## 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह में दुर्घटना रोकने के बताए तरीके

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** नगर के स्टेट हाईवे स्थित नौरेक्स प्राइवेट लिमिटेड में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर वैभव अग्रवाल एवं मोनिका अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा को सर्वोपरि रखने तथा शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के पहले दिन कंपनी की दोनों यूनिट्स में आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए सफलतापूर्वक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास के माध्यम से कर्मचारियों को किसी



कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

भी संभावित दुर्घटना या आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने और सुरक्षित बचाव के तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षा टीम और कर्मचारियों की तत्परता और समन्वय देखने को मिला। इस अवसर पर कंपनी के वीपी ऑपरेशंस शशांक अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक कर्मचारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।

## घरेलू कलह में जहर खाया, अस्पताल में भर्ती

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव मे पत्नी से कलह के चलते जहर खा लिया। हालत बिगड़ी तो परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए अमरोहा के एक निजि अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां उसके स्वास्थ्य में सुधार बताया जा रहा है। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण का अपनी पत्नी से पिछले एक सप्ताह से अनबन चल रही थी। इसी दौरान बृहस्पतिवार को ग्रामीण ने जहर का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ती देख परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में युवक को परिजन इलाज के लिए अमरोहा जिले के एक निजि अस्पताल में लेकर पहुंचे। हालत देख डॉक्टरों ने युवक को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

# पति की हत्या कर शव फेंकने का लगाया आरोप

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** 108 एम्बुलेंस चालक की मौत के मामले में नया मोड़ सामने आया है। उनकी पत्नी ने हत्या कर शव को सड़क पर फेंकने का आरोप लगाया तथा अधिकारियों से निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

क्षेत्र के गांव जलालपुर कलां निवासी सुरेंद्र जनपद बिजनौर में 108 एम्बुलेंस में चालक के पद पर तैनात था। बुधवार की रात अपने घर से किसी काम से गजरौला आया था। वह अपना काम निपटाने के बाद अपने घर वापस जा रहा था। जैसे ही वह अपने गांव जलालपुर कलां के पास पहुंचा तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी। जिससे बाइक सवार सुरेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई थी। सूचना मिलने पर मौके सुरेन्द्र के परिवार वालों भी मौके पर पहुंच गए तथा सुरेन्द्र लेकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने सुरेन्द्र को मृत घोषित कर दिया था। शुक्रवार को 108 एम्बुलेंस चालक सुरेन्द्र की पत्नी ने आरोप लगाया कि सुरेन्द्र की हत्या कर शव को सड़क के पास फेंका गया है। उनकी बाइक पेड़ से नहीं टकराई है। जिसको लेकर एम्बुलेंस चालक की पत्नी ने अधिकारियों से मिलकर मामले में निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# नेशनल हाईवे पर अवैध कटों से बढ़ रहीं दुर्घटनाएं

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर अवैध और असुरक्षित कटों के कारण बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने चिंता जताई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर अवैध कटों को तत्काल बंद कराने और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

शुक्रवार को भाकियू शंकर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। यहां संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने बताया कि बृजघाट से मुरादाबाद तक राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर कई स्थानों पर अवैध और असुरक्षित कट बने हुए हैं। इन कटों के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं, जिससे आम लोगों की जान-माल को खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से गजरौला, रजबपुर और आसपास के क्षेत्रों में स्थिति काफी चिंताजनक हो चुकी है। जिलाधिकारी अमरोहा के प्रयासों से कई बार अवैध कटों को बंद कराया गया, लेकिन कुछ समय बाद अज्ञात आदेशों के चलते इन्हें फिर से खोल दिया जाता है। इसके चलते दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। हाल ही में रजबपुर बाईपास के पश्चिमी कट पर लगातार हो रही दुर्घटनाएं इसका ताजा उदाहरण हैं, जिनमें जनहानि भी हुई है। भाकियू (शंकर) ने जनहित में कई मांगें उठाई हैं।



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने के दौरान मौजूद कार्यकर्ता ● अमृत विचार

संगठन ने बृजघाट से मुरादाबाद तक राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बने सभी अवैध और दुर्घटना संभावित कटों को तुरंत बंद कराने की मांग की है। इसके अलावा गजरौला ओवरब्रिज के बाद बस स्टैंड के पास दोनों दिशाओं में सुरक्षित एग्जिट मार्ग बनाए जाने की बात कही है, ताकि स्थानीय यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके। मांग करते हुए कहा कि राजमार्ग के सभी अंडरपासों पर दोनों ओर रिफ्लेक्टर मिरर लगाए जाएं, जिससे मोड़ या अंधे स्थानों पर वाहन चालकों को सामने से आने

**● कार्रवाई न होने पर 9 मार्च को कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी**

वाले वाहनों का स्पष्ट दृश्य मिल सके। साथ ही रजबपुर बाईपास के दोनों ओर बने अवैध कटों को स्थायी रूप से बंद करने के लिए मजबूत कंक्रीट की दीवार बनाने की मांग भी उठाई गई है, ताकि भविष्य में इन्हें दोबारा न खोला जा सके।

चौधरी दिवाकर सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन (शंकर) 9 मार्च को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी। मांगों से भरा ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस दौरान चौधरी धर्मवीर सिंह, राकेश, रतनपुर रवि, पप्पू, अमित गुर्जर, मनोज कश्यप, हरि सिंह सैनी, उवेश चौधरी, नेमपाल सिंह, शिव स्वरूप, सुभाष पाल, जयदेव सिंह और श्रीराम भगत समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जमीन बेचने पर बेटों ने पिता को पीटा, दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव में बेटों द्वारा अपने बुजुर्ग पिता के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पिता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र गांव अगरौला कला निवासी पीड़ित खेमचंद्र पुत्र बदलू सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पत्नी की लंबी बीमारी और इलाज के चलते उन पर करीब 3 लाख रुपये का कर्ज हो गया है। जब उन्होंने अपने बेटों से कर्ज चुकाने में मदद मांगी, तो बड़े बेटों ने इनकार कर दिया। मजबूरन पीड़ित ने अपने हिस्से की एक बीघा जमीन बेचकर कर्ज उतारने का निर्णय लिया। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर दोनों बेटों ने पिता को गाली-गलौज दी और एक बेटा ने उन्हें बुरी तरह पीटा। पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी बेटों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### न्यूज डायरी

## तीसरे जुमे की नमाज में उमड़ी नमाजियों की भीड़



**बुरावली, अमृत विचार :** बुरावली क्षेत्र के सभी सभी गांवों की मस्जिदों में रमजान के पाक महीने के तीसरे जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद तिलावत का सिलसिला शुरू हुआ। बुरावली की बिलाल मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद नजरे आलम ने खुत्बा देते हुए कहा कि रमजान में जुम्मे के दिन असर से मगरिब के बीच का वक्त कबूलियत का वक्त होता है। रमजान में तीन अशरे होते हैं फिलहाल दूसरा अशरा चल रहा है। जो मगफिरत का है। बुरावली की जामा मस्जिद में हाफिज सुहेल ने नमाज अदा कराई और आयशा मस्जिद में हाफिज सारिम ने नमाज अदा कराई। बिलाल मस्जिद में कारी मोहम्मद नजरे आलम ने नमाज अदा कराई। अड्डे वाली बिलाल मस्जिद में कारी फरहान ने नमाज अदा कराई बांसका की जामा मस्जिद में मौलाना निशाद ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद ईरान की हिफाजत व देश में शांति के लिए दुआ की गई। इस मौके पर सलमान, समीर, इंशाद, अलीशेर, जावेद, निषाद, शादान, शारिक, इक्तेदार आदि लोग मौजूद रहे।



## ब्राह्मण महासंघ ने भाजपा जिला अध्यक्ष का किया स्वागत

**हसनपुर, अमृत विचार :** उदयगिरि गोस्वामी के पुन : भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ ने स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। शुक्रवार को नगर के बाईपास मार्ग स्थित कमाल पैलेस के सभागार में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष शोभित शर्मा के द्वारा एक स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के पदाधिकारियों ने भाजपा जिला अध्यक्ष एवं अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शोभित शर्मा, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, उषा शर्मा, अंकुर अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राजीव शुक्ला, विक्रम महंत, वंदना शर्मा, बबीता सैनी, आम्रपाली गुर्जर, आरती शर्मा, प्रमोद त्यागी, देवेंद्र खड़गवंशी, विजय शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।



## जुम्मे की नमाज के बाद इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर स्थित शिया जामा मस्जिद में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद शिया समुदाय के लोगों ने इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन किया। शुक्रवार को नमाज के बाद बड़ी संख्या में एकत्र हुए लोगों ने ईरान में मारे गए 165 मासूम बच्चों की आत्मा की शांति के लिए अल्लाह से दुआ की। साथ ही दुनिया के सभी देशों से अपील की कि वे युद्ध और हिंसा को रोकने के लिए ठोस कदम उठाएं और विश्व में शांति कायम करने का प्रयास करें। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कहा कि मासूम बच्चों की मौत बेहद दुखद और निंदनीय है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की त्रासदी दोबारा न हो। प्रदर्शन के दौरान शिया समुदाय के कई लोग मौजूद रहे ।

## अमेरिका-इजराइल के खिलाफ किया प्रदर्शन



**सैदनगली, अमृत विचार :** शिया समुदाय ने जुमे की नमाज़ काली पट्टी बांधकर अदा की। जुमे की नमाज के बाद सादात की मस्जिद से लेकर नज़दीक मे स्थित दादे हाजी हरमैन मियाँ की दरगाह तक अमेरिका इजराइल के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया। काफ़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे। इस दौरान अमेरिका इजराइल मुर्दाबाद और ख़ामेनेई ज़िंदाबाद के नारे लगाए गए। मौलाना कम्बर अली और डॉ अहमद मुर्तज़ा ने बताया कि ईरान देश अमेरिका इजराइल जैसे ज़ालिम देशों के आगे कभी हार नही मानेगा। वो ज़ुल्म का डटकर मुकाबला करता रहेगा। हर ज़ुल्म व ज़ालिम का अंत होना निश्चित है।

# छात्र का शव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## जाम लगाकर परिजनों ने जताया आक्रोश, अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई थी छात्र की मौत, मृतक के पिता के समझाने पर माने लोग

कार्यालय संवाददाता,संभल/ ओबरी

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक छात्र की मौत के बाद पोस्टमार्टम के बाद जब छात्र का शव गांव पहुंचा तो परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष टांडा कोठी चौराहे पर पहुंच गए और शव रखकर जाम लगाने का प्रयास किया। वहां पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम लगाने से रोका तो आक्रोशित ग्रामीण छात्र के घर के सामने सड़क पर बैठ गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। काफी देर तक गांव में तनावपूर्ण माहौल बना रहा।

गुरुवार दोपहर असमोली थाना क्षेत्र के मनोटा–टांडा कोठी मार्ग स्थित गांव मतावली पट्टी जग्गू निवासी सुधांशु उर्फ छोटू (18) बाइक से खेत पर सिंचाई करने के लिए घर से निकला था। जैसे ही वह टांडा कोठी की ओर जाने वाले मार्ग पर पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुधांशु गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।


जाम लगाकर हंगामा करते लोग व तैनात पुलिस। ● अमृत विचार


लोगों को समझाते कोतवाल मोहित चौधरी। ● अमृत विचार

● **वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया हंगामा**

घटना की सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शनिवार दोपहर बाद जब पोस्टमार्टम के बाद छात्र का शव गांव पहुंचने की सूचना मिली तो बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष एकत्रित होकर टांडा कोठी चौराहे पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव रोककर जाम लगाने का प्रयास किया। जैसे ही इसकी जानकारी थाना प्रभारी मोहित कुमार चौधरी को मिली, वह तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और किसी तरह जाम लगाने से रोका।

### लोगों ने पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी

रोड से हटकर ग्रामीण छात्र के घर के सामने पहुंच गए, जहां आक्रोशित महिलाएं और पुरुष सड़क पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों का आरोप था कि जिस वाहन ने सुधांशु की बाइक को टक्कर मारी थी वह एक ई–रिक्शा था, जिसका चालक पास के ही एक गांव का रहने वाला है। ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस आरोपी चालक को बचाने का प्रयास कर रही है और अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं की गई है। इस दौरान मौके पर मौजूद थाना प्रभारी मोहित कुमार चौधरी लगातार लोगों को समझाते रहे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि ई–रिक्शा चालक की पहचान कर ली जाएगी और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी कहा कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची

लोगों का आक्रोश देख ऐचोड़ा कंबोह थाना प्रभारी लवनीश सिंह को भी पुलिस बल के साथ मौके पर बुला लिया गया। काफी देर तक चले विरोध और नारेबाजी के बाद आखिरकार छात्र के पिता शीशपाल उर्फ बबलू ने आगे आकर ग्रामीणों और महिलाओं को समझाया। उन्होंने सभी से शांति बनाए रखने की अपील की और बेटे के अंतिम संस्कार की बात कही। पिता की बात मानते हुए ग्रामीण शांत हो गए और विरोध समाप्त कर दिया गया। इसके बाद देर शाम छात्र के शव को गांव के ही श्मशान घाट ले जाया गया, जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# नमाज़ के दौरान टोपी छिपाने को लेकर विवाद

**संभल/ओबरी , अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी में गुरुवार की रात मस्जिद में नमाज़ पढ़ने के दौरान टोपी छुपाने को लेकर बच्चों बच्चों में विवाद हो गया। इसकी जानकारी अगले दिन दोनों के परिजनों को हुई तो विवाद बढ़ गया। इसी बात को लेकर शुक्रवार शाम दोनों पक्षों के लोगों में फिर देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ, जिससे आस पास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। दोनों पक्षों ने पुलिस से शिकायत की।

थाना क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी सुभान पुत्र नासिर गुरुवार की रात गांव में ही एक मस्जिद में नमाज पढ़ने गया था। बताया जा रहा है कि इस दौरान मौहल्ले के अर्श पुत्र मतलूब, आलिम पुत्र अय्यूब दोनों ने सुभान की टोपी छुपा दी । जिसको लेकर विवाद हो गया। इसकी जानकारी सुभान ने अपने परिजनों को दी तो अगले दिन शुक्रवार को उसके परिजन शिकायत करने दोनों के घर पहुंचे। बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर शुक्रवार शाम दोनों पक्षों के बीच पथराव हुआ। दोनों पक्षों ने शिकायत की है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो पक्षों में मारपीट फायरिंग, दी तहरीर

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव पैगा रफातपुर में गुरुवार देर रात दो पक्षों के बीच विवाद बढ़ने पर मारपीट और फायरिंग की घटना से गांव में दहशत फैल गई। बताया जाता है कि रात करीब 11 बजे कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में लाठी–डंडे चलने लगे और इसी दौरान फायरिंग भी हुई। घटना में बब्लू और जगदीश घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को थाने ले जाकर मेडिकल कराया। बब्लू की पत्नी बबली ने कुछ लोगों पर घात लगाकर हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 14 मार्च को चंदौसी में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**चंदौसी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल द्वारा 14 मार्च 2026 को जनपद न्यायालय परिसर चंदौसी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में लंबित और प्री–लिटिगेशन मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इसमें बैंक ऋण, चेक बाउंस, बिजली–पानी बिल, राजस्व, श्रम, वैवाहिक व पारिवारिक विवाद सहित कई मामलों का समाधान किया जा सकेगा। प्राधिकरण ने लोगों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है।

### आज से कई ट्रेन होंगी प्रभावित



**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल ने बरेली सिटी यार्ड स्थित समपार संख्या 248/स्पेशल पर एलएचएस निर्माण कार्य किये जाने के कारण कई गाड़ियों का शनिवार से शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया जाएगा। बदायूं और कासगंज की ओर से आने–जाने वाली सवारी गाड़ियां बरेली जंक्शन तक ही आएंगी और वहीं से चलेंगी, जबकि पीलीभीत, रामनगर, लालकुआं और काठगोदाम की ओर आने–जाने वाली सवारी गाड़ियां इज्जत नगर तक आएंगी और यहीं से वापस चलेंगी।

# घर के पास खड़े युवक पर सांड ने किया हमला, मौत

**बबराला, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव गंगुर्रा में गुरुवार देर शाम छुट्टा गोवंश के हमले में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक किशनपाल।

मिली जानकारी के अनुसार गांव गंगुर्रा निवासी किशनपाल (21 वर्ष) गुरुवार शाम करीब छह बजे अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान अचानक एक छुट्टा गोवंश सांड वहां आ गया और उसने किशनपाल पर हमला कर दिया। सांड ने युवक को सींगों से उठाकर जोर से पटक दिया। हमले में किशनपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देखकर आसपास मौजूद लोग मौके की ओर दौड़े और किसी तरह सांड को वहां से भगाया, लेकिन तब तक किशनपाल की हालत बेहद गंभीर हो चुकी थी। परिजन और ग्रामीण उसे संभालने की कोशिश करते रहे, लेकिन युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही जुनावई थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से आवारा गोवंश की समस्या बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा गोवंश की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

# बसौड़ा पूजन को उमड़े श्रद्धालु ललिता देवी मंदिर पर लगा मेला

● **श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर की सुख समृद्धि की कामना**

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचार:** कैथल गेट स्थित श्री गंगा देवी मंदिर और चुन्नी मोहल्ला के ललिता देवी मंदिर में शुक्रवार को बसौड़ा पूजन किया जाएगा। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं माता शीतला की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और बच्चों की सलामती की कामना की। पांच मंदिरों में पूजन किया गया। वहीं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती भी रही।

बसौड़ा पूजन के अवसर पर शुक्रवार को नगर के श्री गंगा देवी मंदिर और ललिता देवी मंदिर, खिड़कियां मंदिर, ब्रह्म का मंदिर, बूढ़ी माता का मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महिलाएं मंदिर पहुंचकर माता शीतला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए माता से मन्नतें मांगी। पूजन को लेकर पांचों मंदिरों में पिछले कुछ दिनों से तैयारियां चल रही हैं। श्री गंगा देवी मंदिर के बाहर मेले का आयोजन भी किया गया। इसके लिए गुरुवार को रात से ही दुकानदारों ने ठेले और बांस-बल्लियां लगाकर अपनी दुकानों के लिए स्थान सुरक्षित किया और वहां पर दुकान लगाई गई। मंदिर कमेटी में पुलिस प्रशासन तैनात रहा। श्री गंगा देवी मंदिर के पुजारी ने बताया कि मान्यता के अनुसार होली के बाद गर्मी का मौसम शुरू हो जाता है, जिसमें बच्चों में खसरा, काली खांसी, पीलिया और दिमागी बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इनसे बचाव के लिए महिलाएं माता शीतला की पूजा कर बसौड़ा पूजन करती हैं।


ललिता देवी मंदिर में बसौड़ा पूजन करती महिलाएं। ● अमृत विचार

# होली के बाद अचानक छाया घना कोहरा

कार्यालय संवाददाता,संभल/ सौंधन

**अमृत विचार:** होली के दो दिन बाद शुक्रवार की सुबह अचानक घना कोहरा छा गया। कोहरा छाने की वजह से मुख्य मार्गां पर वाहनों की स्पीड पर ब्रेक लगा और वाहन रेंगते हुए चलते नजर आये।

शुक्रवार को सुबह के समय कोहरा इतना घना था कि सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो गई। कई जगहों पर कुछ ही मीटर दूर तक देख पाना मुश्किल हो रहा था। इसके चलते वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर बेहद धीमी गति से वाहन चलाने पड़े। मुख्य सड़कों के साथ-साथ ग्रामीण मार्गों पर भी वाहन रेंग-रेंग कर चलते दिखाई दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्च के महीने में आमतौर पर तापमान बढ़ने लगता है और गर्मी का असर दिखाई देने लगता है, लेकिन शुक्रवार सुबह घने कोहरे ने सभी को चौंका दिया। कोहरे के साथ हल्की ठंडक भी महसूस की गई, जिससे लोगों को सर्दी जैसा एहसास हुआ। कई लोग सुबह टहलने और दैनिक कार्यों के लिए निकलते समय गर्म कपड़े पहने नजर आए। सुबह के समय खेतों में काम करने जाने वाले लोगों को रास्ता साफ दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे उन्हें सावधानी के साथ सफर करना पड़ा। हालांकि जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, कोहरा धीरे-धीरे छंटने लगा और धूप निकलने के बाद स्थिति सामान्य हो गई।


घने कोहरे में निकलते वाहन चालक।

# इजराइल-अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता,संभल/ सिरसी

**अमृत विचार:** रमजान माह के तीसरे जुमे पर नगर पंचायत सिरसी की मस्जिदों और इमाम बारगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। सिरसी में शिया मुसलमानों ने जुमे की नमाज के बाद खामनेई जिंदाबाद के नारे लगाने के साथ ही अमेरिका व इजरायल के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।

नगर के इमाम बारगाह कला गर्वी में शिया समुदाय के मौलाना हसीन अख्तर के नेतृत्व में जुमे की नमाज अदा कराई गई। नमाज के दौरान रोजेदारों और नमाजियों ने पूरे खशू-खुजू के साथ इबादत की। नमाज के बाद मौलाना हसीन अख्तर ने मुल्क में शांति, आपसी सौहार्द और पूरी दुनिया में अमन कायम रहने की दुआ कराई। नमाज अदा करने के बाद इमाम बारगाह कला गर्वी परिसर में मौजूद लोगों ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने अमेरिका और इजरायल की नीतियों के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। नमाजियों ने अमेरिका मुर्दाबाद, इजरायल मुर्दाबाद के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सय्यद अली हुसैनी खामनेई जिंदाबाद जैसे नारे भी लगाए। प्रदर्शन के दौरान शिया समुदाय के लोगों ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में हो रहे अत्याचारों और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है। इसी के चलते उन्होंने जुमे की नमाज के बाद एहतिजाज दर्ज कराया है। लोगों ने कहा कि इंसाफ और मानवता के पक्ष में आवाज बुलंद करना हर इंसान का कर्तव्य है। इस दौरान तुम कितने हुसैनी मारोगे, हर घर से हुसैनी निकलेगा जैसे नारे भी लगाए गए। साथ ही लब्बैक या हुसैन, लब्बैक या हुसैन की सदाएं भी गूंजती रहीं।


सिरसी में जुमे की नमाज के बाद विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी करते शिया मुसलमान।

# होली मिलन समारोह में दिया भाईचारे का संदेश


कार्यक्रम में मौजूद सीनियर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी।

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** सीनियर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से गुरुवार रात्रि होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के दवा विक्रेताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुधींद्र शर्मा, नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय और डॉ. राहुल यादव शामिल हुए। उन्होंने सभी को होली की बधाई दी। संगठन के अध्यक्ष आकाश वार्ष्णेय, महामंत्री अनिल गुप्ता और कोषाध्यक्ष विशाल वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान गीत-संगीत का भी आयोजन किया गया, जिसमें दवा विक्रेता और अतिथि जमकर थिरकते नजर आए। कार्यक्रम में मुकेश गर्ग, हनीफ, दिलीप गुप्ता, संदीप गुप्ता, रमन गुप्ता, लकी गुप्ता, गोविंद वार्ष्णेय आदि लोग मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई जुमे की नमाज


जामा मस्जिद में रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज अदा करते नमाजी।


पीएसी व आरआरएफ जवानों के साथ मुस्तैद कोतवाल गजेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज शुक्रवार को संभल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। नमाज के दौरान देश, दुनिया और शहर में अमन-शांति व भाईचारे की दुआ की गई। जामा मस्जिद पर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए स्थानीय पुलिस के साथ आरआरएफ और पीएसी के जवान भी तैनात रहे।

शुक्रवार को रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज अदा करने के लिए शहर की तमाम प्रमुख मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ नजर आई। जामा मस्जिद में भी बड़ी संख्या में नमाजी जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे। जामा मस्जिद पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बनाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम से जामा मस्जिद क्षेत्र की लगातार निगरानी की गई। वहीं जामा मस्जिद की ओर आने वाले तीन रास्तों पर बैरियर लगाकर आरआरएफ और पीएसी के जवानों को तैनात किया गया। इस दौरान मशहूद अली फारुखी एडवोकेट, काशिफ खान, सईद अख्तर इसराइली, यावर फराज, फैसल, हाजी अनीस, इसरार भाई, दानिश, आरिफ, याबर फराज, मौसुद्दीन, मोहम्मद फैसल, जियाउल हक, रेहान, बिट्टू वारसी आदि लोग मौजूद रहे। जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद बाहर निकले नमाजियों ने बताया कि जुमे की नमाज बेहद सुकून और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। रमजान के तीसरे जुमे के चलते नमाजियों की संख्या अधिक रही।

● **जामा मस्जिद के बाहर तैनात रहा पुलिस बल**

# सेना भर्ती रैली : निष्पक्ष और पारदर्शिता बनाए रखने को परखी तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट केंद्र बरेली परिसर में 11 मार्च से 23 मार्च तक भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत आर्मी भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। आर्मी भर्ती रैली में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में सेना के अधिकारियों ने जानकारी दी कि जाट रेजिमेंट केन्द्र परिसर में आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली में 12 जनपदों में बरेली सहित बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, फर्रुखाबाद और बदायूं के हजारों अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है।

## न्यूज डायरी

### फूलों की होली में झूमीं महिलाएं



**चंदौसी, अमृत विचार :** वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की ओर से फाल्गुन मास के अवसर पर देवी गणेश गंगा मंदिर परिसर में फूलों की होली का उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। प्रदेश सचिव प्रतिभा चौधरी ने कहा कि समिति सामाजिक कार्यों के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में भी सक्रिय रहती है। कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों की होली खेलकर भक्ति और उल्लास का माहौल बनाया। राधा–कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### ट्रक की टक्कर से पलटा ई-रिक्शा दबकर चालक की मौत

**संभल, अमृत विचार :** संभल में जींस की कटिंग के कपड़ों से लदी ई–रिक्शा के नीचे दबकर चालक की मौत हो गई। इस मामले को लेकर अभी परिजनों ने कानूनी कार्रवाई नहीं की है। थाना रायसत्ती क्षेत्र के नई सराय निवासी फारुख (35) ई–रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन–पोषण करता था। घटना के समय वह ट्रक से जींस की कटिंग के कपड़े अपनी ई–रिक्शा में लोड कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सामान लोड करने के बाद फारुख ई–रिक्शा के पीछे खड़ा होकर कपड़ों को रस्सी से बांध रहा था। इसी दौरान वहां खड़ा ट्रक अचानक पीछे की ओर आ गया और ई–रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही भारी सामान से भरी ई–रिक्शा पलट गई और फारुख उसके नीचे दब गया। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर दौड़ पड़े और किसी तरह ई–रिक्शा को सीधा कर चालक को बाहर निकाला। लेकिन भारी सामान के नीचे दबने से उसका सिर बुरी तरह चोटिल हो गया था। परिजन उसे आनन–फानन में मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।


मृतक फारुख।

### धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में छह पर रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के हयातनगर थाना क्षेत्र में होली के दौरान बनाया गया एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद का कारण बन गया। वीडियो में कथित रूप से धार्मिक टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार थाना हयातनगर में मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता समीर ने थाना हयातनगर में तहरीर देकर बताया कि 4 मार्च को चामुंडा मंदिर के पास कुछ युवक एक घर में होली खेल रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने इस्लाम धर्म का नाम लेकर कथित रूप से आपत्तिजनक बातें कहीं, जिससे उनके समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आकाश नामक युवक ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर अपने निजी फेसबुक आईडी पर अपलोड कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मामला तेजी से फैल गया और क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। इसके बाद शिकायतकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आकाश, सचिन कुमार, वीरू, विनीत, विनीत और आजेश कुमार निवासीगण हयातनगर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### इजरायल-अमेरिका की कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन



**संभल, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने इजरायल और अमेरिका की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, वह बेहद अफसोसजनक और नाकाबिल–ए–बर्दाश्त है। यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सीधा उल्लंघन है और इससे वैश्विक शांति को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। सांसद बर्क ने कहा कि बिना संयुक्त राष्ट्र संगठन की अनुमति के किसी भी देश की संप्रभुता पर हमला करना पूरी तरह से गलत है और यह मानवता के खिलाफ अपराध है। उन्होंने कहा कि ईरान और लेबनान के संदर्भ में जो घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें कई मासूम लोगों की जान चली गई है, वे बेहद दुखद और दिल दहला देने वाली हैं। किसी भी देश के सर्वोच्च नेता या निर्दोष नागरिकों, महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाना बेहद जघन्य कृत्य है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। सांसद बर्क ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस मुद्दे पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। हम उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने दुनिया भर के देशों से अपील करते हुए कहा कि सभी मुल्कों को एकजुट होकर इजरायल और अमेरिका की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए आगे आना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच लाख रुपये समेत बैग लौटाने पर बस कर्मी हुए सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ/आजमगढ़ :** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने एक यात्री का खोया हुआ बैग सुरक्षित लौटाने पर परिवहन निगम के चालक और परिचालक की सराहना की है। उस बैग में करीब 5 लाख रुपये और अन्य जरूरी दस्तावेज थे। जानकारी के अनुसार, आजमगढ़ डिपो की बस संख्या यूपी 78 केटी 2112 (आजमगढ़–सुल्तानपुर–लखनऊ सेवा) में यात्रा के दौरान एक यात्री का बैग बस में ही छूट गया था। बस के चालक संदीप पाण्डेय (संविदा) और परिचालक रमेश चंद्र यादव (संविदा) ने बैग को सुरक्षित रख लिया। बताया गया कि जगदीशपुर से चार यात्री बस में सवार हुए थे और आलमबाग बस स्टेशन पर उतर गए थे। उतरते समय उनका एक बैग बस में ही छूट गया। बाद में जब यात्री बैग लेने पहुंचे तो चालक और परिचालक ने उन्हें सुरक्षित बैग लौटा दिया। इधर, परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन सिंह के निर्देश पर संबंधित चालक और परिचालक को क्षेत्रीय प्रबंधक कक्ष में बुलाकर आजमगढ़ के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें उपहार देकर उनकी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की गई।

### गाजियाबाद में रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने प्रभात गर्ग

**अमृत विचार, लखनऊ/ गाजियाबाद :** गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के व्यापार प्रकोष्ठ की संगठनात्मक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने वरिष्ठ उद्योगपति प्रभात गर्ग को रालोद व्यापार प्रकोष्ठ का गाजियाबाद जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही इस मौके आलोक गोयल, देवेंद्र गर्ग, आयुष गोयल, शिवमोहन अग्रवाल सहित कई प्रमुख व्यापारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में सदस्यता ग्रहण करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी हरीश कंसल ने अपने कई साथियों के साथ पार्टी की सदस्यता ली। नए सदस्यों ने पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त की और सदस्यता ग्रहण कर पार्टी की नीतियों का प्रचार–प्रसार करने और जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने व्यापारियों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। अर्बन कमेटी उप्र. के संयोजक इन्द्रजीत सिंह टीटू ने नगर और महानगरों में पार्टी विस्तार पर चर्चा करते हुए निर्धारित समय में लक्ष्यों को पूरा करने का एजेंडा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष डॉ. रेखा चौधरी समेत जिले के पदाधिकारी शामिल रहे।

# आदर्श और शताब्दी बनेंगे जर्जर पशु चिकित्सालय

## राजकीय पशु चिकित्सालयों का प्राइमरी वेटरनरी हेल्थ केयर सेंटर रखा जाएगा नाम

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- शताब्दी को जिला, आदर्श को ब्लॉक स्तरीय दिया जाएगा दर्जा



**अमृत विचार :** पशुपालन विभाग प्रदेश के सभी राजकीय पशु चिकित्सालयों को हाईटेक बनाकर ''प्राइमरी वेटरनरी हेल्थ केयर सेंटर'' नाम देगा। चिकित्सालयों का एक मानक बनेगा और उसी अनुसार विस्तार करेगा। स्ट्रैक्चर में बदलाव होगा, संसाधन और सेवाएं बढ़ाई जाएंगी। 100 वर्ष पुराने जर्जर चिकित्सालयों को शताब्दी बनाकर जिला स्तरीय दर्जा दिया जाएगा। जबकि 50 वर्ष पुराने चिकित्सालयों को आदर्श बनाकर ब्लॉक स्तरीय दर्जा दिया जाएगा।

केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार, पशुपालन विभाग चिकित्सालयों में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। हाईटेक संसाधनों के साथ चिकित्सक, पशुधन प्रसार अधिकारी, फार्मासिस्ट से लेकर फील्ड स्टॉफ तक तैनात किया जाएगा। इससे कि पहले से बेहतर और त्वरित पशुओं का उपचार किया जा सके। पशुपालन विभाग ने सभी जिलों से पुराने व जर्जर चिकित्सालयों की रिपोर्ट मांगी है।

### पांच हजार यूनिट पर एक चिकित्सक

इसके अलावा पांच हजार यूनिट (पशु) पर एक चिकित्सक तैनात किया जाएगा। छोटे पशुओं में 10 भेड़ व 10 बकरी की एक यूनिट बनाई जाएगी। इसी तरह 100 मुर्गियां या पांच सूकर की एक यूनिट बनेगी। जबकि बड़े पशुओं में एक यूनिट में एक गाय या एक भैंस होगी। इन सभी का पशुपालकों के साथ पूरा ब्योरा डिजिटल करने के साथ चिकित्सालय से मैप किया जाएगा। पशुओं की गणना करके ऑनलाइन की जाएगी।

### 1962 का एकीकृत होगा कंट्रोल रूम

पशुपालन विभाग अप्रैल में नया टेंडर होने पर पारदर्शिता के लिए मोबाइल वेटरनरी यूनिट (1962 सेवा) का प्रदेश स्तरीय एकीकृत कंट्रोल रूम बनाएगा। संचालन करने के लिए अलग से कंपनी रखी जाएगी। निदेशालय स्तर से पूरी मॉनीटरिंग होगी। पुरानी व्यवस्था के तहत प्रदेश में पांच कंपनियां जोनवार मोबाइल वेटरनरी यूनिट का संचालन करती हैं। सभी कंपनियों के अलग-अलग खुद के कंट्रोल रूम हैं। कॉल करने पर त्वरित सेवा नहीं मिलती है। लापरवाही की तमाम शिकायतें आती हैं। फिर भी विभाग को मनमानी रिपोर्ट सौंपते हैं।

# मैनपुरी-इटावा में बनेगा 'सारस सर्किट'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पर्यटकों के लिए विकसित होंगी सुविधाएं, इको टूरिज्म और पक्षी संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा



**अमृत विचार :** प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस (क्रेन) के संरक्षण और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार मैनपुरी और इटावा में 'सारस सर्किट' विकसित कर रही है। इस पहल के तहत दोनों जिलों के प्रमुख वेटलैंड क्षेत्रों को जोड़ते हुए पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण का नया मॉडल तैयार किया जाएगा।

सारस सर्किट के अंतर्गत मैनपुरी जिले के किर्थुआ, सहस, कुर्रा जरावां, सौज और समन के साथ इटावा जिले के सरसई नावर तथा परौली रामायण वेटलैंड क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। इन स्थानों पर सारस पक्षी के प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखते हुए इको टूरिज्म की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इस परियोजना का क्रियान्वयन वन विभाग द्वारा यूपी इको टूरिज्म विकास बोर्ड के माध्यम से किया जा रहा है।

सारस सर्किट में प्रवेश द्वार, व्यू प्वाइंट, डेक, बोटिंग स्पॉट, बटरफ्लाई गार्डन और सोलर साइट लाइटिंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा इंटरप्रिटेशन सेंटर, सूचना केंद्र, ईको-टॉयलेट, पार्किंग, इंटरैक्टिव साइनेज, फूड कियोस्क और ओडीओपी व स्मृति चिन्ह की दुकानों की भी व्यवस्था की जाएगी। इन सुविधाओं के माध्यम से पर्यटक सारस पक्षी और उसके प्राकृतिक आवास को करीब से देख और समझ सकेंगे।

सारस पक्षी, जो दुनिया में अपनी लंबी उड़ान के लिए जाना जाता है, उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी है। इसका प्रमुख आवास मैनपुरी, इटावा, एटा और अलीगढ़ के वेटलैंड क्षेत्रों में पाया जाता है। सरकार का प्रयास है कि इन प्राकृतिक आवासों को संरक्षित कर सारस के अनुकूल वातावरण बनाया जाए, जिससे उसकी संख्या और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# सहारा शहर में ईडी का छापा अहम दस्तावेज लगे हाथ

## नगर निगम की अनुमति के बाद टीम ने किया सहारा शहर में प्रवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूरे देश में चल रही जांच की कड़ी में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई



लखनऊ स्थित सहारा शहर।

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गोमतीनगर स्थित सहारा शहर में शुक्रवार को छापा मारा। मौके से कई अहम दस्तावेज हाथ लगे। कुछ दस्तावेजों की जांच के बाद छोड़ दिया गया। जबकि कुछ ईडी की टीम साथ लेकर गई। यह कार्रवाई देश भर में चल रही सहारा समूह की संपत्तियों से जुड़े मामलों की जांच चल रही है। इसी कड़ी में यह कार्रवाई की गई है। कार्रवाई पूर्व ईडी टीम ने नगर निगम से शहर में दाखिल होने की अनुमति मांगी थी। नगर निगम के अधिकारी भी मौके पर थे।

सूत्रों के अनुसार, ईडी सहारा समूह के खिलाफ कई मामलों की जांच कर रही है। इसी कड़ी में सहारा शहर में छापेमारी हुई। नगर निगम ने सहारा शहर पिछले वर्ष सील कर दिया था। अंदर प्रवेश करने के लिए अधिकारियों को सील खोलना जरूरी था। इस कारण नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क किया गया। उनको मौके पर बुलाया गया। औपचारिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद सील खुलवाई गई। फिर ईडी टीम अंदर दाखिल हुई। सूत्रों के मुताबिक, सहारा समूह से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और संपत्तियों के लेन-देन के मामलों की जांच देशभर में चल रही है। इसी कड़ी में लखनऊ स्थित सहारा शहर परिसर में भी दस्तावेजों की पड़ताल की गई। ईडी अधिकारियों ने परिसर के भीतर कई फाइलें और कागजात खंगाले। जांच टीम कुछ जरूरी दस्तावेज अपने साथ भी ले गई है, जिनकी जांच की जाएगी। छापेमारी के दौरान नगर निगम या ईडी के अधिकारियों ने कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं दिया है। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज एकत्र किए हैं। जिनसे आगे की कार्रवाई का रास्ता तय हो सकता है। ईडी की टीम सुबह से सहारा शहर के आसपास घेराबंदी कर ली थी।

### तीन दिन पहले तीन राज्यों में हुई थी छापेमारी

**अमृत विचार :** सहारा प्राइम सिटी जमीन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तीन दिन पहले ओडिशा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में कंपनी और उसके अधिकारियों के कई ठिकानों पर छापेमारी कर इलेक्ट्रॉनिक सबूत जब्त किए थे। ईडी के कोलकाता जोनल ऑफिस ने दो फरवरी को अनंतपुर (आंध्र प्रदेश), बल्लारी (कर्नाटक), भुवनेश्वर और बेहरामपुर (ओडिशा) में सर्च ऑपरेशन किया। सर्च के दौरान व्हाट्सअप कम्युनिकेशन, कॉन्टैक्ट और कॉल रिकॉर्ड जैसे डिजिटल सबूत मिले थे। साथ ही कई आपत्तिजनक कागजातों को जांच के लिए जब्त किया गया था। सहारा समूह की अलग-अलग कंपनियों के खिलाफ 500 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं। सहारा समूह की कई जमीनों को अटैच करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। इनमें बेनामी जमीनें और दूसरे लोगों की संपत्तियां शामिल हैं।

# महिला दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सम्मानित

## बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को मजबूत बनाती हैं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां : लीना जौहरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



उत्कृष्ट कार्य के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करतीं लीना जौहरी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को है। इसी परिप्रेक्ष्य में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान महिला एवं बाल विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव लीना जौहरी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया।

राजधानी के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया। साथ ही उनके द्वारा स्थानीय स्तर पर बच्चों के लिए तैयार किए गए लर्निंग मटेरियल का एक स्टॉल भी लगाया गया, जिसे कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने सराहा। कार्यक्रम का आयोजन स्वयंसेवी संस्था सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट ने मैरिको लिमिटेड के सहयोग से किया। यह पहल निहार शांति पाठशाला फनवाला (मैरिको सीएसआर पहल) के अंतर्गत समर्थित है।

मुख्य अतिथि लीना जौहरी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट की सोनाली खान ने बताया कि बहराइच में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ 100 आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों के लिए फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें बहराइच की 30 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल शिक्षा को बढ़ावा देने, अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने और बच्चों के समग्र विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# कृषि योजनाओं के लिए 43.51 करोड़ मंजूर, मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

- किसानों को ऊर्जा और डिजिटल सेवाओं का मिलेगा लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 43 करोड़ 51 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। विभिन्न योजनाओं के लिए स्वीकृति बजट से प्रदेश में उन्नत कृषि तकनीक, डिजिटल सेवाओं और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी।

योजनाओं में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम-कुसुम) योजना के तहत सब्सिडी के लिए सबसे अधिक 2897 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं।

इसके अलावा कृषोन्नति योजना के तहत यूपी-179 नेशनल ई-गवर्नेंस प्लान एग्रीकल्चर के अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए 1082 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। फसलों से जुड़ा डेटा अधिक सटीक और पारदर्शी तरीके से तैयार किया जाएगा। सरकार ने बीज गुणवत्ता नियंत्रण सुदृढ़ीकरण योजना के लिए 231 लाख रुपये जारी किए हैं। वहीं पीएम-कुसुम योजना के अन्य कार्यों के लिए 57.50 लाख रुपये तथा इंटीग्रेटेड स्कीम ऑन एग्रीकल्चर सेंसस, इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिस्टिक्स के तहत वेतन भुगतान के लिए 40 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।

इसके साथ ही आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) में टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना के लिए 37 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (ऑयलसीड) योजना के अंतर्गत 6.50 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का कहना है कि सरकार का यह निर्णय कृषि क्षेत्र में तकनीकी विकास को बढ़ावा देगा और किसानों की आय बढ़ाने में सहायक साबित होगा। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की कृषि व्यवस्था को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और मजबूत बनाया जा रहा है।

# प्रदेश के हर ब्लॉक में बनेंगे ग्रामीण स्टेडियम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मल्टीपरपज हॉल और एथलेटिक्स ट्रैक से लैस होंगे सभी विकास खंडों के स्टेडियम

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के सभी विकास खंडों में ग्रामीण स्टेडियमों के निर्माण की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। इन स्टेडियमों के बनने से गांवों के युवाओं को अपने ही क्षेत्र में आधुनिक खेल सुविधाएं और प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा।

सरकार की योजना के तहत हर विकास खंड में एक ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम स्थापित किया जा रहा है। इन स्टेडियमों में मल्टीपरपज हॉल, कम से कम 200 मीटर का एथलेटिक्स ट्रैक और विभिन्न आउटडोर खेलों के लिए मैदान विकसित किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में करीब 30 परियोजनाओं पर निर्माण कार्य जारी है।

प्रदेश सरकार का उद्देश्य गांवों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और ग्रामीण प्रतिभाओं को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर देना है। माना जा रहा है कि इससे उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच मिलेगा, जिन्हें संसाधनों की कमी के कारण आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल पाता था।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उत्तर प्रदेश खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक जल्द आयोजित कर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना तैयार की जाए। निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियमों का काम निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। साथ ही प्रत्येक स्टेडियम में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से खेल प्रशिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

### स्पोर्ट्स कॉलेज बनेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

खेल प्रतिभाओं को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए प्रदेश के स्पोर्ट्स कॉलेजों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की योजना भी तैयार की जा रही है। इसके लिए प्रस्ताव जल्द ही खेल विभाग को भेजे जाएंगे। साथ ही स्पोर्ट्स कॉलेजों को स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी से संबद्ध करने की भी तैयारी है, ताकि खिलाड़ियों को व्यवस्थित ढांचे में उन्नत प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें।

### ग्रामीण युवाओं को मिलेंगे अवसर

ग्रामीण स्टेडियम बनने से गांवों के युवाओं को नियमित अभ्यास, स्थानीय प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। इससे वे जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। साथ ही खेल गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।



लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान फूलों की होली खेलते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य।

### प्रदेश में भाईचारे और सद्भाव का वातावरण बनाएं : अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि होली का पर्व हमारे देश की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। हमें इस पर्व को मिल-जुलकर मनाते हुए समाज में प्रेम और भाईचारे को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष शुक्रवार को माल एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा को मजबूत करें तथा प्रदेश में भाईचारे और सद्भाव का वातावरण बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं।

**बढ़ते कदम** | प्रदेश में स्किलिंग और स्टार्टअप से बढ़ रही इनोवेशन की रफ्तार

# 10 लाख युवाओं को एआई ट्रेनिंग देने का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 400 से अधिक एसटीपीआई यूनिट्स और 100 इन्क्यूबेटर विकसित करने का लक्ष्य



**अमृत विचार :** उप्र. में स्टार्टअप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित स्किलिंग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार लगातार नए कदम उठा रही है। सरकार का लक्ष्य एआई और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में करीब 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराना है। स्टार्टअप नीति और एआई प्रज्ञा प्रोग्राम के जरिए प्रदेश में नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में काम तेज हुआ है।

स्टार्टअप नीति, एआई स्किलिंग और तकनीकी निवेश के संयुक्त प्रयासों से कानपुर, लखनऊ, नोएडा और वाराणसी जैसे शहरों में स्टार्टअप गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। इससे एमएसएमई सेक्टर को नई दिशा मिल रही है और युवा उद्यमिता को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने के लिए प्रदेश के 49 आईटीआई संस्थानों में एआई लैब स्थापित की जा रही हैं। इन प्रयोगशालाओं में छात्रों को एआई, डेटा एनालिटिक्स और उन्नत डिजिटल तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सकें। आईटी और तकनीकी क्षेत्र में बढ़ते निवेश का असर निर्यात पर भी दिख रहा है। प्रदेश से आईटी-आईटीईएस सेक्टर का निर्यात बढ़कर 44 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

प्रदेश में टेक्नोलॉजी आधारित स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) की करीब 400 यूनिट्स सक्रिय हैं। इसके साथ ही राज्य में 100 से अधिक स्टार्टअप इन्क्यूबेटर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन इन्क्यूबेटरों के जरिए युवाओं को अपने नवाचार और तकनीकी विचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी के माध्यम से युवाओं को आधुनिक डिजिटल स्किल्स और एआई तकनीक की ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

### मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी

इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में करीब 65 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ प्रदेश एक बड़े विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है। इससे स्टार्टअप और एमएसएमई सेक्टर को भी नई ऊर्जा मिल रही है। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण से जुड़ी सप्लाई चेन में छोटे और मध्यम उद्योगों को नए अवसर मिल रहे हैं, जिससे रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था दोनों को मजबूती मिल रही है।

# गो संरक्षण मिशन में 2100 करोड़ रुपये खर्च करेगी प्रदेश सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्रामीण महिलाएं और एफपीओ भी बनेंगे मिशन के भागीदार

**अमृत विचार :** प्रदेश में गो संरक्षण को ग्रामीण समृद्धि से जोड़ने की दिशा में योगी सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब इस मिशन में ग्रामीण महिलाओं के स्वयं सहायता समूह और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) भी सीधे तौर पर शामिल किए जाएंगे। सरकार का उद्देश्य गो संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के साथ-साथ इसे गांवों में रोजगार और आय का नया माध्यम बनाना है।

उप्र. गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गोवंश संरक्षण के लिए अब तक का सबसे बड़ा बजट स्वीकृत किया गया है। सरकार ने इस उद्देश्य के लिए कुल 2100 करोड़ रुपये खर्च करने का फैसला किया है। इसमें से 2000 करोड़ रुपये गो संरक्षण की विभिन्न योजनाओं पर खर्च किए जाएंगे, जबकि 100 करोड़ रुपये वृहद गो संरक्षण केंद्रों की स्थापना के लिए अलग से रखे गए हैं।

सरकार का मानना है कि गो संरक्षण केवल सांस्कृतिक या धार्मिक परंपरा का विषय नहीं है, बल्कि गोवंश आधारित प्राकृतिक खेती, जैविक खाद, गोमूत्र से बने कीट नियंत्रक और गोबर से तैयार होने वाले उत्पादों को बढ़ावा देने की योजना है, ताकि गो आश्रय केंद्र आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि आगे चलकर हर जिले में चयनित महिला समूहों को प्रशिक्षण देकर गोवंश की देखभाल, पोषण और उससे जुड़े उत्पादों के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इससे गांवों में आय के नए स्रोत विकसित होंगे और महिलाओं को भी आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर मिलेगा।

# अमृत विचार

शनिवार, 7 मार्च 2026






समय के साथ हम अक्सर जिस चीज से डरते हैं, उससे ही नफरत करने लगते हैं।
**-शेक्सपियर**, अंग्रेजी नाटककार

## संतुलित कूटनीति ही सही

भारत से लौटते ईरानी युद्धपोत को अमेरिका द्वारा लंका के निकट हिंद महासागर में मार गिराना हो या ईरान द्वारा कथित रूप से अल्बानिया पर हमला, ऐसी खबरों ने यह आशंका गहरी कर दी है कि यह संघर्ष क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक संकट बन सकता है। जब किसी क्षेत्रीय संघर्ष में बड़ी शक्तियां प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल हो जाती हैं, तो उसका दायरा तेजी से बढ़ने लगता है। ईरान और अमेरिका के बीच बढता सैन्य टकराव वैश्विक ऊर्जा बाजार, समुद्री व्यापार मार्गों और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करेगा। अमेरिकी राजनीति में लंबे समय से यह धारणा रही है कि ईरान की वर्तमान इस्लामी व्यवस्था उसके हितों के अनुकूल नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं ने कई बार ईरान की मौजूदा सत्ता को बदलने की अप्रत्यक्ष इच्छा व्यक्त की है। पर वे किस तरह का बदलाव चाहते हैं? क्या ट्रंप की मंशा है कि वह वेनेजुएला की तरह ईरान का सत्ता प्रमुख स्वयं चुनें और फिर ईरान की व्यवस्था अमेरिका या उनके मुताबिक चले?

किसी भी संप्रभु देश की सरकार का निर्धारण बाहरी शक्तियों द्वारा किया जाना अंतर्राष्ट्रीय कानून और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। ट्रंप को ईरान के सर्वोच्च पद पर खामेनेई का बेटा इसलिए स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि इससे ईरान की मौजूदा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सकती है। अमेरिका संभवतः ऐसी नेतृत्व संरचना चाहता है, जो उसकी नीतियों के प्रति पूर्णतया अनुकूल हो। परंतु सवाल है कि ईरान के नेतृत्व का निर्णय कौन करेगा, ईरानी जनता और उसकी राजनीतिक व्यवस्था या ट्रंप? अंतरdराष्ट्रीय जलक्षेत्र में ईरान के एक जहाज पर अमेरिकी हमले की खबर चिंताजनक है। सामान्यतः ऐसी सैन्य कार्रवाई से पहले संबंधित देशों को चेतावनी दी जाती है, विशेषकर तब जब वह जहाज किसी तीसरे देश के बंदरगाह से होकर गुजर रहा हो। भारत का अतिथि रहकर वापस जा रहे जहाज पर हमले के बाद अपेक्षित था कि इस घटना पर संवेदना और चिंता व्यक्त की जाती। भारत जैसे जिम्मेदार देश के लिए यह संतुलन साधना कठिन अवश्य है, परंतु मानवीय दृष्टि से प्रतिक्रिया अपेक्षित होती है। जहां तक अमेरिका-इसराइल और ईरान के बीच संघर्ष की दिशा का प्रश्न है, फिलहाल यह एक सीमित, लेकिन तीव्र टकराव की ओर बढ़ता दिख रहा है। दोनों पक्ष प्रत्यक्ष युद्ध से बचने की कोशिश करते हुए भी एक-दूसरे पर दबाव बनाने की रणनीति अपना रहे हैं, यदि यह संतुलन टूटता है तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं।

परंपरागत रूप से संवाद, कूटनीति और शांतिपूर्ण समाधान के समर्थक भारत ने पश्चिम एशिया में संघर्ष के शीघ्र अंत का आह्वान किया है। फिलहाल भारत के लिए इस स्थिति में सबसे उपयुक्त नीति संतुलित कूटनीति की है। भारत के संबंध अमेरिका, इसराइल और ईरान तीनों से महत्वपूर्ण हैं। ऊर्जा सुरक्षा, भारतीय प्रवासी समुदाय और व्यापारिक हितों को देखते हुए भारत को किसी पक्ष में खुलकर खड़े होने के बजाय शांति और संवाद का समर्थक बनकर रहना होगा। साथ ही वैश्विक मंचों पर अंतर्राष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के सिद्धांतों की रक्षा की आवाज उठानी होगी। राष्ट्रीय हितों और वैश्विक स्थिरता दोनों के लिए यही नीति सर्वाधिक उपयुक्त है।

### प्रसंगवश

## न्याय के पहरेदारों की सुरक्षा का सवाल

उत्तर प्रदेश में पिछले दिनों रामपुर, बाराबंकी व करनैलगंज (गोंडा) ज़िले में वकीलों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने एक बार फिर प्रदेश में वकीलों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। हत्या पर अधिवक्ता समुदाय में तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। पिछले कुछ वर्षों में वकीलों के प्रति अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। प्रयागराज से लेकर नोएडा तक वकीलों की हत्याएं हुई हैं। शाहजहांपुर के कोर्ट परिसर में वकील की हत्या की गई। आगरा में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की पूर्व प्रथम महिला अध्यक्ष व अन्य वकील की हत्या, कानपुर, नोएडा, वाराणसी व हरदोई में वकीलों की हत्या आदि ऐसे कुछ चर्चित मामले हैं, जो प्रदेश में वकीलों की असुरक्षा को बयान करते हैं, इसके अलावा आये दिन वकीलों पर होने वाले जानलेवा हमलों और छोटे-बड़े अपराधों की फेहरिस्त काफी लंबी है। अधिवक्ता समुदाय के प्रति बढ़ते अपराधों के प्रति पुलिस विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठना लाजमी है।



मु. खालिद जीलानी
एक्टिविस्ट

वकीलों की हत्या और उन पर होने वाले हमलों और दूसरी अपराधिक घटनाओं के विरोध में हर बड़ी घटना के बाद कभी बार काउंसिल तो कभी स्थानीय बार ऐसोसिएशन के आव्हान पर अदालतों में वकील हड़ताल और न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने पर मजबूर होते हैं। वकीलों की अपने और अपने परिवारों की सुरक्षा के लिए एक प्रभावशाली क़ानून बनाने की सरकार से पुरानी मांग है, लेकिन उनकी इस मांग को लगातार अनसुना किया जाता रहा है। हर बार सरकारी या प्रशासनिक आश्वासन पर यकीन कर वकील अपना आंदोलन ख़त्म कर काम पर लौट आते हैं।


वकील क़ानून के शासन (रूल ऑफ़ लॉ) को बनाए रखने और न्याय सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं, वे आज हिंसा, उत्पीड़न और डराने-धमकाने का निशाना बन गए हैं, वकीलों पर व्यक्तिगत और संस्थागत रूप से हमले चिंता की बात है, जो उनकी स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से क़ानून का अभ्यास करने की क्षमता को जान-माल के संभावित खतरों के कारण कम करते हैं। वकील न्याय के प्रशासन, मानवाधिकारों की सुरक्षा, प्रजातंत्र और क़ानून के शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वकीलों की स्वतंत्रता पर हमले पूरे क़ानूनी पेशे पर प्रभाव डाल सकते हैं। 'अदालत में वकीलों की निडरता, स्वतंत्रता, शुचिता, ईमानदारी, समानता ऐसे गुण हैं, जिनकी बलि नहीं दी जा सकती' (आर. मुथुकृष्णन बनाम रजिस्ट्रार जनरल ऑफ द हाईकोर्ट ऑफ ज्यूडिकेचर एट मद्रास एआईआर 2019 एससी 849)। मौलिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए क़ानूनी पेशे की स्वतंत्रता आवश्यक है। जब अधिवक्ता स्वतंत्र, निष्पक्ष, वस्तुनिष्ठ और अखंडता, स्वायत्तता और तटस्थता के साथ कार्य करने में असमर्थ होता है, तो न तो विधि का शासन कायम रह सकता और न ही न्याय ठीक से प्रशासित हो सकता है।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने जुलाई' 2021 में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, 2021 का ड्राफ्ट तैयार किया था। इस ड्राफ्ट का प्रमुख लक्ष्य वकीलों और उनके परिवारों को मारपीट, अपहरण, अवैध कारावास जैसे अपराधों के ख़िलाफ़ सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अधिवक्ता (संरक्षण) विधेयक, 2021 में अधिवक्ता सुरक्षा और वकीलों के लिए वित्तीय सहायता के प्रावधान शामिल हैं। इसके अलावा, यदि कोई उनके अधिकारों का हनन या उल्लंघन करता है, तो ये वकीलों को मुआवज़ा भी देने का उल्लेख करता है। ये ड्राफ्ट कानून मंत्रालय को सौंप दिया था, लेकिन अब तक कोई केंद्रीय क़ानून नहीं बन सका।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# टैक्सेशन और वित्तीय पेशे पर एआई का प्रभाव





रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

दुनियाभर में वित्त और अकाउंटिंग के क्षेत्र में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी अकाउंटिंग और कंसल्टिंग कंपनियां मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर रही हैं।

पिछले कुछ वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने बहुत तेजी से दुनिया की अर्थव्यवस्था, उद्योग और पेशेवर सेवाओं को बदलना शुरू कर दिया है। आज यह सवाल बहुत चर्चा में है कि क्या आने वाले समय में एआई टैक्सेशन, टैक्स फाइलिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA), कंपनी सेक्रेटरी (CS), फाइनेंशियल प्लानर और इंश्योरेंस अंडरराइटर जैसे पेशों की भूमिका को कम कर देगा। यह सवाल केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में उठ रहा है।

टैक्सेशन और अकाउंटिंग का काम हमेशा से डेटा और गणना पर आधारित रहा है, इसलिए यह क्षेत्र ऑटोमेशन और एआई के लिए बहुत उपयुक्त माना जाता है। आज टैक्स रिटर्न भरना पहले की तुलना में बहुत आसान हो गया है। कई जानकारियां पहले से सिस्टम में भरी हुई मिलती हैं और कुछ ही मिनटों में रिटर्न फाइल हो जाता है। बैंकिंग, जीएसटी, पैन और डिजिटल लेन-देन के डेटा के जुड़ने से कर प्रणाली अब पहले से ज्यादा डेटा आधारित हो गई है। आने वाले समय में साधारण टैक्स फाइलिंग और अनुपालन से जुड़े कई काम पूरी तरह मशीनों द्वारा किए जा सकते हैं।

दुनिया भर में वित्त और अकाउंटिंग के क्षेत्र में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी अकाउंटिंग और कंसल्टिंग कंपनियां मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर रही हैं, जिससे ऑडिट, जोखिम का आकलन और वित्तीय विश्लेषण पहले से ज्यादा तेज और सटीक हो गया है। एआई लाखों लेन-देन को बहुत कम समय में जांच सकता है, गड़बड़ी पकड़ सकता है और रिपोर्ट तैयार कर सकता है। पहले जो काम कई दिन या हफ्तों में होता था, वह अब कुछ घंटों में हो सकता है। फिर भी इसका मतलब यह नहीं है कि CA, CS या वित्तीय सलाहकार जैसे पेशे खत्म हो जाएंगे। असल में इन पेशों का काम करने का तरीका बदलने वाला है। दोहराए जाने वाले साधारण काम जैसे डेटा एंट्री, बेसिक कैलकुलेशन और फॉर्म भरना मशीनें आसानी से कर सकती हैं, लेकिन टैक्स प्लानिंग, कानून की सही व्याख्या, जटिल वित्तीय ढांचे को समझना, कंपनी को रणनीतिक सलाह देना और जोखिम प्रबंधन जैसे कामों में इंसानी अनुभव और समझ की जरूरत हमेशा रहेगी। इंश्योरेंस और फाइनेंशियल प्लानिंग के क्षेत्र में भी एआई का उपयोग बढ़ रहा है। आज कई डिजिटल प्लेटफॉर्म कुछ ही मिनटों में किसी व्यक्ति की आय, खर्च और निवेश के आधार पर सलाह दे देते हैं।

बीमा कंपनियां भी जोखिम का आकलन और क्लेम की जांच में एआई का उपयोग कर रही हैं, जिससे समय और लागत दोनों कम हो रहे हैं, लेकिन भारत जैसे देश में लोग केवल आंकड़ों के आधार पर फैसले नहीं लेते; वे परिवार, भविष्य की जरूरतों और व्यक्तिगत परिस्थितियों को भी ध्यान में रखते हैं, इसलिए मानवीय सलाहकार की भूमिका पूरी तरह खत्म होने की संभावना कम है।

भारत में एआई द्वारा इस क्षेत्र में पूरी तरह बदलाव आने में समय लगने के कई कारण हैं। पहला कारण डिजिटल साक्षरता और तकनीकी ढांचे में अंतर है। बड़े शहरों में लोग तकनीक का उपयोग आसानी से कर लेते हैं, लेकिन छोटे शहरों और कस्बों में अभी भी कई लोग डिजिटल प्रक्रियाओं से पूरी तरह परिचित नहीं हैं। दूसरा कारण यह है कि भारत में टैक्स और कॉर्पोरेट कानून काफी जटिल हैं और समय-समय पर बदलते रहते हैं। कई मामलों में कानून की सही व्याख्या करना जरूरी होता है, जो केवल मशीनों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। तीसरा कारण विश्वास का है। भारत में लोग अपने निवेश और टैक्स से जुड़े फैसलों में व्यक्तिगत सलाह को अधिक महत्व देते हैं। वे किसी जानकार से बात करना ज्यादा सुरक्षित मानते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले पांच से दस वर्षों में साधारण टैक्स फाइलिंग और अनुपालन का बड़ा हिस्सा काफी हद तक ऑटोमेटेड हो सकता है। वेतनभोगी वर्ग और छोटे व्यवसायों के लिए एआई आधारित सेवाएं सामान्य हो सकती हैं, लेकिन बड़े कॉर्पोरेट मामलों, अंतर्राष्ट्रीय कर योजना और जटिल वित्तीय मामलों में पेशेवरों की जरूरत लंबे समय तक बनी रहेगी, इसलिए भारत में इस क्षेत्र में पूरी तरह एआई आधारित व्यवस्था बनने में कम से कम पंद्रह से बीस वर्ष लग सकते हैं। यह बदलाव भारत के लिए अवसर भी लेकर आएगा और चुनौतियां भी।

अवसर यह है कि तकनीक से पारदर्शिता बढ़ेगी, टैक्स अनुपालन बेहतर होगा और सेवाओं की लागत कम हो सकती है। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स को सस्ती और तेज सेवाएं मिल सकेंगी। सरकार के लिए भी टैक्स संग्रह आसान हो सकता है, क्योंकि डेटा आधारित निगरानी से कर चोरी कम हो सकती है, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। लाखों पेशेवरों को अपने कौशल को अपडेट करना होगा और नई तकनीक सीखनी होगी। पारंपरिक तरीके से काम करने वालों के लिए यह बदलाव आसान नहीं होगा। इसके अलावा साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता भी एक बड़ी चिंता बन सकती है, क्योंकि वित्तीय डेटा बहुत संवेदनशील होता है। यदि तकनीक तक पहुंच में अंतर बना रहा, तो छोटे शहरों के पेशेवर पीछे रह सकते हैं।

अंत में यह समझना जरूरी है कि एआई किसी पेशे को खत्म नहीं करता, बल्कि उसे बदल देता है। जैसे कंप्यूटर आने के बाद अकाउंटेंट्स की जरूरत खत्म नहीं हुई, बल्कि उनका काम और अधिक महत्वपूर्ण और विश्लेषणात्मक हो गया, उसी तरह एआई भी पेशेवरों को अधिक मूल्यवान और रणनीतिक भूमिका निभाने का अवसर देगा। आने वाले समय में सफल वही पेशेवर होंगे जो तकनीक को अपनाएंगे, डेटा और डिजिटल टूल्स की समझ बढ़ाएंगे और समय के साथ खुद को बदलेंगे, इसलिए असली सवाल यह नहीं है कि एआई पेशेवरों की जगह लेगा या नहीं, बल्कि यह है कि पेशेवर एआई के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए कितने तैयार हैं। यही भविष्य की सफलता का सबसे बड़ा आधार होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



हम शुरुआत से इस बात को कहते रहे हैं कि चुनाव के बाद नीतीश कुमार को भाजपा के लोग मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहने देंगे। आज वो बात सच हुई है। भाजपा ने पूरी तरीके से नीतीश कुमार को हाईजैक कर लिया है।
**-तेजस्वी यादव**
राजद नेता

यह सब तेजस्वी यादव के यहां होता है। इनके यहां लोग हाईजैक हो जाते हैं। जदयू और भाजपा में हाईजैक का कल्चर नहीं है। राजद के वंशवाद और परिवारवाद पर ताला लग गया है। राजद का बिहार की राजनीति में अंश नहीं बचा है।
**-गौरव वल्लभ**
भाजपा नेता



# चिंता से बाहर होता दहेज हत्या का मसला



डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षाविद्

दहेज हत्याएं सवालों और चिंताओं से बाहर हो गई हैं। यह तथ्य दुखद और शर्मिंदा करने वाला है कि भारत में प्रतिदिन बीस बहुएं दहेज की भेंट चढ़ जाती हैं।

राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार 2017 से 2022 के मध्य देश में 35,493 दहेज-मृत्यु अभिलिखित की गईं। अर्थात् प्रतिदिन बीस विवाहित स्त्रियों की असामयिक मृत्यु। जिस देश में 'अधिकार, न्याय और कार्रवाई' की मांग सबसे अधिक प्रासंगिक है, वह देश इसी धरती पर है। भारत में दहेज-पीड़िताओं के विधिक अधिकारों की सूची प्रभावशाली है। 1961 का दहेज-निषेध अधिनियम, भारतीय दंड संहिता की धारा 498-क, घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम 2005 और अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 तथा 85, इन सबने एक सुदृढ़ विधिक ढांचा खड़ा किया है। तिरसठ वर्षों में यह ढांचा बार-बार सुधारा, परिमार्जित और सुदृढ़ किया गया, परन्तु 'अधिकार' की सार्थकता केवल उसके अभिलेखन में नहीं, उसके व्यावहारिक उपयोग में होती है। जब दोषसिद्धि की दर मात्र 11 से 17 प्रतिशत रहती हो, जब 67 प्रतिशत अंवेषण छह माह से अधिक काल तक अधर में रहते हों, तो कागज़ पर लिखे अधिकार उस स्त्री के किस काम के जो न्याय की प्रतीक्षा में प्राण गंवा देती है?

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में 2,200 दहेज-प्रकरण अभिलिखित हुए, किंतु दंड केवल 320 को मिला। राष्ट्रीय महिला आयोग को 2024 में अकेले दहेज-उत्पीड़न की 4,383 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन प्रकरणों में साक्षियों को भयभीत किया जाता है, सबूत विलुप्त होते हैं, पुलिस पारिवारिक दबाव में 'समझौते' को प्रोत्साहित करती है और न्यायालय वर्षों तक प्रकरण सुनती रहती है। इस प्रक्रिया में पीड़ित परिवार न्यायिक थकान का शिकार होकर या तो वाद वापस ले लेता है या मौन हो जाता है। 'न्याय' जब इतना महंगा, इतना दीर्घकालिक और इतना अनिश्चित हो, तो उसे न्याय नहीं, विशेषाधिकार कहना अधिक उचित होगा।

इस न्यायिक दौर्बल्य को समझने के लिए दहेज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ों की परीक्षा आवश्यक है। पितृसत्तात्मक समाज-व्यवस्था में स्त्री को उत्पादन की इकाई न मानकर उपभोग का साधन माना जाता रहा है। 'कन्यादान' की अवधारणा ने पुत्री के साथ संपत्ति भेजने को पितृ-कर्तव्य के रूप में प्रतिष्ठापित किया। इस सांस्कृतिक नींव पर दहेज की मांग धीरे-धीरे सामाजिक स्वीकृति प्राप्त करती गई और रूढ़ि का रूप ले लिया।

जब कोई प्रथा सांस्कृतिक अनुमोदन प्राप्त कर लेती है, तब उसे केवल विधिक दंड से नहीं बदला जा सकता, क्योंकि समाज उस दंड को अनुचित मानता है और उससे बचने के मार्ग ढूंढता है। यही कारण है कि तिरसठ वर्षों के कठोर विधान के उपरांत भी यह प्रथा अपना स्वरूप बदलकर जीवित है और यह नवीन स्वरूप पूर्व से कहीं अधिक जटिल है। आधुनिक उपभोक्तावाद ने दहेज की प्रकृति को रूपांतरित किया है, समाप्त नहीं। जहां पूर्व में भूमि, स्वर्णाभूषण और नकद राशि की मांग होती थी, वहां आज मोटरयान, उच्च-श्रेणी के गृह-उपकरण और कभी-कभी विदेश-यात्रा तक की अपेक्षा रखी जाती है।

सामाजिक संचार माध्यमों पर वायरल होने वाले भव्य विवाह-समारोहों ने एक प्रतिस्पर्धात्मक मनोवृत्ति को प्रोत्साहन दिया है जिसमें विवाह की भव्यता परिवार की प्रतिष्ठा का मानक बन गई है। ग्रामीण भारत में 95 प्रतिशत और नगरीय भारत में 'उपहार' तथा 'आशीर्वाद-स्वरूप' की आड़ में यही प्रथा अव्याहत जारी है। पहनावा बदला है, पर चरित्र वही है।

इस प्रथा का आर्थिक भार भी कम विध्वंसकारी नहीं है। दहेज की पूर्ति के लिए ग्रामीण परिवार प्रायः अपनी एक से तीन वर्ष की आय व्यय कर देते हैं। भूमि बिकती है, स्वर्ण गिरवी रखा जाता है और बैंकों से ऋण लिया जाता है। जब यह आर्थिक बलिदान वर-पक्ष को 'पर्याप्त' नहीं लगता, तब आरंभ होती है, वह प्रताड़ना जो घर की चारदीवारी में छिपी रहती है और जो अन्ततः उस 'रसोई दुर्घटना' के रूप में सामने आती है, जिसे पुलिस रिकॉर्ड में अभिलिखित किया जाता है। इस प्रकार दहेज एक साथ तीन अपराध करता है। यह एक आर्थिक शोषण है, एक मानवाधिकार उल्लंघन है और एक सुनियोजित हत्या की पृष्ठभूमि है।

विधिक स्तर पर दहेज-मृत्यु के प्रकरणों के लिए द्रुत विशेष न्यायालयों की स्थापना, निर्धारित कालावधि में निर्णय और पुलिस-तंत्र को लैंगिक संवेदनशीलता का बाध्यकारी प्रशिक्षण अनिवार्य है। दहेज-निषेध अधिकारियों को ग्राम स्तर पर वास्तविक निगरानी का अधिकार और उत्तरदायित्व दोनों मिलने चाहिए न कि केवल कागज़ी कार्रवाई। 'विकसित भारत 2047' का स्वप्न तब तक अपूर्ण है, जब तक प्रतिवर्ष सात हजार से अधिक दहेज-हत्याएं इस राष्ट्र की सीमाओं के भीतर होती रहें। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य क्रमांक पांच लैंगिक समानता और क्रमांक 16 न्यायपूर्ण संस्थाएं, दोनों की पूर्ति तब तक संभव नहीं, जब तक दहेज की यह प्रथा जीवित है। विश्व की पांचवीं वृहत्तम अर्थव्यवस्था होने का गौरव तब संपूर्ण होगा, जब उसके नागरिकों को, विशेषतः स्त्रियों को, न्याय की त्वरित और सुलभ पहुंच प्राप्त होगी।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## अकेलापन और बंद दरवाजे

अकेलापन एक अजीब चीज़ है। यह हमें उन दरवाज़ों की तरफ वापस खींच ले जाता है, जिन्हें हमने बड़ी मुश्किल से बंद किया था। कभी-कभी बस किसी की मौजूदगी की ख्वाहिश हमें फिर से उन्हीं गलत रिश्तों में उलझा देती है, जिनसे निकलने में हमें बहुत वक़्त लगा था, इसीलिए जरूरी है कि हम खुद को समझें और उस अकेलेपन से हार न मानें। जब कोई हमें नजरअंदाज करता है, बार-बार संदेश भेजने पर भी कोई जवाब नहीं देता, तो हमें यह समझ लेना चाहिए कि आत्मसम्मान, किसी भी उम्मीद से ज़्यादा ज़रूरी है। खुद को उस जगह से हटा लेना, जहां हमारी कद्र नहीं, एक तरह का प्यार ही है- खुद से।



प्रशस्ति पाठक
लेखिका

कुछ चीजें जीवन में हमारे काबू में नहीं होतीं। जैसे-बालों का झड़ना या दांतों का गिरना। ये छोटी-छोटी बातें हमें याद दिलाती हैं कि हम सब कुछ नियंत्रित नहीं कर सकते। यही जीवन है- थोड़ा बेतरतीब, थोड़ा असहज, लेकिन पूरी तरह से सच्चा। अक्सर लोग हमारी तरक्की को देखते हैं, लेकिन वे यह नहीं देख पाते कि उस तरक्की के पीछे कितनी तन्हाई छुपी होती है। खुद को बेहतर बनाने के रास्ते में हम इतने अकेले हो जाते हैं कि कभी-कभी कोई हमारे पास आकर बस इतना कह दे कि 'मैं समझता हूं,' तो आंखें भीग जाती हैं।

वक़्त के साथ एक और बात समझ में आई। सच्ची दोस्ती का रिश्ता समय और दूरी से नहीं, दिल से जुड़ा होता है। साल में बस दो-तीन बार मिलने वाले दोस्त भी उतने ही अपने होते हैं, जितना रोज़ मिलने वाला कोई और रिश्तों की गहराई का असली इम्तिहान तब होता है, जब खामोशी भी बोझ नहीं लगती। जब दो लोग साथ हों और कोई बात न हो, फिर भी सुकून बना रहे, तो समझो वो रिश्ता अब शब्दों से आगे निकल चुका है।

हमेशा उस जगह रहो, जहां तुम्हारे हुनर को सराहा जाए, जहां तुम्हें सम्मान मिले। ऐसे माहौल में रहना, जहां तुम्हें बार-बार खुद को साबित करना पड़े, वो जगह तुम्हारे लायक नहीं है और सबसे खूबसूरत बात ये है कि तुम्हारी जिंदगी में जो लोग तुम्हें सच्चे दिल से चाहेंगे, उनमें से बहुत से लोग अभी तक आए नहीं हैं। प्यार अभी बाकी है। आगे बहुत कुछ अच्छा होने वाला है। अगर आज का दिन बुरा भी हो, तो यह मत भूलो कि साल में 364 और दिन हैं। हो सकता है, कल सूरज तुम्हारे लिए कुछ नया ले कर आए। एक दिन का दुखी होना ज़िंदगी का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत की दस्तक हो सकती है।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## वैश्विक अनिश्चितताओं में भारत की विकास दर

जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश भारत कोरोना काल से पहले ही तेज गति से बढ़ती आर्थिक शक्ति के रूप में उभर चुका था। विश्व की लगभग सभी रेटिंग एजेंसियों जैसे आईएमएफ, फीच, एसएंडपी, मूडीज आदि के अनुमानों के आधार पर भारत की विकास दर आने वाले वर्षों में लगभग साढ़े छह से साढ़े सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं दूसरी ओर विश्व की बड़ी आर्थिक शक्तियां, विशेष रूप से अमेरिका और चीन, कोरोना महामारी के बाद विकास दर में उतार-चढ़ाव का सामना कर रही हैं। अमेरिका लगभग 2 से 2.2 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और चीन की विकास दर 4 से 4.5 प्रतिशत के आसपास है, जो भारत की तुलना में कम है।

भारत की तेज गति से बढ़ती आर्थिक शक्ति का मुख्य कारण लगातार हो रहा ढांचागत विकास, सुदृढ़ होती परिवहन व संचार सुविधाएं तथा आर्थिक सुधारों के मद्देनजर लिए गए नीतिगत फैसले हैं, जैसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के निवेश व टर्नओवर दायरे का विस्तार, आयकर सीमा में वृद्धि, जीएसटी दरों में कमी, नई श्रम संहिताओं का अमल में आना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दृष्टि से गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना का लागू होना, इससे ग्रामीण स्तर पर औद्योगिक ढांचा विकसित होगा तथा रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ेंगे।



प्रो. एचसी पुरोहित
दून यूनिवर्सिटी

स्टार्टअप इंडिया अभियान जैसे नूतन प्रयोग की दस वर्षों की विकास यात्रा पर दृष्टिपात करने से स्पष्ट होता है कि यह उद्यमिता विकास में मील का पत्थर सिद्ध हुआ है, क्योंकि आज दो लाख से अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं और स्टार्टअप इकोसिस्टम की दृष्टि से भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर प्रगति औद्योगिक संरचनाओं के विस्तार का परिणाम है। पिछले पांच वर्षों में 14 महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के माध्यम से विशेष सुविधाएं मिलने से औद्योगिक विकास को गति मिली है। इसके परिणामस्वरूप मेक इन इंडिया अभियान के अंतर्गत भारत आज प्रति वर्ष 63 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात कर रहा है, जबकि एक दशक पूर्व यह लगभग तीन अरब डॉलर था। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में लगातार सुधार से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।

बजट में घोषित सेमीकंडक्टर 2.0 अभियान से औद्योगिक संरचनाओं के विस्तार को और गति मिलने की संभावना है। हाल ही में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन से तकनीकी नवाचार के विकास को नई ऊंचाई मिलेगी, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। भारत की स्पष्ट नीति सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग पर केंद्रित है, इसलिए हरित ऊर्जा और स्वच्छ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हो रही है।

हाल ही में जारी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट होता है कि इसमें चीन की भागीदारी लगभग 25.92 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक है। परंतु प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन के संदर्भ में चीन का स्तर अमेरिका से कम है, जबकि अमेरिका का वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 11.12 प्रतिशत अंशदान है। भारत अपनी सर्कुलर अर्थव्यवस्था और सतत संस्कृति के कारण लगभग 7.83 प्रतिशत ही ग्रीनहाउस उत्सर्जन करती है, जो प्रति व्यक्ति भागीदारी की दृष्टि से अपेक्षाकृत कम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# अजनबी शहर, नई दृष्टि और आत्मखोज की यात्रा



डॉ. गीतिका श्रीवास्तव
सह आचार्य, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय

दिसंबर 2019 की वह रात आज भी मेरी स्मृतियों में जमी हुई ठंड की तरह ताजा है। विमान जब पेरिस की धरती पर उतरा, तब रात आधी बीत चुकी थी। घड़ी ने मध्यरात्रि पार कर ली थी और तापमान शून्य से नीचे जा चुका था। भारत की परिचित गर्माहट से निकलकर यूरोप की उस ठिठुरती हवा में कदम रखते ही मुझे पहली बार अपने निर्णय का वास्तविक अर्थ समझ आया। यह केवल एक यात्रा नहीं थी, यह मेरे जीवन का पहला पूर्णतः एकल अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक अभियान था। विश्व के अग्रणी वैज्ञानिकों के बीच, न्यूरो साइंस और मस्तिष्क अनुसंधान के अत्याधुनिक वातावरण में, मैं वहां एक शोध प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची थी। जब हवाई अड्डे के स्वचालित दरवाजे खुलते ही बर्फीली हवा चेहरे से टकराई, मेरे भीतर वैज्ञानिक जिज्ञासा से पहले एक साधारण यात्री का संकोच जाग उठा। भाषा अनजानी, उच्चारण अपरिचित और शहर पूर्णतः नया, सब कुछ एक साथ मेरे सामने खड़ा था। फिर भी, उस ठंड में एक विचित्र ऊर्जा थी, जैसे प्रकृति स्वयं कह रही हो कि असुविधा ही विकास का पहला कदम है।



## अधूरे वाक्यों के सहारे संवाद का पुल

पेरिस पहुंचते ही मुझे पहली चुनौती भाषा की मिली। अंग्रेजी का प्रयोग सीमित था और फ्रेंच उच्चारण मेरे लिए बिल्कुल नया। स्थानों के नाम, मेट्रो स्टेशनों की घोषणाएं, यहां तक कि लोगों के नाम भी मेरे लिए मानो किसी नए संगीत की धुन थे, जिन्हें समझने में समय लगना स्वाभाविक था। एक साधारण प्रश्न पूछना भी कई बार एक छोटी-सी यात्रा बन जाता। मैं शब्द खोजती, सामने वाला व्यक्ति मुस्कुराकर फ्रेंच में कुछ कहता और हम दोनों ही संकेतों और अधूरे वाक्यों के सहारे संवाद का पुल बनाते, लेकिन यही अनुभव धीरे-धीरे मुझे एक महत्वपूर्ण जीवन पाठ सिखाने लगा। भाषा केवल शब्दों का माध्यम नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का विस्तार है। मुस्कान, सहयोग, धैर्य और सम्मान ये सार्वभौमिक भाषाएं हैं, जिन्हें अनुवाद की आवश्यकता नहीं होती। कुछ ही दिनों में विभिन्न देशों से आए प्रतिभागियों के साथ संवाद सहज होने लगा।



## एफिल टॉवर और पेरिस की सुंदरता

औपचारिक प्रशिक्षण के बाद का समय मेरा अपना था। मैंने निर्णय लिया कि इस शहर को केवल पर्यटक की तरह नहीं, बल्कि एक खोजकर्ता की तरह देखूंगी। पैदल चलकर, गलियों को महसूस करके और शहर की धड़कन को सुनकर। पेरिस की सड़कों पर अकेले चलना एक अद्भुत अनुभव था। ठंडी हवा, हल्की रोशनी और इतिहास से भरी इमारतें हर मोड़ एक कहानी कहता प्रतीत होता। सीन नदी के किनारे टहलते हुए मुझे लगा कि यह शहर केवल स्थापत्य का नहीं, विचारों का शहर है। यहां कला, दर्शन, साहित्य और विज्ञान सब एक साथ सांस लेते हैं, लैटिन क्वार्टर की बौद्धिक ऊर्जा, मोंटमार्ट्रे की कलात्मक आत्मा, संग्रहालयों की गंभीरता और कैफे की सहजता हर स्थान अपने भीतर एक अलग दुनिया समेटे हुए था। फिर वह क्षण आया, जिसे शब्दों में बांधना आज भी कठिन है। जब मैंने पहली बार एफिल टॉवर को सामने देखा। वह वही संरचना थी, जिसे मैंने बचपन में पुस्तकों के पन्नों पर देखा था। भूगोल की किताबों में, पोस्टकार्डों में और कल्पनाओं में, लेकिन वास्तविकता में उसे देखना एक अलग ही अनुभव था। रात के अंधेरे में रोशनी से जगमगाता वह टॉवर केवल लोहे की संरचना नहीं था। वह समय, सपनों और उपलब्धि का प्रतीक था। उस क्षण मुझे लगा कि जीवन में देखी हुई चीजें सपनों को आकार देती हैं और जब वे सपने साकार होते हैं, तो व्यक्ति स्वयं को नए रूप में पहचानता है। पेरिस की सुंदरता केवल उसकी इमारतों में नहीं, बल्कि उसकी लय में है। लोग पैदल खूब चलते हैं, बातचीत में समय लेते हैं और जीवन को अनुभव की तरह जीते हैं। यह शहर आपको रुकना सिखाता है। देखने के लिए, सोचने के लिए और महसूस करने के लिए। लूव्र संग्रहालय की भव्यता, नोट्रे-डेम की गंभीरता, सीन के पुलों की शांति और छोटे-छोटे कैफे की गर्माहट सब मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाते हैं, जहां मन स्वतः चिंतनशील हो जाता है।



### वातावरण

शोध प्रशिक्षण कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत अनुशासित था। समय की पाबंदी केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का मूल तत्व थी। प्रत्येक सत्र निर्धारित समय पर प्रारंभ और समाप्त होता, प्रत्येक चर्चा सटीक और गहन होती। यहां मैंने पहली बार देखा कि ज्ञान केवल जानकारी का संचय नहीं, बल्कि सोचने की विधि है। एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जो हर प्रश्न को गहराई से देखने की प्रेरणा देता है। शीर्ष शोधकर्ताओं के साथ संवाद करना किसी पुस्तक के जीवंत हो उठने जैसा अनुभव था। जिन सिद्धांतों को मैंने वर्षों तक पढ़ा था, वे अब प्रयोगशालाओं में आकार लेते दिख रहे थे। जटिल उपकरण, उन्नत तकनीकें और विचारों की निरंतर धारा यह सब मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया। सबसे महत्वपूर्ण यह था कि वहां प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग की भावना थी। प्रश्न पूछना प्रोत्साहित किया जाता था, जिज्ञासा को सम्मान मिलता था और विचारों का आदान-प्रदान खुलेपन से होता था। मुझे यह समझ में आया कि सच्चा वैज्ञानिक वातावरण वही है, जहां ज्ञान साझा करने से बढ़ता है, छिपाने से नहीं।

---

अनुभूति

# छोलिया की याद



अंजू खरबंदा
शिक्षिका

छोलिया शब्द के साथ बचपन की बहुत सी यादें जुड़ी हैं। बीते दिनों छोलिया लेकर आई तो सब्जी बनाते हुए चलचित्र की भांति कितनी ही यादें आंखों के आगे तैर आईं। किंग्जवे कैंप का घर टूटने पर हमें जहांगीरपुरी में डीडीए द्वारा बनाए नए फ्लैट्स में शिफ्ट कर दिया गया। जिस घर में पैदा हुई उसे छोड़कर जाना, स्कूल, सहेलियां, बचपन के खेल, मां की यादें सभी तो उसी घर से जुड़ी थीं। मायूसी, दर्द और असहनीय पीड़ा का अहसास तारी था बस।

उस वक्त बहुत बड़ी नहीं थी, पर इतनी भी छोटी नहीं थी। पापा बताते हैं कि वह पाकिस्तान से माइग्रेट होकर यहां आए थे, कैंप टूटने पर मुझे भी यही महसूस होता था कि हमें भी जैसे देश निकाला मिल गया हो। कहां किंग्सवे कैंप का खुला-खुला घर और कहां जहांगीरपुरी के दड़बे जैसा फ्लैट! रसोई, एक इकलौता कमरा और एक नन्हा सा वेहड़ा! हम दो परिवार इस एक कमरे के फ्लैट में शिफ्ट हुए। कैसे रहे? याद करती हूं, तो मन भर आता है। नए सिरे से जिंदगी शुरू करनी आसान कहां होती है भला? घर छोटे-छोटे थे अतः अधिकतर लोग घर के बाहर चारपाई बिछा उसी पर बैठे कई काम निपटा लेते। सब्जी काटना, सिलाई मशीन पर कपड़े सिलना, कपड़े तह करना और जाने कितने काम। मैले कपड़े गली के बाहर लगे सार्वजनिक नल पर जाकर धोए जाते। इन कामों में एक काम था छोलिया छिलना। सर्दी की गुनगुनी धूप में घर के काम निपटाकर कुछ महिलाएं स्वेटर बुनती, कुछ सिलाई कढ़ाई करतीं तो कुछ छोलिया छिलने बैठ जाती। पहले पहल तो समझ न आया कि रोज इतने छोलिए का करती क्या होंगी। फिर पता चला कि सब्जी वाले भैया छोलिया छिलने के बदले पैसे देते हैं। ढेर के ढेर हरे छोलिए के गठ्ठर सामने पड़े रहते और महिलाएं बतियाते हुए बीनती जाती। सच पूछिए तो आसान काम नहीं था ये। अपने घर के लिए छोलिया छीलते हुए ही हाथ थक जाते थे और वे महिलाएं तो बिना नागा ढेर सारा छीलती थीं। छिला छिलाया छोलिया लाई और झटपट बना भी लिया, लेकिन जाने क्यों ये सब आज बहुत याद आया।



---

संस्मरण

# कर्म की प्रतिध्वनि

उस रोज इज्जतनगर स्टेशन पर टिकट बुक कराने गया तो उम्मीद से ज्यादा भीड़ थी। टिकट विंडो से बाहर तक लंबी लाइन। शायद त्योहार नजदीक होना इसकी वजह रहा हो। लाइन में लगे लोग इंतजार के फासले को अपने-अपने हिसाब से तय कर रहे थे। टिकट विंडो में हाथ डाला ही था कि एक सज्जन जो कि लाइन में ठीक मुझसे पहले थे और लगभग आधा घंटे किसी से फोन पर क्वेरीज कर-कर के अपने दर्जन भर टिकट ( कुछ कैंसिल कुछ बनवाकर) अभी-अभी निकले ही थे, दौड़ते हुए आए और मेरे हाथ की परवाह किए बिना विंडो में हाथ घुसाते हुए गुस्से की मुद्रा में टिकट कर्ता से बोले- "मैडम आपने हमारा टिकट गलत तारीख का दे दिया।" "नहीं, ऐसा तो नहीं है, टिकट दिखाइए"- टिकट बनाती लड़की बोली। "ऐसा कैसे नहीं है ये देखिए! हमें जाना 20 को है और आपने टिकट 21 का बना दिया"- टिकट देते हुए उन सज्जन ने खौरियाते हुए कहा। लड़की ने टिकट देखा और उस व्यक्ति द्वारा भरे गए फॉर्म से मिलाया। पूरी तरह आश्वस्त होकर बोली -"यह देखिए सर! आपने फॉर्म में जो डिटेल दी है, वही टिकट में है।" व्यक्ति ने तेजी से फॉर्म और टिकट का मिलान किया। खोजने पर भी उस लड़की की नहीं, बल्कि अपनी ही कमी पाकर तुरत गिरगिटिया रूप धर क्रोध को याचना में बदलते हुए बोला- "सॉरी मैडम! ग़लती हो गई। ऐसा कीजिए, इस टिकट की डेट बदल दीजिए।" "ऐसे डेट नहीं बदली जाती। अब यह टिकट कैंसिल करके दूसरा बनवाना पड़ेगा आपको" - लड़की ने कहा। "देख लीजिए कुछ हो सके तो, वरना ऐसा ही ..." वह व्यक्ति बोला।


इतनी देर में लाइन में लगे लोगों का सब्र जवाब दे चुका था। वे अपने-अपने भाषाई संस्कारों से उस व्यक्ति को नवाजने लगे। लड़की ने इस घमासान के बीच कुछ फॉर्म उस व्यक्ति को दिए और ध्यान पूर्वक भरकर लाइन में लगने को कहकर मेरा टिकट बनाने लगी। मैंने टिकट और बकाया पैसे जैसे-तैसे विंडो से मुट्ठी बांधकर बाहर निकाले और स्टेशन के बाहर आ गया। बाहर आकर टिकेट की डेट और अन्य डिटेल चैक की। किराये की राशि देखी। हाथ में आए पैसे भी चैक किए। मिलान किया तो पाया कि मुझ पर चार सौ रुपए ज्यादा आ गए हैं। वापस दो सौ रुपया होने थे। सौ-सौ के चक्कर मे एक सौ के नोट के साथ एक पांच सौ का आ गया था। मैंने फिर से एक बार टिकट और पैसों का मिलान किया और इसे तत्कालीन माहौल में लड़की की मानवीय त्रुटि मानते हुए पैसा वापस करने विंडो पर आ गया। "क्यों, आपकी भी डेट बदल गयी है क्या?" लाइन में लगा एक व्यक्ति बोला। "नहीं भाई"- मैंने जवाब दिया। "तो क्या कोई इन्क्वायरी करनी है, वो विंडो उधर है"- एक और व्यक्ति बोला। "इसीलिए महिला को विंडो पर नहीं बैठाना चाहिए, लोग बार-बार दर्शन करने ..." एक और व्यक्ति ने दांत चियारे।



डॉ. अवनीश यादव
प्रांतीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उप्र

"मैडम मुझ पर चार सौ रुपया ज्यादा आ गए हैं।" - इस चुहल चर्चा के बीच मैं विंडो की ओर मुंह करके जोर से बोला। लड़की टिकट बनाते से सहसा रुकी। मुझे देखा। मैंने मुट्ठी बांधकर टिकट और धनराशि उसे बढ़ा दी। लड़की ने कम्प्यूटर में कैलकुलेट किया और बोली - "थैंक्स अ लॉट सर!" उसकी आंखों में कृतज्ञता की नमी थी, जिसे साफ-साफ देखा और अनुभव किया जा सकता था। अगला हफ्ता बनारस में रहा। वापसी में श्रमजीवी एक्सप्रेस से बरेली लौट रहा था। रात में लगभग दो बजे ट्रेन से उतरा। बाहर आकर रिजर्व ऑटो लिया और घर के गेट पर पहुंच गया। ऑटो वाले को पैसे देने के लिए जैसे ही जेब में हाथ डाला तो सन्न रह गया। जेब से पर्स नदारद था। पर्स में पैसों के अलावा अन्य जरूरी कागजात भी थे। तुरंत ऑटो को बैक किया, लेकिन तब तक ट्रेन जा चुकी थी। उसी ऑटो से वापस आया। पत्नी से पैसे लेकर पेमेंट किया और पर्स में गुम हुई चीजों के बारे में क्या करना है यही सोचते विचारते सो गया।

सुबह ऑफिस पहुंचा और अपने कामों में रम गया। दोपहर में लंच के लिए घर जाने को निकल ही रहा था कि एक अनजान नंबर से फोन आया। "आप कौन बोल रहे हैं जी?"- उधर से आवाज थी। "आपने किसको लगाया है जी?" "जी मैं अवनीश हूं श्रीमान!" मैंने कहा। "कहां से जी?" "बरेली से जी!" "आप अभी बनारस गए थे क्या?" "जी हां, लेकिन आप कौन हैं और यह सब क्यों पूछ रहे हैं?" मैं बोला। "बताऊंगा जी, पहले ये बताओ आपके आई कार्ड पर, जो फोटो लगा है, उसमें आपने किस रंग की शर्ट पहनी है?" वार्तालाप यहां तक आते आते मेरे अंदर पॉजिटिव वाइब्स बहने लगी थीं। "व्हाइट और पिंक चैक!" मैं चहककर बोला और कार्ड पर अंकित पूरी डिटेल भी बता दी। "बहुत बढ़िया यादव जी। मैं राम कीरत सिंह बोल रहा हूं गजरौला से। मेरे पास आपका पर्स है, जिसमे पैंतालीस सौ बासठ रुपए और अन्य कागजात सुरक्षित हैं। रात को बरेली से ट्रेन में बैठा था। सुबह उतरते वक्त सीट के नीचे से अटैची खींची तो यह पर्स मिला। परिचय पत्र में दिए नंबर को मिलाकर ही आप से बात कर रहा हूं। बताइए आपकी अमानत कहां और कैसे पहुंचवा दूं? वैसे कल तक मैं मुरादाबाद में हूं अपने बेटे के पास।" "मैं कल खुद आऊंगा आपके दर्शन करने भाईसाब, मुरादाबाद मेरा गृह जनपद है", मैं भाव विभोर होकर बोला। "अरे वाह! यह तो बहुत बढ़िया। मैं इंतजार करूंगा। पहुंचने को हों तब दस मिनट पहले फ़ोन कीजियेगा, मैं लेने आ जाऊंगा"- उधर से आवाज थी। अगली सुबह बस से मुरादाबाद उतरा। सामने एक सामान्य कद काठी, लेकिन मुस्कराते और जिंदगी की चमक से भरपूर चेहरे को देखते ही मैं पहचान गया कि यही हैं रामकीरत जो वाकई राम जी की कृति भी है और कीर्ति भी। रामकीरत जी के साथ पूरा दिन मुहब्बत और इंसानी जज्बात से लबरेज रहा। लौटते वक्त तक अपरिचय एक खूबसूरत रिश्ते में तब्दील हो चुका था। पुनः यह विश्वास और पुख्ता हुआ कि दुनिया हमारे कार्य व विचारों की प्रतिध्वनि ही है। यह वही लौटाती है, जो हम इसे सौंपते हैं।




---

विमर्श

# 'आधे आसमान' से ही पूर्ण होगा आकाश





अंबिका अंबी
लेखिका

स्त्री सृष्टि की रचयिता है, जो अपने गर्भ से ही जीवन का प्रारंभ करती है। वह परिवार की आत्मा है और समाज की कुशल वास्तुकार है, जो अपनी बौद्धिकता एवं लगन से परिवार में मिठास एवं समाज को प्रगतिशील बनाती है। स्त्री के बिना संसार की कल्पना नहीं की जा सकती है, क्योंकि वह जीवन है। स्त्री के सम्मान में ही सृष्टि का संतुलन एवं समाज का उत्थान है, लेकिन फिर भी सदियों से संसार की स्त्रियां उपेक्षित रही है। यह दोहरी प्रवृति हमारे समाज की सबसे बड़ी विडंबना है, जो आज के वैज्ञानिक युग में भी व्याप्त है। एक ओर जहां हमारे देश में स्त्रियों को मौखिक रूप से देवी का स्थान दिया गया है, वहीं पितृसत्तात्मक व्यवस्था ने आज भी स्त्रियों को बंधनों से जकड़े रखा। इसके पूर्व ही सती प्रथा, बाल विवाह और कन्या भ्रूण हत्या जैसी अनेक कुरीतियों द्वारा शोषण किया गया और आज भी देश में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महिलाएं पिछड़ी हुई हैं और महिलाओं के साथ बालात्कार एवं हिंसा की खबरें तो रोज की बात हो गई है। वर्तमान आंकड़े इस कड़वी हकीकत को और स्पष्ट करते हैं।

वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2025 के अनुसार भारत 148 देशों में 131 वें स्थान पर है, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति होने के साथ महिलाओं की साक्षरता दर बढ़ी है और उच्च शिक्षा में नामांकन लगभग 46 प्रतिशत तक पहुंच गया है, लेकिन परिवार और देश की अर्थव्यवस्था में भागीदारी काफी कमजोर है। महिला श्रम बल भागीदारी दर थोड़ा बढ़ी, परंतु पुरुषों की तुलना में अभी भी बहुत ज्यादा कमजोर है। महिलाएं घरेलू कामों में अधिक समय बिताती हैं, जिससे उनकी वेतन वाली नौकरियों में भागीदारी सीमित रहती है। देश में महिलाओं के साथ उत्पीड़न एवं हिंसा अधिक चिंता का विषय है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है। कार्यस्थल पर उत्पीड़न, साइबर क्राइम और घरेलू हिंसा आज भी लाखों महिलाओं की आजादी छीन रही है। अक्सर सुनने को मिलता है महिलाओं को नौकरी में आरक्षण मिला, यात्रा में भी सुविधा मिली, शिक्षा में साइकिल एवं पोशाक की सुविधा मिल तो गई, अब और कितनी बराबरी चाहिए? यह तंज करने से पहले चिंतन करने की आवश्यकता है कि क्या ये सुविधाएं और आरक्षण ने महिलाओं को परिवारिक-सामाजिक स्तर पर पुरुषों के बराबर अधिकार और स्वतंत्रता दे रही है? अगर लैंगिक बराबरी मिल रही है, तब देश में ही असुरक्षित कैसे है? न आजादी से कही आ-जा सकती, न आजादी से पढ़ लिख सकती, न आजादी से कमा सकती और न ही आजादी से जी सकती है।

आजकल एक और तंज कसे जा रहे है कि 'स्त्रियों को थोड़ी आजादी क्या मिली संस्कारहीन बनती जा रही है।' इस तंज पर एक सवाल की 'क्या संस्कारहीन होने के पैमाने एवं जेंडर निर्धारित होता है?' सदियों से नशे की लत, जुआ, झूठ, धोखा, हिंसा, व्यभिचार जैसी आदतें पुरुषों में भी रही हैं, लेकिन उन्हें 'संस्कारहीन' कहकर समाज ने कभी इतना तीखा तंज नहीं कसा, जितना आज एक लड़की को खुलकर बोलने, देर रात बाहर रहने, करियर चुनने या अपनी पसंद की शादी करने पर कसता है। यह दोहरा मापदंड संस्कार को परिभाषित नहीं करता है। संस्कार असल में नैतिकता, ईमानदारी, सम्मान, जिम्मेदारी और मानवता का नाम है, जो नैतिकता और मर्यादा की सीमा से घिरी है। महिलाओं की बढ़ती आजादी ने समाज को संस्कारहीन नहीं बनाया, बल्कि हिंसा और असमानता को कम करने की कोशिश की है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,918.90 | 24,450.45 |
| बढ़त | 1097.42 | 315.45 |
| प्रतिशत में | 1.37 | 1.27 |

सोना 1,64,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,71,700 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शनिवार, 7 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### दिल्ली एशिया-प्रशांत क्षेत्र का पांचवां सबसे व्यस्त एयरपोर्ट

**नयी दिल्ली।** दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सिंगापुर के चांगी और दक्षिण कोरिया के इंचियोन हवाई अड्डों को पीछे छोड़ते हुए एशिया-प्रशांत क्षेत्र का पांचवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बन गया है। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में एविएशन एनालिटिक्स फर्म (ओएजी) के हवाले से बताया कि जाने वाले विमानों में साल 2025 में 4.62 करोड़ सीटों की उपलब्धता के साथ दिल्ली हवाई अड्डा पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। साल 2019 में यह नौवें स्थान पर था। इसमें 3.28 करोड़ घरेलू सीटें शामिल हैं।

### भारत में रिलायंस बेचेगा फिनलैंड में बनी फेजर की चॉकलेट

**नयी दिल्ली।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने फिनलैंड की अग्रणी फूड कंपनी फेजर के साथ एक समझौते की घोषणा की है। आरसीपीएल ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस समझौते के तहत फेजर भारतीय ग्राहकों के लिए प्रीमियम चॉकलेट और कंफेक्शनरी उत्पाद पेश करेगी। फेजर के उत्पाद फिलहाल 40 से अधिक देशों में उपलब्ध हैं। दोनों कंपनियां भारत में दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी के तहत फेजर के रेसिपी और गुणवत्ता मानकों के अनुसार, चॉकलेट का उत्पादन, मार्केटिंग और वितरण करेंगी।

### फरवरी में ईवी पंजीकरण में 44 % की वृद्धि: फाडा

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में फरवरी में सालाना आधार पर 44% की बढ़ोत्तरी हुई है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फरवरी, 2026 में ईवी की कुल बिक्री बढ़कर 13,733 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9,505 इकाई थी।

### तीन कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने ऊर्जा क्षेत्र की ईस्टमैन ऑटो एंड पावर, कलपुर्जा विनिर्माता माइलस्टोन गियर्स और कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की कंपनी बॉनब्लॉक टेक्नोलॉजीज को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से कुल 3,300 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दे दी है। इन कंपनियों ने अक्टूबर और दिसंबर के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने शुरुआती दस्तावेज जमा कराए थे, जिस पर नियामक ने चार से पांच मार्च के दौरान अपनी टिप्पणियां जारी कीं। सेबी की भाषा में 'टिप्पणी' जारी करने का अर्थ सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी होता है।

### 18 पैसे टूटकर 91.82 प्रति डॉलर पर आया रुपया

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे लुढ़ककर 91.82 पर बंद हुआ। रुपये में यह गिरावट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति की वजह से आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया के टकराव के बढ़ने से सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना। विदेशी कोषों की सतत निकासी और घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के रुख ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को और भी प्रभावित किया।

## कारीगरी



जम्मू-कश्मीर, विशेषकर अनंतनाग और संगम (श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे) क्षेत्र, अपने विश्व प्रसिद्ध कश्मीरी विलो क्रिकेट बल्लों के निर्माण के लिए जाना जाता है। यहां प्रतिवर्ष 30 लाख से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले बल्ले बनाए जाते हैं, जिसमें 500 से अधिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स निर्माण में शामिल हैं। ये बल्ले अपनी मजबूती और कम कीमत के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हैं। ये बल्ले 'सालिक्स अल्बा' नामक विलो लकड़ी से बनते हैं, जो ठंडे और गीले इलाकों में पनपती है। फोटो • एजेंसी

# कच्चे तेल में उबाल से फिसला सेंसेक्स, 1097 अंक टूटा

## विदेशी बाजारों की कमजोरी और निवेशकों की लगातार बिकवाली ने बनाया दबाव

**मुंबई, एजेंसी**



- एक्सिस बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, एयरटेल समेत कई बड़ी कंपनियों के शेयरों में रही तेज गिरावट

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के सातवें दिन शुक्रवार को निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,097 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी 315 अंक लुढ़क गया।

विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, अमेरिकी एवं यूरोपीय बाजारों में कमजोरी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार पर दबाव बनाया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,097 अंक यानी 1.37 प्रतिशत टूटकर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,203.72 अंक लुढ़ककर 78,812.18 अंक तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 315.45 अंक यानी 1.27 प्रतिशत के नुकसान के साथ 24,450.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, एनटीपीसी, इन्फोसिस और एचसीएल टेक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। पश्चिम एशिया संकट गहराने से कच्चे तेल के दामों में तेजी के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.53 प्रतिशत चढ़कर 87.57 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। यह तेजी भारत के चालू खाते के घाटे, मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकती है।

व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.10 प्रतिशत नीचे आया, जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप 0.43 प्रतिशत के नुकसान में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में भी व्यापक गिरावट रही। शीर्ष 10 बैंकों में 2.37 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई जबकि प्राइवेट बैंक सूचकांक 2.25 प्रतिशत, बैंकेक्स 2.14 प्रतिशत और वित्तीय सेवाएं सूचकांक 2.12 प्रतिशत गिर गया।

इसके अलावा बीएसई पीएसयू बैंक सूचकांक 1.99 प्रतिशत और सेवाएं सूचकांक 1.35 प्रतिशत के नुकसान में रहा। हालांकि पूंजीगत वस्तु, औद्योगिक और बिजली क्षेत्र के सूचकांकों में बढ़त दर्ज की गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,304 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,895 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए और 175 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# सरकार ने रिफाइनरियों पर लगाया एस्मा एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश

## पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच रसोई गैस की आपूर्ति बहाल रखने के लिए उठाया कदम

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश देने के लिए 'एस्मा' कानून के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया है। इसका मकसद पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण संभावित व्यवधानों से निपटने के लिए घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता बढ़ाना है। भारत की एलपीजी खपत वित्त वर्ष 2024-25 में 3.13 करोड़ टन थी, जिसमें से केवल 1.28 करोड़ टन का उत्पादन घरेलू स्तर पर किया गया था। बाकी का आयात किया गया था।

भारत का 85-90 प्रतिशत आयात सऊदी अरब जैसे देशों से आता है जो आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच एक सप्ताह से जारी संघर्ष के कारण यह समुद्री मार्ग बंद हो गया है। भारत में तेलशोधन क्षमता पर्याप्त होने के



बावजूद तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के उत्पादन में कमी को देखते हुए सरकार ने रिफाइनरियों को इसका उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पांच मार्च को जारी एक आदेश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की सभी रिफाइनरियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उत्पादन के दौरान निकलने वाली प्रोपेन और ब्यूटेन गैस का अधिकतम उपयोग एलपीजी के उत्पादन में किया जाए। एलपीजी असल में प्रोपेन और ब्यूटेन गैसों का मिश्रण होता है और देश में इसका उपयोग मुख्य रूप से घरेलू रसोई गैस के रूप में किया जाता है।

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (एस्मा) के तहत जारी इस आदेश में तेल रिफाइनरियों से कहा गया है कि वे उत्पादित एलपीजी को केवल तीन सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों- इंडियन ऑयल (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को ही उपलब्ध कराएं। साथ ही सरकार ने रिफाइनरियों को प्रोपेन एवं ब्यूटेन का उपयोग पेट्रोकेमिकल उत्पाद बनाने में करने से रोक दिया है।

मंत्रालय ने कहा है कि सभी तेल रिफाइनिंग कंपनियां प्रोपेन या ब्यूटेन का इस्तेमाल न तो पेट्रोकेमिकल उत्पादों के निर्माण के लिए करेंगी और न ही उनका उपयोग, प्रसंस्करण, क्रैकिंग या रूपांतरण करेंगी। आदेश में कहा गया है कि इन गैसों से बनने वाली एलपीजी केवल घरेलू उपभोक्ताओं को खाना पकाने के उपयोग के लिए बेची जाएगी। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित कंपनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। भारत में इस समय 33.08 करोड़ सक्रिय एलपीजी उपभोक्ता हैं और सरकार की कोशिश रसोई गैस की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने की है।

### भारत से पेट्रो उत्पादों का आयात करेगा मॉरीशस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने शुक्रवार को कहा कि मॉरीशस जल्द ही सरकार-से-सरकार (जी2जी) व्यवस्था के तहत भारत से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात शुरू करेगा। रामफल ने कहा कि पहले भी हमारे पास भारतीय सरकार के साथ एक समान व्यवस्था थी, जिसमें मैंगलोर तेल रिफाइनरी शामिल थी। यह सरकार-से-सरकार व्यवस्था थी और हमें लगातार पेट्रोल की आपूर्ति अपेक्षाकृत कम कीमत पर मिलती थी। हम भारत सरकार के साथ इसी तरह की व्यवस्था की उम्मीद कर रहे हैं। मॉरीशस पूरी तरह से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भर करता है। यहां सालाना परिष्कृत पेट्रोलियम आयात का मूल्य लगभग 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर है। रामफल ने यह भी कहा कि हम यह विचार कर रहे हैं कि शायद पेट्रोल को रुपये में खरीदें, जिससे यह मॉरीशस के लिए और भी आकर्षक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट उन देशों को काफी प्रभावित करेगा जो पेट्रोलियम आयात पर अधिक निर्भर हैं। रामफल ने कहा-इसका असर छोटी और कमजोर अर्थव्यवस्थाओं जैसे मॉरीशस पर व्यापक रूप से पड़ेगा।

# अमेरिकी छूट के बाद भारतीय कंपनियों ने खरीदा दो करोड़ बैरल रूसी तेल

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में रूसी तेल के एक दर्जन से अधिक टैंकर मौजूद
- 5 मार्च से पूर्व जहाजों पर लदे तेल की भारत में आपूर्ति करने और उतारने की दी अनुमति

पश्चिम एशिया संकट से तेल आपूर्ति बाधित होने के बीच भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने अमेरिका ने समुद्र में फंसे रूसी कच्चे तेल को खरीदने के लिए 30 दिन की अस्थायी छूट दे दी।

सूत्रों ने बताया कि इसका फायदा उठाते हुए भारतीय रिफाइनरों ने लगभग दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीद लिया है, जो अधिकतर गैर-प्रतिबंधित इकाइयों से लिया गया है।

रिफाइनिंग कंपनियां इस बारे में कानूनी राय भी ले रही हैं कि क्या अमेरिकी छूट के तहत प्रतिबंधित संस्थाओं से भी खरीद की अनुमति है या नहीं। अमेरिका ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के विरोध में रूसी कच्चे तेल की खरीद पर कई पाबंदियां लगाई हुई हैं। हालांकि, पश्चिम एशिया संकट गहराने के बाद अमेरिकी प्रशासन ने एक 30-दिन का लाइसेंस जारी किया है, जिसके तहत पांच मार्च, 2026 से पहले जहाजों पर लोड किए गए रूसी मूल के कच्चे तेल या पेट्रोलियम उत्पादों की भारत में आपूर्ति करने और उतारने की अनुमति दी गई है।

भारत 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बनकर उभरा था, लेकिन हाल के महीनों में अमेरिकी दबाव के चलते इस खरीद में खासी गिरावट आई थी। इस कटौती की वजह से अमेरिका ने फरवरी की शुरुआत में भारतीय उत्पादों पर लगाए 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटाने के साथ ही एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनने की भी घोषणा की थी।

बता दें कि 1.5 करोड़ बैरल रूसी कच्चा तेल अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में टैंकर पर मौजूद है, लगभग 70 लाख बैरल तेल सिंगापुर के पास खड़े जहाजों में है।

# एआई इफेक्ट: युवा कर्मियों की भर्ती धीमी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कृत्रिम मेधा (एआई) से अभी तक नौकरियों का कोई उल्लेखनीय नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन इस प्रौद्योगिकी से प्रभावित व्यवसायों में युवा कर्मचारियों की भर्ती धीमी होती दिख रही है। एआई फर्म एंथ्रोपिक के एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई। इसके मुताबिक कृत्रिम मेधा का वास्तविक प्रसार अभी उसकी क्षमता के मुकाबले काफी कम है।

क्लाउड चैटबॉट के पीछे काम करने वाले और अब अमेरिकी प्रशासन की जांच के घेरे में आ चुके सैन फ्रांसिस्को स्थित एआई स्टार्टअप की रिपोर्ट में श्रम बाजार के आंकड़ों के साथ वास्तविक दुनिया में एआई के उपयोग का विश्लेषण किया गया है। इसमें पाया कि कार्यालय से जुड़े, ज्ञान-आधारित व्यवसाय एआई से सबसे अधिक प्रभावित हैं। विशेष रूप से कोडिंग, सूचना प्रसंस्करण, विश्लेषण और नियमित डिजिटल कार्यों से जुड़ी भूमिकाएं।

वास्तव में कंप्यूटर प्रोग्रामर, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि, डेटा एंट्री ऑपरेटर, बाजार शोध विश्लेषक और वित्तीय तथा निवेश विश्लेषक जैसे पद सबसे अधिक प्रभावित व्यवसायों में शामिल हैं। इनके कई कार्यों को पहले ही लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) ने स्वचालित या तेज कर दिया है। इसके विपरीत मुख्य रूप से शारीरिक क्षमताओं की आवश्यकता वाली नौकरियों पर इसका सबसे कम प्रभाव पड़ता दिख रहा है।

### फ्लिपकार्ट ने की 300 कर्मचारियों की छंटनी

**नयी दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा के बाद 250-300 कर्मचारियों की छंटनी की है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। छंटनी कई विभागों और कर्मचारियों के स्तर पर की गई है। वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली यह कंपनी एक ओर जहां अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले वरिष्ठ स्तर पर नियुक्तियां कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदर्शन के आधार पर कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

### जुलाई तक पूरी होगी भारत-ईयू एफटीए की कानूनी समीक्षा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के मसौदे की कानूनी समीक्षा इस वर्ष जुलाई तक पूरी हो जाने की संभावना है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

भारत और 27 यूरोपीय देशों के समूह ईयू ने इस साल 27 जनवरी को एफटीए पर बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसे व्यापार जगत का 'मदर ऑफ ऑल डील्स' बताया गया है। इसके तहत भारत से होने वाले करीब 93 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय देशों के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने की संभावना है,।

# विदेशी मेट्रो परियोजनाओं के लिए डीमएआरसी ने बनायी नई कंपनी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

डीएमआरसी यानी दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने विदेश में मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए बोली लगाने के लिए एक नई अनुषंगी कंपनी दिल्ली मेट्रो इंटरनेशनल लिमिटेड (डीएमआईएल) गठित की है।

एक अधिकारी ने बताया कि नई कंपनी का गठन भारत के बाहर मेट्रो रेल योजना, निर्माण और संचालन में डीएमआरसी की विशेषज्ञता का विस्तार करने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में व्यावसायिक अवसरों की तलाश करने के लिए किया गया है।



यह अनुषंगी कंपनी डीएमआरसी को दूसरे देशों के शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए सीधे बोली लगाने और शहरी परिवहन प्रणालियों से संबंधित परामर्श कार्य करने में सक्षम बनाएगी। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि डीएमआरसी पहले ही विदेश में अवसरों की तलाश कर रही है और इस समय बांग्लादेश के ढाका में एक मेट्रो परियोजना से जुड़ी है, जहां वह तकनीकी सहायता और परामर्श दे रही है।'''' दिल्ली मेट्रो के अनुसार, उसने इजरायल में तेल अवीव मेट्रो परियोजना के निर्माण के लिए बोली-पूर्व प्रक्रिया में पात्रता हासिल कर ली है। इसके अलावा, डीएमआरसी मिस्र के अलेक्जेंड्रिया, वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और मॉरीशस जैसी अन्य अंतरराष्ट्रीय मेट्रो परियोजनाओं के लिए भी बोली लगाने की प्रक्रिया में है।

# पश्चिम एशिया संकट: 31 मार्च तक के टिकट रद्द कराने पर शुल्क नहीं लेगी इंडिगो

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने पश्चिम एशिया में जारी संकट को देखते हुए 31 मार्च तक की यात्रा के टिकट रद्द कराने पर कोई शुल्क नहीं लेने की घोषणा की है।

एयरलाइंस ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह पश्चिम एशिया और इस्तांबुल (तुर्की) की यात्रा के लिए 31 मार्च तक के टिकट पर रद्द कराने के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगी। उसने यात्रियों को अपनी उड़ान की अद्यतन (ताजा) स्थिति की जानकारी के लिए उसकी वेबसाइट या कस्टमर केयर से संपर्क करने की सलाह दी है। इसके अलावा इंडिगो पश्चिम एशिया में फंसे यात्रियों को लाने के लिए आज 17 विशेष उड़ानों का परिचालन कर रही है। ये उड़ानें पश्चिम एशिया के आठ शहरों मदीना, जेद्दा, मस्कट, अबू धाबी, शारजाह, दुबई, फुजैरा, और रस अल खैमा से आयेंगी।

निजी विमानसेवा कंपनी स्पाइसजेट भी आज 14 विशेष उड़ानों का परिचालन कर रही है। इनमें नौ उड़ानें फुजैरा से मुंबई के लिए, चार फुजैरा से दिल्ली के लिए और एक दुबई से पुणे के लिए उड़ान भरेगी।

### टोल प्लाजा पर 5100 महिला कर्मियों की तैनाती

**नयी दिल्ली।** महिला सशक्तीकरण और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर के 1,140 से अधिक टोल प्लाज़ा में दिन की पाली में टोल बूथ संचालित करने के लिए 5,100 से अधिक महिला कर्मचारियों को तैनात किया है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि अग्रिम पंक्ति की परिचालन भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर एनएचएआई का लक्ष्य देश भर के टोल प्लाजा पर सेवा वितरण में सुधार के साथ-साथ सामाजिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है।

**सुरक्षा** | आरबीआई जारी किया डिजिटल लेनदेन में ग्राहकों के लिए सुरक्षा उपायों के प्रस्ताव का मसौदा

# डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी में मिलेगा मुआवजा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल लेनदेन में ग्राहकों की जवाबदेही से जुड़े ढांचे को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को संशोधन दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया। इसका उद्देश्य डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में उपभोक्ता संरक्षण बढ़ाना और शिकायतों का त्वरित निपटान करना है।

आरबीआई ने कहा कि डिजिटल भुगतान और बैंकिंग व्यवस्था में आए व्यापक बदलावों को देखते हुए 2017 में लागू मौजूदा नियमों की समीक्षा की गई है। संशोधित




प्रस्तावों का मकसद अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन के दायरे को व्यापक बनाना और नई श्रेणियों के धोखाधड़ी मामलों को भी इसमें शामिल करना है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि मसौदा दिशानिर्देशों पर हितधारक और आम जनता छह अप्रैल, 2026 तक अपनी प्रतिक्रिया या सुझाव दे सकते हैं। आरबीआई ने यह कदम फरवरी की मौद्रिक नीति में की गई घोषणा के अनुरूप उठाया है। मसौदे दिशानिर्देशों में बैंकों से कहा गया है कि वे ग्राहकों की शिकायतों के निपटारे में लगने वाले समय को कम करें। इसके अलावा छोटे मूल्य के धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए मुआवजा व्यवस्था लाने का भी प्रस्ताव किया गया है, ताकि प्रभावित ग्राहकों को तेजी से राहत मिल सके। आरबीआई ने कहा कि यह मुआवजा व्यवस्था दिशानिर्देशों के प्रभावी होने की तारीख से एक वर्ष तक लागू रहेगी।

- डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी में उपभोक्ता संरक्षण बढ़ाना और शिकायतों का निपटान है मकसद

इसके अनुभव के आधार पर इसकी समीक्षा की जाएगी, जिसमें बैंकों की हिस्सेदारी बढ़ाने और केंद्रीय बैंक की भूमिका को धीरे-धीरे कम करने पर विचार किया जाएगा।

### पश्चिम एशिया संकट से भारत में महंगाई का जोखिम बढ़ा: मूडीज

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष से ऊर्जा की कीमतों में और उछाल आया तो भारत को रुपये पर दबाव, उच्च मुद्रास्फीति और चालू खाता घाटे (सीएडी) में बढ़ोतरी का सामना करना पड़ सकता है। यह जोखिम इस क्षेत्र से कच्चे तेल और एलएनजी आयात पर भारत की भारी निर्भरता के कारण है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि बड़ी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में भारत उन देशों में प्रमुख है, जो कच्चे तेल और एलएनजी के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर हैं। वहां बढ़ते संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो इस क्षेत्र से कच्चे तेल और एलएनजी निर्यात के लिए एक प्रमुख मार्ग है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नाइजीरिया में इस्लामी आतंकवादियों ने 300 लोगों का अपहरण किया

**अबूजा।** इस्लामी आतंकवादियों ने शुक्रवार को पूर्वोत्तर नाइजीरिया के एक कस्बे पर हमला किया और महिलाओं तथा बच्चों सहित 300 से अधिक लोगों का अपहरण कर लिया। ग्वाज़ा क्षेत्र के अधिकारी बुलामा सावा के अनुसार, यह हमला बोर्नो राज्य के न्गोशे कस्बे में हुआ। उन्होंने बताया कि यह हमला संभवत: सेना के उस अभियान के प्रतिशोध में किया गया जिसमें बोको हराम आतंकवादी समूह के तीन कमांडरों को मार गिराया गया था। सेना के एक प्रवक्ता उबा सानी ने कहा कि बुधवार और शुक्रवार की सुबह के बीच कोंडुगा, मार्ते, जकाना और मैनोक क्षेत्रों में भी अलग-अलग हमले हुए। हमलों को विफल करने में सफलता मिली, लेकिन कई बहादुर सैनिकों ने जान गंवाई, जिनमें एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे।

### अमेरिका में बेरोजगारी दर 4.4% पर पहुंची, 92 हजार नौकरी घटीं


**वॉशिंगटन।** अमेरिका में पिछले महीने नियोक्ताओं ने अप्रत्याशित रूप से 92,000 नौकरियों में कटौती की, जिससे संकेत मिलता है कि श्रम बाजार अभी भी दबाव में है। इस दौरान बेरोजगारी दर बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई। श्रम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि भर्ती की रफ्तार जनवरी की तुलना में कमजोर हुई है। जनवरी में कंपनियों, गैर-लाभकारी संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों ने 1,26,000 नौकरियां जोड़ी थीं। अर्थशास्त्रियों ने फरवरी में 60,000 नई नौकरियों की उम्मीद की थी। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल रोजगार बाज़ार में सुधार होगा, लेकिन ट्रंप की अनियमित टैरिफ नीतियों और ऊंची ब्याज दरों के लंबे असर से प्रभावित अर्थव्यवस्था में औसतन हर महीने केवल 15,000 नौकरियां ही पैदा हुई थीं।

### दिल्ली में दवा कंपनियों से 20 लाख रुपये का इंसुलिन स्टॉक जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग ने भंडारण और नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए राजधानी में थोक दवा कंपनियों से 20 लाख रुपये से अधिक कीमत का इंसुलिन भंडारण जब्त किया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाओं, विशेष रूप से इंसुलिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री पंकज कुमार सिंह के निर्देशों पर एक थोक दवा बाजार में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया था। इंसुलिन जैसी दवाओं के लिए 'कोल्ड चेन' (सही ठंडे तापमान में लगातार सुरक्षित) बनाए रखना अनिवार्य होता है।

# खालिस्तानी चरमपंथियों ने नैन्सी ग्रेवाल की हत्या की जिम्मेदारी ली

**ओटावा, एजेंसी**



● कनाडा के लसेल शहर में चाकू से गोदकर कर दी गई थी हत्या

सिख चरमपंथी विचारों को बढ़ावा देने वाले एक सोशल मीडिया अकाउंट पर कनाडा के ओंटारियो प्रांत में भारतीय मूल की एक महिला की चाकू से गोद कर हत्या किए जाने की ज़िम्मेदारी ली गई है।

लसेल पुलिस सर्विस के अनुसार विंडसर की नैन्सी ग्रेवाल (45) की तीन मार्च को रात करीब 9:30 बजे एसेक्स काउंटी के लसेल शहर में चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। सीबीसी न्यूज़ ने बृहस्पतिवार देर रात बताया कि सोशल मीडिया पर एक अकाउंट है जिस पर पंजाबी में कहा गया है कि खालिस्तानी आंदोलन की आलोचना करने के कारण नैन्सी ग्रेवाल की हत्या कर दी गई। पोस्ट में नैन्सी की तस्वीर साझा की गई है और लिखा गया है, यह महिला धर्म और खालिस्तान के बारे में बुरी बातें कह रही थी और उसे इसका परिणाम मिल गया है। खबर में सोशल मीडिया के हवाले से कहा गया है, हमें किसी भी समुदाय या धर्म से कोई दुश्मनी नहीं है। अगर कोई हमारे समुदाय और खालिस्तान के खिलाफ इस तरह की कोई बात कहता है, तो उसका भी यही अंजाम होगा।

## पश्चिम एशिया में बढ़ रहा है दायरा

यह लगभग तय माना जा रहा है कि ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच युद्ध जल्द समाप्त नहीं होने जा रहा। जिस तरह से यह युद्ध लगातार अपना दायरा बढ़ा रहा है, उससे साफ दिख रहा है कि वह कई हफ्ते या कई महीने लंबा खिंच सकता है। चूंकि इस युद्ध के दायरे में दुनिया भर को ऊर्जा की आपूर्ति करने वाला इलाका भी घिरा हुआ है, इसलिए उसके परिणाम अभी से तमाम देशों को प्रभावित करने लगे हैं। युद्ध में शामिल अमेरिका जैसे दुनिया के सबसे मजबूत देश पर भी इसके गहरे आर्थिक प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ईरान का पूरा आर्थिक ढांचा दांव पर लगा हुआ है। लंबा खिंचने की स्थिति में इजराइल के लिए यह युद्ध बड़ी मुसीबत साबित होने का अनुमान लगाया जा रहा है। युद्ध का दायरा यहीं तक सीमित नहीं है। जिन खाड़ी देशों तक इसकी चिंगारी पहुंची है, उनका सुकून भी नष्ट होने लगा है।

# युद्धः किस पर कितना भारी



आईएमएफ का मानना है कि यदि यह संघर्ष क्षेत्रीय युद्ध में बदला तो वैश्विक आर्थिक विकास दर में 1-2% गिरावट आ सकती है।

### अमेरिका पर असर

- अमेरिकी विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि जंग लंबी चली तो अमेरिका का कुल खर्च 210 अरब डॉलर यानी लगभग 18.87 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।
- युद्ध के पहले 100 घंटों में ही 3.7 अरब डॉलर खर्च होने की रिपोर्ट है। पेंटागन का अनुमान है कि अमेरिका को यह युद्ध प्रतिदिन 1 अरब डॉलर का पड़ सकता है।
- भारी सैन्य खर्च के कारण बजट घाटा बढ़ सकता है। यह एपिक फ्यूरी जैसे महंगे सैन्य अभियानों के कारण घरेलू अर्थव्यवस्था और तेल की कीमतों पर दबाव डालेगा।

### ईरान पर युद्ध का प्रभाव

- अनुमानों के अनुसार, ईरान को इस युद्ध के कारण प्रतिदिन 100 से 150 मिलियन डॉलर का नुकसान हो रहा है, जिसमें मुख्य रूप से तेल राजस्व की हानि शामिल है। हालांकि ये इजराइल-अमेरिका से कम है।
- अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों के कारण देश में बुनियादी सुविधाओं के ढांचे तेजी से नष्ट हो रहे हैं, ऐसे में ईरान फिर खड़ा होने में भारी निवेश की जरूरत पड़ेगी। सरकारी तंत्र भी छिन्न-भिन्न हो गया है।
- तेल निर्यात राजस्व प्राप्ति का मुख्य स्रोत है, जिस पर प्रतिबंधों से अर्थ व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है। ईरान की मुद्रा पहले ही अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुकी है। गृहयुद्ध का खतरा भी जताया जा रहा है।

### ये देश भी युद्ध की चपेट में

- पड़ोसी देश लेबनान, जॉर्डन, सीरिया, यमन में शरणार्थियों का प्रवाह बढ़ सकता है, जिससे उनके बजट और सामाजिक ढांचे पर भारी दबाव पड़ेगा।
- भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा बड़ा खतरा, तेल जरूरत पूरी करने के साथ खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा भी बड़ी चुनौती।
- लाल सागर और खाड़ी क्षेत्र में तनाव के कारण सप्लाई चेन बाधित हो गई है, इससे यूरोप में माल पहुंचने में देरी के साथ लागत में भी वृद्धि हो रही है।

### इजराइल पर और भारी

- इजराइली वित्त मंत्रालय के अनुसार वर्तमान आर्थिक प्रतिबंधों और युद्ध के कारण इजराइल को हर हफ्ते 3 अरब डॉलर यानी 25,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।
- ईरान के खिलाफ युद्ध में फिलहाल इजराइल का प्रतिदिन का सैन्य खर्च औसतन 725 मिलियन डॉलर है। युद्ध लंबा खिंचने के साथ इसके और बढ़ने की संभावना है।
- विकास दर धीमी हो सकती है, बेरोजगारी और गरीबी में वृद्धि की चेतावनी दी गई है। रिजर्व सैनिकों की तैनाती से हाईटेक और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रम की कमी हो गई है।

# नेपाल चुनाव : भारी बहुमत की ओर बढ़ी बालेंद्र की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी

## अब तक की मतगणना में 70% से ज्यादा सीटों पर बढ़त, विरोधी दलों की हालत पतली

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में छह महीने पहले हुए जेन जी के विरोध प्रदर्शन और फिर सितंबर में केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने के बाद हुए पहले आम चुनाव में शुक्रवार को जारी मतगणना के रुझानों के अनुसार पूर्व रैपर बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) भारी जीत की ओर अग्रसर है। चुनाव आयोग के अनुसार, दोपहर दो बजे तक जिन 94 निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना चल रही थी, उनमें से 70 में आरएसपी आगे चल रही है। नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को सिर्फ छह निर्वाचन क्षेत्रों में बढ़त मिली है। बालेंद्र शाह को प्रधानमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक काठमांडू के महापौर रहे बालेंद्र शाह झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में चार बार के प्रधानमंत्री और सीपीएन-यूएमएल अध्यक्ष ओली के गढ़ में उनसे आगे चल रहे हैं। शाह को लोकप्रिय रूप से बालेन के नाम से जाना जाता है। उन्हें सुबह 10 बजे तक 6,090 वोट मिले, जबकि ओली को केवल 1,248 वोट प्राप्त हुए। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, प्रगतिशील लोकतांत्रिक पार्टी, श्रम संस्कृति पार्टी और निर्दलीय उम्मीदवार एक-एक निर्वाचन क्षेत्र में आगे चल रहे थे। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि अब तक आरएसपी और एनसी ने एक-एक सीट जीती है। आरएसपी के रंजू दर्शन ने काठमांडू-1 से 15,455 वोटों से जीत हासिल की, जबकि एनसी के योगेश गौचन ठकाली ने मुस्तांग से 3,307 वोटों से जीत दर्ज की। एक अधिकारी के अनुसार, पुष्प कमल दहाल प्रचंड को अब तक 5,924 वोट मिल चुके हैं और वह रुकुम पूर्व में अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे चल रहे हैं। रवि लामिछाने के नेतृत्व वाली आरएसपी काठमांडू के सभी 10 निर्वाचन क्षेत्रों में आगे चल रही है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, मतगणना बृहस्पतिवार देर रात शुरू हुई और इसके शुक्रवार रात तक पूरा होने की संभावना है।



काठमांडू में एक प्रत्याशी की जीत का जश्न मनाते आरएसपी के कार्यकर्ता।

### आरएसपी 165 सीटों में से 106 पर आगे

नेपाल चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार जिन 165 सीटों पर चुनाव हुए हैं उनमें से अब तक 150 संसदीय क्षेत्र के नतीजे और रुझान सामने आए हैं। इनमें से आरएसपी 106 सीटों पर आगे चल रही है और दो सीटें जीत चुकी है। नेपाली कांग्रेस पार्टी नौ सीटों पर आगे चल रही है और दो सीट जीत चुकी है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) 10 सीटों पर आगे चल रही है जबकि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी 7 सीटों पर आगे चल रही है और एक सीट जीत चुकी है। वर्ष 2022 में गठित आरएसपी को चुनाव प्रचार के दौरान ही काफी समर्थन मिला था। बालेंद्र शाह को प्रधानमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

### भारत ने कहा- नेपाल की नई सरकार के साथ काम करने को उत्सुक

भारत नेपाल के आम चुनाव पर करीब से नजर रख रहा है, और इसके साथ ही राजनीतिक रूप से अस्थिर पड़ोसी हिमालयी देश में एक स्थिर सरकार की उम्मीद कर रहा है ताकि दोनों पक्षों के बीच विकासात्मक साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में कहा, हम पारस्परिक लाभ के लिए अपने दोनों देशों और लोगों के बीच मजबूत बहुआयामी संबंधों को और आगे बढ़ाने के लिए नेपाल की नई सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से नेपाल में शांति, प्रगति और स्थिरता का लगातार समर्थन किया गया है और अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, इन चुनावों के लिए नेपाल सरकार के अनुरोध के अनुसार उसे साजोसामान संबंधी आपूर्ति भी प्रदान की है।

# अमेरिका से 30 दिन की छूट प्रधानमंत्री की रणनीतिक कूटनीति की सफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय तेलशोधक कंपनियों को रूसी तेल खरीदने के लिए अमेरिका की ओर से 30 दिन की अस्थाई छूट की घोषणा किए जाने के बाद भाजपा ने शुक्रवार को इस घटनाक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रणनीतिक तेल कूटनीति की सफलता बताया, साथ ही कहा कि यह भारत विरोधी राहुल गांधी और कांग्रेस के मुंह पर एक बड़ा तमाचा है।

भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तेल की कमी को लेकर फर्जी खबरें फैलाकर दहशत पैदा करने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को रणनीतिक संयम और रणनीतिक स्पष्टता के साथ काम करते देखना पसंद नहीं है। ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बृहस्पतिवार को कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऊर्जा एजेंडे के परिणामस्वरूप तेल और गैस उत्पादन अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति जारी रखने के लिए अमेरिकी वित्त विभाग भारतीय तेलशोधक कंपनियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिन की अस्थाई छूट जारी कर रहा है।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इस घटनाक्रम पर कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की रणनीतिक तेल कूटनीति एक बार फिर सफल रही।



● भाजपा ने रूस से तेल खरीदने की अमेरिकी अनुमति को कांग्रेस के मुंह पर तमाचा बताया

### संप्रभुता बेचने का कांग्रेस का रहा है पुराना इतिहास

भाजपा प्रवक्ता ने 'एक्स' पर एक अलग पोस्ट में कहा, आपका संप्रभुता बेचने का इतिहास रहा है। गांधी-वाद्रा और समझौतावादी कांग्रेस ने 70 वर्षों तक यही किया। भंडारी ने अमेरिकी छूट पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश की टिप्पणियों की पर कहा कि भारत को गलती करने के लिए उकसाने की साजिश सफल नहीं होगी।

### भारत सरकार को ब्लैकमेल कर रहा अमेरिका खतरे में है देश की सामरिक स्वायत्तता: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिकी वित्त विभाग की भारतीय रिफाइनरियों को रूस से फौरी तौर पर तेल खरीदने की अस्थाई छूट दिए जाने की घोषणा को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारत की सामरिक स्वायत्तता और संप्रभुता खतरे हैं क्योंकि अमेरिका भारत सरकार को खुलकर ब्लैकमेल कर रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत की विदेश नीति हमारे लोगों की सामूहिक इच्छा से आकार लेती है। इसकी जड़ें हमारे इतिहास, हमारे भूगोल और सत्य और अहिंसा पर आधारित हमारे आध्यात्मिक लोकाचार में होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, आज हम जो देख रहे हैं वह नीति नहीं है। यह एक समझौतावादी व्यक्ति के शोषण का परिणाम है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि भारत की सामरिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय संप्रभुता गंभीर खतरे में है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी को एप्स्टीन फाइल और अदाणी मामले पर ब्लैकमेल किया जा रहा है। इसकी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है।



● राहुल ने कहा- यह एक समझौतावादी व्यक्ति के शोषण का परिणाम

# फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप तय करने के निर्देश

**श्रीनगर, एजेंसी**

● क्रिकेट घोटाले में अदालत का आदेश, अतिरिक्त आरोप जोड़ने की ईडी की अर्जी खारिज


जम्मू कश्मीर में श्रीनगर की एक अदालत ने कथित जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) घोटाले में नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया है। हालांकि अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से संबंधित मामले में अतिरिक्त आरोप जोड़ने के आवेदन को खारिज कर दिया है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तबसुम ने अपने आदेश में कहा है कि रणबीर दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक षड्यंत्र), 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 409 (लोक सेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात) के तहत अपराध के आवश्यक तत्व सभी आरोपियों के खिलाफ सिद्ध होते हैं। अदालत ने कहा कि अब्दुल्ला समेत सभी आरोपियों पर उक्त अपराधों के लिए आरोप तय किए जाएंगे। अदालत ने आरोप तय करने के लिए मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च निर्धारित की है। अदालत ने इसके साथ ही ईडी की ओर से मामले में अतिरिक्त अपराध जोड़ने की मांग संबंधी याचिका को भी खारिज कर दिया।ईडी ने अदालत से अनुरोध किया था कि मामले में धारा 411 और 414/424 को अतिरिक्त आरोपों के रूप में शामिल किया जाए।

अदालत ने याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि ईडी इस मामले में जांच एजेंसी नहीं है। जम्मू-कश्मीर के जेकेसीए घोटाले की जांच सीबीआई ने की थी जिसने पहले ही अपना आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

### ब्रिटनी स्पीयर्स नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर अमेरिकी गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स को दक्षिणी कैलिफोर्निया स्थित उनके घर के पास शराब और नशीले पदार्थ के प्रभाव में गाड़ी चलाने के संदेह में गिरफ्तार किया गया। हालांकि, बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। स्पीयर्स के प्रतिनिधि ने इस घटना पर खेद जताया है।



कैलिफोर्निया राजमार्ग गश्त दल (सीएचपी) के अनुसार, बुधवार रात करीब नौ बजे सूचना मिली कि कैलिफोर्निया के न्यूबरी पार्क में राजमार्ग पर काले रंग की एक बीएमडब्ल्यू 430आई कार तेज और अनियंत्रित तरीके से चलाई जा रही है। सीएचपी के अनुसार, कार में अकेले सवार 44 वर्षीय पॉप स्टार राजमार्ग पर बाहर निकलीं और वह नशे की हालत में लग रही थीं। उनकी मौके पर कई जांच की गईं। इसके बाद शराब और नशीले पदार्थ के प्रभाव में वाहन चलाने के संदेह में उन्हें गिरफ्तार कर वेंचुरा काउंटी जेल ले जाया गया। उनके रासायनिक परीक्षण के परिणाम अभी लंबित हैं और मामले की जांच की जा रही है। जेल रिकॉर्ड के अनुसार, स्पीयर्स को बृहस्पतिवार तड़के हिरासत में लिया गया और सुबह करीब छह बजे रिहा कर दिया गया।

### दिल्ली में 6 साल के बच्चे की गला रेत कर हत्या

**नई दिल्ली।** रणहौला इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत के अंदर छह वर्षीय बच्चे की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि परिवार ने इस हत्या के पीछे मां की भूमिका होने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, बच्चे की मां मंगलवार से घर से लापता है और वह अपने साथ लड़के को भी ले गई थी। परिवार का दावा है कि महिला का एक शख्स के साथ विवाहेत्तर संबंध है। पुलिस ने बताया कि बच्चा रणहौला में एक किराए के मकान में अपने माता-पिता और भाई-बहनों के साथ रहता था।

### कर्नाटक में अर्दली व्यवस्था खत्म पुलिसकर्मियों को मिलेगी राहत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने विभाग में लंबे समय से चली आ रही अर्दली व्यवस्था को समाप्त करने का आदेश जारी किया है। अर्दली व्यवस्था एक औपनिवेशिक विरासत है जिसमें पुलिस या सशस्त्र बलों के निचले स्तर के कर्मियों को वरिष्ठ अधिकारियों के निजी घरेलू कार्यों के लिए उनके आवास पर तैनात किया जाता है।

डीजीपी की ओर से यह आदेश सरकार के उस निर्देश के बाद जारी किया गया है जिसमें इस प्रणाली को संशोधित करने के लिए कहा गया था। अधिकारियों ने कहा कि इन गैर पुलिसिंग कार्यों में अक्सर खाना पकाना, सफाई करना, अन्य घरेलू काम और यहां तक कि अधिकारियों के बच्चों को घर छोड़ना भी शामिल होता था।

### ईंधन आपूर्ति ठप होने से गुजरात के मोरबी में लगभग 100 सिरेमिक इकाइयां बंद

**मोरबी।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल तथा ईरान के बीच युद्ध के कारण ईंधन आपूर्ति में आए व्यवधान के चलते गुजरात के मोरबी जिले में लगभग 100 सिरेमिक विनिर्माण इकाइयां बंद हो गई हैं। उद्योग प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो अगले कुछ दिनों में 400 और कारखाने भी बंद हो सकते हैं।

● बाकी सभी कारखाने भी जल्द बंद होने के आसार

मोरबी सिरेमिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (विट्रीफाइड टाइल्स खंड) के अध्यक्ष मनोज अरवड़िया ने कहा कि यदि प्रोपेन गैस की आपूर्ति बहाल नहीं होती है और आपूर्तिकर्ता स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने में विफल रहते हैं, तो आने वाले दिनों में स्थिति और खराब हो सकती है। अरवड़िया ने कहा, युद्ध जैसी मौजूदा स्थिति के कारण पिछले दो दिनों से प्रोपेन गैस उपलब्ध नहीं है और ईंधन पर निर्भर लगभग 100 इकाइयां पहले ही बंद हो चुकी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो प्रोपेन का उपयोग करने वाली लगभग 400 और इकाइयां एक सप्ताह के भीतर परिचालन बंद करने के लिए मजबूर हो सकती हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष:** आज रिश्तेदारों से शुभ सूचना मिल सकती है। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से निपटा लेंगे। आपको उच्चपद सौंपा जा सकता है।

**तुला:** आज कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**वृष:** आज का दिन शुभ रहेगा। अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी।

**वृश्चिक:** आज कारोबार से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। अति उत्साह के कारण काम बिगड़ने की आशंका है। पुराने रोग पुन: उभर सकते हैं।

**मिथुन:** आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए अच्छा है। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। लोगों के बीच लोकप्रिय रहेंगे।

**धनु:** आज आपके द्वारा बनाई हुई योजना सफल होगी। घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कर्क:** आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान रहेंगे।

**मकर:** आज का दिन नई कार्य की योजना बनाने के लिए शुभ है। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे।

**सिंह:** आज का दिन कार्यक्षेत्र में आपका अच्छा रहेगा। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। नई तकनीक के प्रति रूझान बढ़ेगा। दूसरों की सहायता करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे।

**कन्या:** आज बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। फाइनेंस से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है। कब्ज के रोगियों को परेशानी होगी।

**मीन:** आज व्यवसाय में बड़ी साझेदारी हो सकती है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें।

### बड़ा कदम

**दोनों यह प्रतिबंध लगाने वाले देश के पहले राज्य बने, कर्नाटक में आयुसीमा 16 साल और आंध्र में 13 साल तय की गई**

# कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध

**बेंगलुरु/अमरावती, एजेंसी**

कर्नाटक और आंध्र प्रदेश शुक्रवार को अलग-अलग आयु समूहों में बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले देश के पहले दो राज्य बन गए। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने प्रतिबंध के दायरे में 16 साल की उम्र तक के बच्चों को लिया है तो आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इस प्रतिबंध की घोषणा की है। हालांकि, इसे 16 साल तक की उम्र के लिए बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने 16 वर्ष से कम आयु के लोगों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। सिद्धरमैया ने 2026-27 के लिए राज्य का बजट पेश करते हुए कहा, बच्चों पर मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों को रोकने के उद्देश्य से 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। बाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे मोबाइल फोन रख सकते हैं, लेकिन वे सोशल मीडिया का उपयोग नहीं कर सकते। स्कूलों, कॉलेजों या घरों में इसे कैसे नियंत्रित किया जाएगा, इस सवाल का जवाब देते हुए सिद्धरमैया ने कहा, हम इसके लिए एक कार्यक्रम तैयार करेंगे।

आंध्र प्रदेश विधानसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि वह इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या इस प्रतिबंध को 13 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों तक बढ़ाया जाए। नायडू ने कहा, हम निश्चित रूप से यह सुनिश्चित करेंगे कि 90 दिनों के भीतर 13 वर्ष से कम के बच्चे सोशल मीडिया का उपयोग न कर सकें।

### बच्चों में खत्म हो जाएगा खराब मानसिक स्थिति का खतरा


बेंगलुरु के मदरहुड हॉस्पिटल में मनोविज्ञान और बाल विकास सलाहकार डॉ. सरिता नागराज ने कहा कि इस प्रतिबंध से बच्चों और किशोरों में खराब मानसिक स्वास्थ्य का खतरा कम हो जाएगा जिसमें अवसाद, चिंता, नींद की कमी और अस्वस्थ तुलनाओं से उत्पन्न होने वाली शारीरिक छवि संबंधी समस्याएं शामिल हैं, जो आगे चलकर खाने संबंधी विकारों का कारण बन सकती हैं। उनकी संज्ञानात्मक क्षमता और भावनात्मक नियंत्रण में भी सुधार होने की संभावना है। खतरनाक सामग्री के संपर्क में आने की आशंका कम हो जाएगी, जिससे ध्यान केंद्रित करने की क्षमता के साथ-साथ शैक्षणिक प्रदर्शन में भी सुधार हो सकता है।

### ऑस्ट्रेलिया बना था पहला देश, अब इंडोनेशिया में भी लगाया प्रतिबंध

- ऑस्ट्रेलिया 2025 में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रतिबंध लगाने वाला पहला देश बना था जिसने टिकटॉक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक जैसे मंचों तक पहुंच बंद की।
- इंडोनेशिया ने भी शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 7 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 19.17 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-चित्रा 23.15 तक तत्पश्चात स्वाती।

### सुडोकू - 80 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 |

### सुडोकू -81

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 4 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | | | 6 | |
| | 1 | | 2 | | | 3 | | |
| 3 | 9 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | 6 | | | 5 | | 2 | |
| | 8 | | | | 4 | | 5 | |
| | 5 | | | 6 | | 7 | | |
| 7 | | 9 | | | 3 | | | |



“भारत जैसी क्रिकेट महाशक्ति के साथ मुकाबला करना ही उनके देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनके देश की आबादी 50 लाख से थोड़ी ज्यादा है जबकि भारत की जनसंख्या 1 .4 अरब से अधिक है। भारत के पास प्रतिभा का विशाल भंडार है।
–ग्लेन फिलिप्स, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर



## हाईलाइट



इंग्लैंड के बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के तीसरे दिन ताइवान की हसेह पेई-शान और हंग एन-त्जु के खिलाफ अपने महिला डबल्स मैच के दौरान खेलती जापान की रुई हिरोकामी (पीछे) और सयाका होबारा। एजेंसी

### वीनस विलियम्स पहले ही दौर में बाहर

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स का वापसी के बाद खराब प्रदर्शन जारी है और उन्हें यहां बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली 45 वर्षीय वीनस को पहले दौर में फ्रांस की डायने पैरी ने 6-3 6-7(4) 6-1 से हराया। इस तरह से वीनस अपने पिछले आठ डब्ल्यूटीए मैच हार चुकी हैं। वीनस ने दूसरे सेट में अच्छा खेल दिखाया लेकिन विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय पैरी ने तीसरे सेट में फिर से नियंत्रण बना दिया और आसानी से जीत दर्ज की। वीनस ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था लेकिन एकल और युगल दोनों में पहले दौर में ही हार गईं थी।

### पहले दिन महिला टीम 198 रनों पर सिमटी

**पर्थ।** जेमिमा रौड्रिग्स ने जुझारू अर्धशतक जमाया, लेकिन भारत की बाकी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज अनाबेल सदरलैंड और लूसी हैमिल्टन की स्विंग का सामना नहीं कर सकीं और दिन रात के एकमात्र टेस्ट के पहले दिन भारतीय टीम 198 रन पर आउट हो गई। रौड्रिग्स ने 84 गेंद में 52 रन बनाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने पर तीन विकेट पर 96 रन बना लिए थे। मेजबान टीम अभी भी 102 रन पीछे है। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया जिसे उसके गेंदबाजों ने सही साबित कर दिखाया। सदरलैंड ने 46 रन देकर चार और हैमिल्टन ने 31 रन देकर तीन विकेट लिए।

### एशियाई कप में भारत का सामना जापान से

**पर्थ।** वियतनाम के खिलाफ पिछले ग्रुप मैच में दमदार प्रदर्शन से भारतीय महिला फुटबॉल टीम का आत्मविश्वास जरूर बढ़ा होगा लेकिन शनिवार को यहां एएफसी महिला एशियाई कप के दूसरे मैच में जापान की मजबूत टीम से होने वाला मुकाबला उसके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। भारत ने ग्रुप सी के शुरूआती मैच में बुधवार को वियतनाम के खिलाफ हूटर से ठीक तीन मिनट पहले में गोल गंवा दिया जिससे उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा और अहम अंक गंवा दिया। वियतनाम 2023 फीफा विश्व कप में खेला था और उनके खिलाफ मैच में पदार्पण कर रही सैनफिडा नोंग्रम के बराबरी गोल से टीम का मनोबल बढ़ा होगा।

# भारत की हुंकार के सामने क्या कीवी कर पाएंगे पलटवार

## टी-20 विश्व कप की खिताबी टक्कर कल : दोनों टीमें धमाकेदार बल्लेबाजी से पहुंची हैं फाइनल में

मनीष श्रीवास्तव, खेल डेस्क

**अमृत विचार।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को टी-20 विश्व कप-2026 का महामुकाबला खेला जाएगा। भारत ने इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। भारतीय टीम पर जहां खिताब का बचाव करने का दबाव है, वहीं कीवी टीम पहली बार टी-20 विश्व कप जीतने के लिए पूरा जोर लगाएगी।

ऐसे में जीत उसी की होगी जिसकी रणनीति अचूक होगी। दोनों टीमों के पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी में 'ब्रह्मास्त्र' के साथ कुछ चुनौतियां भी हैं, लेकिन जहां तक मैच का पासा पलटने वाले जज्बे और प्रदर्शन की बात है, तो भारतीय टीम को फेवरेट माना जा रहा है।

सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को धूल चटाई थी, जबकि भारत को इंग्लैंड पर जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। इंग्लैंड को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए 45 रनों की जरूरत थी। जैकब बेथेल 42 गेंद में 94 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे और सैम करन उनका साथ दे रहे थे। तब ऐसा लग रहा था मानो बेथेल भारत को फाइनल में नहीं पहुंचने देंगे, लेकिन जसप्रीत बुमराह ने वह कर दिखाया जिसके लिए उन्हें जाना जाता है। उन्होंने 18वें ओवर में महज 6 रन दिए।

इससे इंग्लैंड के लिए आखिरी दो ओवर में 39 रन बनाना आसान नहीं रह गया, वह भी तब जब उसके पांच बल्लेबाज आउट हो चुके थे। इसके बाद रही सही कसर हार्दिक पंड्या ने अगले ओवर में महज 9 रन देकर पूरी कर दी। इस तरह भारत की जीत के असली हकदार बुमराह ही रहे, जिन्होंने चार ओवर में महज 33 रन देकर कप्तान हैरी ब्रूक का विकेट भी लिया।

**बल्लेबाजी चमकी, गेंदबाजी कमजोर कड़ी :** भारतीय टीम की सबसे बड़ी मजबूती उसकी निडर बैटिंग अप्रोच है। अक्षर पटेल तक लंबी हिट लगा सकते हैं। लेकिन बुमराह को छोड़कर अन्य गेंदबाज घातक नहीं नजर आ रहे हैं। ऐसे में फाइनल में टीम इंडिया को कीवी टीम की सलामी जोड़ी फिन एलन, टिम सेफर्ट के अलावा मिचेल से सावधान रहने के साथ स्पिन चक्रव्यूह भी तोड़ना होगा, जो कप्तान सैंटनर, सचिन रवींद्र, फिलिप्स, ईश सोढ़ी की अगुवाई में बढ़िया प्रदर्शन कर रहा है।

### इतिहास बदलने का मौका

भारत ने आखिरी बार किसी आईसीसी फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को साल 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी में हराया था। इसके बाद से 2021 की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल समेत हर बड़े खिताबी मौके पर कीवी टीम भारी पड़ी है। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत आज तक न्यूजीलैंड को एक बार भी नहीं हरा पाया है। 2007, 2016 और 2021 की हार के बाद इस बार भारत के पास इतिहास बदलने का सुनहरा मौका है।






अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबले से पहले अभ्यास करते न्यूजीलैंड के खिलाड़ी कोल मकौंकी (दाएं से दूसरे), लॉकी फर्ग्यूसन (दाएं से दूसरे), जैकब डफी (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

### छठे गेंदबाज को लेकर चिंता

सेमीफाइनल में 20वें ओवर में जब इंग्लैंड को जीत के लिए 30 रन चाहिए थे तब कप्तान सूर्यकुमार के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी कि गेंद किससे कराई जाए। अर्शदीप, बुमराह और हार्दिक का कोटा पूरा हो चुका था। अक्षर पटेल या शिवम दुबे का ही विकल्प बचा था। शिवम दुबे ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर बेथेल को आउट तो किया, पर आर्चर ने आखिर तीन गेंदों पर तीन छक्के जड़कर जीत का अंतर महज 7 रन कर दिया। शिवम दुबे ने इस ओवर में 22 रन दिए। इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने दो ओवर में 46 रन खर्च कर दिए थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके दो ओवर में 32 रन बने थे।

### वरुण और अभिषेक पर रहेगा दबाव

फाइनल से पहले भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता वरुण चक्रवर्ती हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के सामने चार ओवर में 64 रन दे दिए। बेथेल ने उनके पहले ओवर में ही तीन छक्के जड़ दिए थे। सेमीफाइनल से पहले पिछले दो मैचों में भी वरुण ने 8 ओवर में 87 रन खर्च किए हैं। उनके अलावा टीम इंडिया के लिए दूसरी बड़ी चिंता अभिषेक शर्मा का खराब फॉर्म है। सेमीफाइनल में उनके बल्ले से सिर्फ 9 रन ही निकले। उन्होंने अब तक 7 पारियों में 89 रन ही बनाए हैं, जिसमें जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की पारी शामिल है। अभिषेक के आउट ऑफ फॉर्म होने से एक बार भी भारत टूर्नामेंट में 50 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप नहीं कर पाया है।



कप्तान सूर्यकुमार यादव फाइनल मैच से पहले टीम के साथ शुक्रवार को अहमदाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। एजेंसी

### फाइनल में भी मैच विजेता पारी खेलना चाहते हैं सैमसन

**मुंबई।** पिछले दो मैच में शानदार पारियां खेलकर भारत को टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में भी मैच विजेता पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया और इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार के मुकाबले में 89 रन की शानदार पारी खेली। सैमसन ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने भारत को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने में अपना योगदान दिया। सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ सात रन से जीत के बाद पत्रकारों से कहा बहुत अच्छा लग रहा है और यह राहत भरा अहसास है। मैं वास्तव में कुछ वर्षों से अपने देश के लिए ऐसा कुछ करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा मैं पूरे धैर्य, कड़े अभ्यास और मानसिक रूप से मजबूत बनकर इंतजार कर रहा था। निश्चित रूप से मुझे खुशी है लेकिन मुझे लगता है कि अभी हमारा काम खत्म नहीं हुआ है। हमें अभी एक कदम और आगे बढ़ाना है और अगर हम उसमें सफल रहे तो सब कुछ सार्थक हो जाएगा। एक और मैच विजेता पारी वाकई बहुत अच्छी रहेगी। सैमसन ने सात छक्के और आठ चौके लगाकर केवल 42 गेंदों में 89 रन बनाए जिससे भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी लय बनाए रखने के लिए कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई अपनी 97 रन की नाबाद पारी को श्रेय दिया। उन्होंने कहा पिछली पारी ने निश्चित रूप से इस पारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैं गेंद को बहुत अच्छी टाइमिंग से हिट कर रहा था और अच्छे निर्णय ले रहा था। मैंने सोचा कि अगर आप फॉर्म में हैं, तो आपको इस मैच में भी अपनी टीम के लिए योगदान देना चाहिए। यह वास्तव में मेरे जीवन के सबसे अच्छे पलों में से एक है। सैमसन ने कहा कि आईपीएल सहित कई टी20 मैच खेलने के अनुभव से वह परिपक्व बन गए हैं।

# संजू की चमकी किस्मत और अभिषेक का डूबा सितारा

अहमदाबाद, एजेंसी





- टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अभिषेक की हो रही वाहवाही बदली आलोचना में
- संजू सैमसन के करियर पर उठ रहे थे सवाल, अब सभी कर रहे गुणगान

अभिषेक शर्मा की खराब फार्म को लेकर जताई जा रही चिंता अब खुलकर आलोचना में बदल गई है, लेकिन इसके बावजूद पूरी संभावना है कि वह टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले फाइनल में अंतिम एकादश बने रहेंगे क्योंकि भारत जीत हासिल करने वाली अपनी टीम में बदलाव नहीं करना चाहता है। इस टूर्नामेंट में भारत के दो सलामी बल्लेबाजों की किस्मत एकदम से विपरीत रही।

जब प्रतियोगिता शुरू हुई तो अभिषेक को शीर्ष क्रम में मजबूत आधार माना जा रहा था जबकि संजू सैमसन के स्थान को लेकर सवाल बने हुए थे और कहा जा रहा था कि यह प्रतियोगिता उनके करियर के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर आठ के करो या मरो वाले मुकाबले ने परिस्थितियों में काफी बदलाव कर दिया है। सैमसन ने पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे अब सभी का ध्यान अभिषेक की फॉर्म पर केंद्रित हो गया है। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को पूरे टूर्नामेंट में लय हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा है। अपने पिछले छह मैचों में उन्होंने क्रमशः 0, 0, 0, 15, 10 और 9 रन बनाए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक को छोड़कर उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद सैमसन ने कहा हम अपने सभी खिलाड़ियों का ध्यान रख रहे हैं। जीजी (मुख्य कोच गौतम गंभीर) भाई और सूर्या (कप्तान सूर्यकुमार) को अभिषेक पर पूरा भरोसा है।

### सैमसन 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' की दौड़ में

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का नाम उन आठ खिलाड़ियों में शामिल किया है जिन्हें टी20 विश्व कप के ''प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट'' के लिए नामित किया गया है। जिन अन्य खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है उनमें इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और कप्तान एडन मार्क्रम, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र और बल्लेबाज टिम सीफर्ट और अमेरिकी गेंदबाज शैडली वैन शाल्कविक शामिल हैं।

सैमसन को टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन पिछले दो मैच में उन्होंने शानदार पारियां खेली हैं।

# मानसिक रूप से मजबूत सैमसन अब हो चुका परिपक्व : शास्त्री

मुंबई, एजेंसी

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने संजू सैमसन के मानसिक दृढ़ता की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस अनुभवी बल्लेबाज ने मौजूदा टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन में निरंतरता और बेहतर शॉट चयन की जरूरत को समझते हुए अपनी परिपक्वता साबित कर दी है।

सलामी बल्लेबाज सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 42 गेंदों में 89 रन बनाकर भारत को गुरुवार को सात रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई थी।

शास्त्री ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा मुझे लगता है कि आखिरकार उन्हें यह अहसास हो रहा है और वह इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्हें अपने प्रदर्शन में अधिक



निरंतरता की जरूरत है। उन्हें अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपने मजबूत पक्षों पर भरोसा करना होगा। संजू के साथ दिक्कत यह है कि उनके पास हर तरह के शॉट हैं, लेकिन एकाग्रता में कमी है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वह मानसिक रूप से मजबूत हो गया है। जब से वह टीम में आया है तब से किसी ने भी उसकी काबिलियत या प्रतिभा पर शक नहीं किया। लोग इस बात से निराश हैं कि उनके प्रदर्शन में अब तक जो निरंतरता दिखनी चाहिए थी वह नहीं दिख रही है। लेकिन अब वह परिपक्व हो गया है। फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा। सैमसन के सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा की फॉर्म फाइनल से पहले भारत के लिए चिंता का विषय है। अभिषेक टी20 विश्व कप में सात पारियों में केवल 89 रन ही बना पाए हैं, लेकिन शास्त्री का मानना है कि भारत को टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज को ही मौका देना चाहिए।

शास्त्री ने कहा मुझे लगता है कि उन्हें टीम में बनाए रखना चाहिए। टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है और उसमें किसी तरह के बदलाव की जरूरत नहीं है। टीम को अपनी क्षमता, अपने मजबूत पक्षों पर भरोसा करना चाहिए। उसे बेखौफ होकर खेलना चाहिए।

# मेसी ने ट्रंप को भेंट की रत्नजड़ित फुटबॉल

वाशिंगटन, एजेंसी



दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने पिछले साल मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप जीतने पर इंटर मियामी को सम्मानित करने के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल भेंट की।

इंटर मियामी ने दिसंबर में वैंकूवर व्हाइटकैप्स को हराकर मेजर लीग सॉकर का खिताब जीता था। अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेसी को लगातार दूसरे सत्र में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) चुना गया था। ट्रंप ने कहा लियो (मेसी) आप टीम से जुड़े और आपकी टीम ने जीत हासिल की। आपके लिए अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं था। सच कहूं तो आप पर जितना दबाव था, उतना किसी को पता भी नहीं होगा, क्योंकि उम्मीद की जा रही थी कि आप जीत दिलाने में सफल रहेंगे और आपने ऐसा किया। मेसी ने ट्रंप के साथ समारोह में प्रवेश किया। वर्ष 2023 में मियामी से जुड़ने वाले मेसी ने कार्यक्रम के दौरान भाषण नहीं दिया। ट्रंप ने मेसी को संबोधित करते हुए कहा आप दुनिया में कहीं भी जा सकते थे। आप दुनिया की कोई भी टीम चुन सकते थे, लेकिन आपने मियामी को चुना। मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि आपने हम सभी को इस सफर में शामिल किया। आप प्रतिभाशाली और एक बेहतरीन इंसान हैं।

### भारत के पास हर नंबर पर बेहतरीन बल्लेबाज : ब्रूक

**मुंबई।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक ने जसप्रीत बुमराह की जमकर तारीफ करते हुए भारत के इस तेज गेंदबाज को वर्तमान समय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज करार दिया। बुमराह ने टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल के आखिरी ओवरों में सटीक यॉर्करों की बौछार से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को हतप्रभ कर दिया। ब्रूक ने कहा उनको हराना आसान नहीं है। उनके पास हर नंबर पर बहुत अच्छे बल्लेबाज हैं। उनके पास कुछ बेहद अच्छे बल्लेबाज हैं और वे सटीक शॉट लगाते हैं। अगर आप थोड़ा सा भी चूक जाते हैं, तो छक्का या चौका लग जाता है। दुर्भाग्य से हमने उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जितना हम कर सकते थे।



खुशी के पल

बोले- मुझे लगा कि पूरे मैच के दौरान गेंद कर रही थी मेरा पीछा

# ब्रूक का कैच लेकर आनंद आया : अक्षर पटेल

मुंबई, एजेंसी

भारतीय उप कप्तान अक्षर पटेल ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड की सात रन की रोमांचक जीत में बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का शानदार नमूना पेश किया और उन्होंने कहा कि इस पूरे मैच के दौरान ऐसा लग रहा था मानो गेंद उनका पीछा कर रही हो।

भारत में सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले 13 कैच छोड़े थे लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ उसके क्षेत्ररक्षकों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

अक्षर पटेल ने खेल के दो अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण चरणों में खतरनाक हैरी ब्रुक और विल जैक्स को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अक्षर ने कवर पोजीशन से 24 मीटर पीछे दौड़कर शानदार कैच लेकर ब्रूक को पवेलियन भेजा। इसके बाद अर्शदीप सिंह की वाइड फुल टॉस गेंद को जैक्स ने डीप पॉइंट की ओर खेला। अक्षर ने अपनी बाईं ओर दौड़कर गेंद को लपका लेकिन सीमा रेखा पर संतुलन नहीं बना पाने के कारण उन्होंने उसे शिवम दुबे की तरफ उछाल दिया। अक्षर ने कहा, ''''जब मैंने हैरी ब्रूक का कैच लिया तो वह बहुत अच्छा कैच था। वह मुश्किल कैच था। लेकिन अगर आप मैच की स्थिति और इंग्लैंड के बल्लेबाजों की बल्लेबाजी को देखें तो विल जैक्स का कैच बहुत महत्वपूर्ण था जिससे उनकी साझेदारी टूट गई। उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे फील्डिंग के लिहाज से पूछें तो हैरी ब्रूक का कैच ज्यादा मुश्किल था। (हंसते हुए) आज मुझे लगा कि गेंद मेरा पीछा कर रही है। अक्षर ने तब जैक्स को आउट करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जब वह जैकब बेथेल के साथ मिलकर साझेदारी निभा रहे थे। अक्षर को बीच में दो मैच में बाहर रखा गया लेकिन इस ऑलराउंडर को पूरा भरोसा है कि वह फाइनल में खेलेंगे।



उन्होंने कहा मुझे लगता है इसीलिए मैंने वे दो मैच नहीं खेले (क्योंकि मुझे फाइनल खेलना था)। यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिसका मैं इतने वर्षों से इंतजार कर रहा था कि आप अपने परिवार के सामने घरेलू मैदान पर मैच खेलें। यह बहुत गर्व का क्षण होता है। मेरा बेटा पहली बार मुझे मैदान पर खेलते हुए देखेगा और यह कुछ ऐसा है जिस पर मुझे बहुत गर्व है।

### अक्षर भारत के महानतम खिलाड़ियों में शामिल होने की राह पर : गावस्कर

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अक्षर पटेल क्रिकेट के हर विभाग में अपने शानदार कौशल और क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ रखने के कारण भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर हैं जिसकी एक बानगी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में देखने को मिली जिसमें उन्होंने अपनी शानदार फील्डिंग से प्रभावित किया। अक्षर ने खेल के दो अलग-अलग पर महत्वपूर्ण चरणों में खतरनाक हैरी ब्रूक और विल जैक्स को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अक्षर ने कवर पोजीशन से 24 मीटर पीछे दौड़कर शानदार कैच लेकर ब्रूक को पवेलियन भेजा। इसके बाद अर्शदीप सिंह की वाइड फुल टॉस गेंद को जैक्स ने डीप पॉइंट की ओर खेला। अक्षर ने अपनी बाईं ओर दौड़कर गेंद को लपका लेकिन सीमा रेखा पर संतुलन नहीं बना पाने के कारण उन्होंने उसे शिवम दुबे की तरफ उछाल दिया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा अक्षर ने ब्रूक का जो कैच लिया वह अविश्वसनीय था। ब्रूक मैच का रुख बदल सकते हैं और उनका विकेट हासिल करने का हर मौका भुनाना चाहिए। अक्षर ने वही किया। वह 24 मीटर दौड़े, गेंद पर नजर रखी, खुद पर नियंत्रण बनाए रखा और कैच लपक लिया। अविश्वसनीय। उन्होंने कहा विल जैक्स को आउट करने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। बेथेल और जैक्स की साझेदारी मैच को इंग्लैंड के पक्ष में कर रही थी। पर अक्षर ने गेंद पकड़ी और चतुराई दिखाकर उसे शिवम दुबे के पास पहुंचा दिया। इससे उनकी क्रिकेट की समझ और अच्छी सूझबूझ का पता चलता है। आपकी सूझबूझ और जज्बा ही महान खिलाड़ियों को अन्य खिलाड़ियों से अलग करता है।